श्री
कुलजम सरूप

निजनाम श्री जी साहिब जी, अनादि अछरातीत ।
सो तो अब जाहेर भए, सब विध वतन सहीत ।।

❖ किरंतन ❖

राग श्री मारू

पेहेले आप पेहेचानो रे साधो, पेहेले आप पेहेचानो ।
बिना आप चीन्हें पारब्रह्म को, कौन कहे मैं जानो ।।१।।
पीछे ढूंढ़ो घर आपनों, कौन ठौर ठेहेरानो ।
जब लग घर पावत नहीं अपनों, सो भटकत फिरत भरमानो ।।२।।
पांच तत्व मिल मोहोल रच्यो है, सो अंत्रीख[1] क्यों अटकानो ।
याके आस पास अटकाव नहीं, तुम जाग के संसे भानो ।।३।।
नींद उड़ाए जब चीन्होंगे आपको, तब जानोगे मोहोल यों रचानो ।
तब आपै घर पाओगे अपनों, देखोगे अलख लखानो ।।४।।
बोले चाले पर कोई न पेहेचाने, परखत नहीं परखानों ।
महामत कहे माहें पार खोजोगे, तब जाए आप ओलखानो ।।५।।

।।प्रकरण।।१।।चौपाई ।।५।।

१. अधर में ।

राग श्री मारू

बिंद में सिंध समाया रे साधो, बिंद में सिंध समाया ।
त्रिगुन सरूप खोजत भए विस्मय, पर अलख न जाए लखाया ।।१।।

वेद अगम केहे उलटे पीछे, नेत नेत कर गाया ।
खबर न परी बिंद उपज्या कहां थें, ताथें नाम निगम धराया ।।२।।

असत मंडल में सब कोई भूल्या, पर अखंड किने न बताया ।
नींद का खेल खेलत सब नींद में, जाग के किने न देखाया ।।३।।

सुपन की सृष्ट वैराट सुपन का, झूठे साँच ढँपाया ।
असत आपे सो क्यों सत को पेखे, इन पर पेड़ न पाया ।।४।।

खोजी खोजे बाहेर भीतर, ओ अंतर बैठा आप ।
सत सुपने को पारथीं पेखे, पर सुपना न देखे साख्यात ।।५।।

भरम की बाजी रची विस्तारी, भरमसों भरम भरमाना ।
साध सोई तुम खोजो रे साधो, जिनका पार पयाना ।।६।।

मृगजलसों जो त्रिखा भाजे, तो गुर बिना जीव पार पावे ।
अनेक उपाय करे जो कोई, तो बिंद का बिंद में समावे ।।७।।

देत देखाई बाहेर भीतर, ना भीतर बाहेर भी नाहीं ।
गुर प्रसादें अंतर पेख्या, सो सोभा बरनी न जाई ।।८।।

सतगुर सोई मिले जब सांचा, तब सिंध बिंद परचावे ।
प्रगट प्रकास करे पार ब्रह्म सों, तब बिंद अनेक उड़ावे ।।९।।

महामत कहे बिंद बैठे ही उड़या, पाया सागर सुख सिंध ।
अछरातीत अखण्ड घर पाया, ए निध पूरब सनमंध ॥१०॥

।।प्रकरण।।२।।चौपाई।।१५।।

राग केदारो

साधो भाई चीन्हो सब्द कोई चीन्हो

ऐसो उत्तम आकार तोकों दीन्हों, जिन प्रगट प्रकास जो कीन्हों ।।१।।

मानखें देह अखण्ड फल पाइए, सो क्यों पाए के वृथा गमाइए ।
ए तो अधखिन को अवसर, सो गमावत मांझ नींदर ।।२।।

सब्दा कहे प्रगट प्रवान, सब्दा सतगुरसों करावे पेहेचान ।
सतगुर सोई जो अलख लखावे, अलख लखे बिन आग न जावे ।।३।।

सास्त्र ले चले सतगुर सोई, बानी सकल को एक अर्थ होई ।
सब स्यानों की एक मत पाई, पर अजान देखे रे जुदाई ।।४।।

सास्त्रों में सबे सुध पाइए, पर सतगुर बिना क्यों लखाइए ।
सब सास्त्र सब्द सीधा कहे, पर ज्यों मेर[1] तिनके आड़े रहे ।।५।।

सो तिनका मिटे सतगुर के संग, तब पारब्रह्म प्रकासे अखंड ।
सतगुरजी के चरन पसाए, सब्दों बड़ी मत समझाए ।।६।।

तब खोज सब्द को लीजे तत्व, तौल देखिए बड़ी केही मत ।
जासों पाइए प्रान को आधार, सो क्यों सोए गमावे रे गमार ।।७।।

यामें बड़ी मत को लीजे सार, सतगुर याहीं देखावें पार ।
इतहीं बैकुंठ इतहीं सुन्य, इतहीं प्रगट पूरन पारब्रह्म ।।८।।

ए बानी गरजत मांझ संसार, खोजी खोज मिटावे अंधार ।
मूढ़मती न जाने विचार, महामत कहें पुकार पुकार ।।९।।

।।प्रकरण।।३।।चौपाई।।२४।।

राग श्री गौड़ी

साधो हम देख्या बड़ा तमासा

विश्व देख भया मैं विस्मय, देख देख आवत मोहे हासा ।।१।।

मेरी मेरी करते दुनी जात है, बोझ ब्रह्मांड सिर लेवे ।
पाउ पलक का नहीं भरोसा, तो भी सिर सरजन को न देवे ।।२।।

सिर ले काम करे माया को, निसंक पछाड़े आप अंग ।
न करे भजन दोष देवें सांई को, कहे दया बिना न होवे साध संग ।।३।।

१. मेरू पर्वत ।

बांधत बंध आपको आपे, न समझे माया को मरम ।
अपनों कियो न देखे अंधे, पीछे रोवें दोष दे दे करम ।।४।।

समझे साध कहावें दुनी में, बाहेर देखावें आनंद ।
भीतर आग जले भरम की, कोई छूट न सके या फंद ।।५।।

परत नहीं पेहेचान पिंड की, सुध न अपनों घर ।
मुखथें कहे मोहे संसे मिट्या, मैं देखे साध केते या पर ।।६।।

साध सुने मैं देखे केते, अगम कर कर गावें ।
नेहेचे जाए करें निराकार, या ठौर चित ठेहेरावें ।।७।।

जो न कछू गाम नाम न ठाम, सो सत सांई निराकार ।
भरम के पिंड असत जो आपे, सो आप होत आकार ।।८।।

जिन मंडल ए मांडे मंडप, थोभ न थंभ न बंध ।
वाको नाहीं केहेत क्यों साधो, ए रच्यो किन कौन सनंध ।।९।।

जिन सायर[1] खनाए पहाड़ चुनाए, रवि ससि नखत्र फिराए ।
फिरत अहनिस रंग रूत फिरती, ऐसे अनेक वैराट बनाए ॥१०॥

जिन खिनमें तत्व पाँच समारे, नास करे खिन मांहीं ।
ए कहाँ से उपाय कहाँ ले समाए, ए विचारत क्यों नांहीं ॥११॥

सतगुर साधो वाको कहिए, जो अगम की देवे गम ।
हद बेहद सबे समझावे, भाने मनको भरम ॥१२॥

महामत कहे गुर सोई कीजे, जो अलख की देवे लख ।
इन उलटी से उलटाए के, पिया प्रेमें करे सनमुख ॥१३॥

।।प्रकरण।।४।।चौपाई।।३७।।

राग श्री केदारो

सुनो रे सतके बनजारे, एक बात कहूं समझाई ।
या फंद बाजी रची माया की, तामें सब कोई रह्या उरझाई ।।१।।

१. सागर, समुद्र ।

आंटी आन के फांसी लगाई, वे भी उलटीऐं दई उलटाई ।
बंध पर बंध दिए बिध बिध के, सो खोली किनहूं न जाई ।।२।।

चौदे भवन लग एही अंधेरी, झूठे को खेल झुठाई ।
प्रगट नास व्यास पुकारे, सुकदेव साख पुराई ।।३।।

लोक लाज मरजादा छोड़ी, तब ग्यान पदवी पाई ।
एक आग ज्यों छोटी बुझाई, त्यों दूजी मोटी लगाई ।।४।।

कोट सेवक करो नाम निकालो, इष्ट चलाओ बड़ाई ।
सेवा कराओ सतगुर केहेलाओ, पर अलख न देवे लखाई ।।५।।

अब छोड़ो रे मान गुमान ग्यान को, एही खाड़ बड़ी भाई ।
एक डारी त्यों दूजी भी डारो, जलाए देओ चतुराई ।।६।।

सास्त्र पुरान भेख पंथ खोजो, इन पैडों में पाइए नाहीं ।
सतगुर न्यारा रहत सकल थें, कोई एक कुली में कांही ।।७।।

सत चाहो सो सब्दा चीन्हो, सो आप न देवे देखाई ।
जिन पाया तिन मांहें समाया, राखत जोर छिपाई ।।८।।

सुध सबे पाइए सब्दों से, जो होवे मूल सगाई ।
खिन एक बिलम न कीजे तब तो, लीजे जीव जगाई ।।९।।

पर मनुआ दिए बिन हाथ न आवे, सत की बड़ी ठकुराई ।
और उपाय याको कोई नाहीं, जिन देवे आप बड़ाई ॥१०॥

महामत कहें सावचेत होइयो, मिल्या है अंकूरों आई ।
झूठी छूटे साँची पाइए, सतगुर लीजे रिझाई ॥११॥

।।प्रकरण।।५।।चौपाई।।४८।।

राग गौड़ी

भाई रे बेहद के बनजारे, तुम देखो रे मनुए का खेल ।
ए सब आग बिना दीया जले, याको रूई न बाती तेल ।।१।।

चारों तरफों चौदे लोकों, बैकुंठ लग पाताल ।
फूल पात फल नहीं या द्रखत को, काष्ट त्वचा मूल न डाल ।।२।।
देत देखाई तत्व पाँचों, मिल रचियो ब्रह्मांड ।
जिन से उपजे सो कछुए नाहीं, आप न पोते पिंड ।।३।।
नहीं पिंड पोते हाथ पांउ भी नाहीं, नाटक नाच देखावे ।
मुख न जुबाँ कछू नहीं याको, और बानी विविध पेरे गावे ।।४।।
आतम नारायन नाचत बुध ब्रह्मा, निस दिन फिरे नारद मन ।
वैराट नटवा नाचत विध विध सों, नचवत व्यास करम ।।५।।
ए मनुए की बाजी बाजी में मनुआ, जुदे जुदे खेल खेलावे ।
बरना बरन खेलत सब ऐसे, नए नए स्वांग बनावे ।।६।।
पारब्रह्म तो पूरन एक है, ए तो अनेक परमेस्वर कहावें ।
अनेक पंथ सब्द सब जुदे जुदे, और सब कोई सास्त्र बोलावे ।।७।।
रब्द करे औरन को निंदे, आपको आप बढ़ावे ।
ग्यान कथे गुन गाए आपके, होहोकार मचावे ।।८।।
दुबधा दिल में अवगुन ढूंढ़े, गुन चितसों न लगावें ।
भटकत फिरे भरम में भूले, अंग में आग धखावें ।।९।।
केते आप कहावें परमेश्वर, केते करत हैं पूजा ।
साध सेवक होए आगे बैठे, कहें या बिन कोई नहीं दूजा ॥१०॥
सास्त्र सब्द को अर्थ न सूझे, मत लिए चलत अहंकार ।
आप न चीन्हें घर न सूझे, यों खेलत मांझ अंधार ॥११॥
बाजी एक देखाऊं दूजी, जो खेलत हैं उजियारे ।
भेख बनाए के नाचत सनमुख, एक ठाट लिए चारे ॥१२॥
आतम विष्णु नाचत बुध सनतजी[1], गोकुल ग्रह्यो सिव मन ।
करम सुकदेव नाचत नचवत, गावत प्रगट वचन ॥१३॥

१. ब्रह्माजी के मानसिक पुत्र।

ए सब खेल करत है मनुआ, भाँत भाँत रिझावे ।
ब्रह्मवासना कोई पारथीं पेखे, सो भी दृष्ट मुरछावे ॥१४॥
इस मनुए को कोई न पेहेचाने, जो तुम सकल मिलो संसार ।
सब कोई देखे यामें मनुआ, या मनुआ में सब विस्तार ॥१५॥
बोहोत पुकार करूं किस खातिर, ए सब सुपन सरूप ।
बेहद बनज[1] का होएगा साथी, सो एक लवे होसी टूक टूक ॥१६॥
महामत ए सनमंधे पाइए, ऐसा अखण्ड सुख अपार ।
गुर प्रसादें नाटक पेख्या, पाया मन मन का प्रकार ॥१७॥

॥प्रकरण॥६॥चौपाई॥६५॥

राग मारू

हो मेरी वासना, तुम चलो अगम के पार ।

अगम पार अपार पार, तहां है तेरा करार ।
तूं देख निज दरबार अपनों, सुरत एही संभार ॥१॥
तूं कहा देखे इन खेल में, ए तो पड़्यो सब प्रतिबिंब ।
प्रपंच पांचो तत्व मिल, सब खेलत सुरत के संग ॥२॥
यामें गुनी ग्यानी मुनी महंत, अगम कर कर गावें ।
सुनें सीखें पढ़ें पंडित, पार कोई न पावें ॥३॥
तूं देख दरसन पंथ पैंडे, करें किव सिध साध ।
चढ़ी चौदे सुन्य समावें, तहां आड़ी अगम अगाध ॥४॥
ए भरम बाजी रची रामत, बहु विधें संसार ।
ए जो नैन देखे श्रवन सुने, सब मूल बिना विस्तार ॥५॥
वैराट सब हम देखिया, वैकुंठ विष्णु सेखसांई ।
सुन्यथें जैसे जल बतासा, सो सुन्य मांझ समाई ॥६॥

१. व्यापार करने वाला ।

ए तूं देख नाटक निमख को, अब करे कहा विचार ।
पाउ पल में उलंघ ले, ब्रह्मांड सुन्य निराकार ।।७।।
तेरे बीच बाट घाट न तत्व कोई, तूं करे पांउं बिना पंथ ।
निरंजन के परे न्यारा, तहां है हमारा कंथ ।।८।।
अब पार सुख क्यों प्रकासिए, ए है अपनों विलास ।
महामत मनसा मिट गई, सब सुपन केरी आस ।।९।।

।।प्रकरण।।७।।चौपाई।।७४।।

राग विलावर

हो भाई मेरे वैष्णव कहिए वाको, निरमल जाकी आतम ।
नीच करम के निकट न जावे, जाए पेहेचान भई पारब्रह्म ।।१।।
इस्क लगाए पिया सों पूरा, खेले अबला होए अहनिस ।
ओ अंधे अग्यानी भरम में भूले, पर या ठौर प्रेम को रस ।।२।।
जब आतम दृष्ट जुड़ी परआतम, तब भयो आतम निवेद[1] ।
या विध लोक लखे नहीं कोई, कोई भागवंती जाने ए भेद ।।३।।
जब वैष्णव अंग किये री अपरस, और कैसी अपरसाई ।
परस भयो जाको परसोतम सों, सो बाहेर न देवे देखाई ।।४।।
अहनिस आवेस हुअडा अंग में, जैसे मद चढ़्यो महामत ।
वाकों आसा और न उपजे तृष्णा, वह एकै सों एक चित ।।५।।
उतपंन प्रेम पारब्रह्म संग, वाको सुपन हो गयो संसार ।
प्रेम बिना सुख पार को नाहीं, जो तुम अनेक करो आचार ।।६।।
साँचा री साहेब साँचसों पाइए, साँच को साँच है प्यारा ।
या वैष्णव की गत देखो रे वैष्णवो, महामत इनसे भी न्यारा ।।७।।

।।प्रकरण।।८।।चौपाई।।८१।।

१. निवेदन, समर्पण ।

राग विलावर

कहा भयो जो मुखथें कह्यो, जब लग चोट न निकसी फूट ।
प्रेम बान तो ऐसे लगत हैं, अंग होत हैं टूक टूक ।।१।।

मुख के सब्द मैं बोहोत सुने, इन भी कोई दिन किया पुकार ।
पर घायल भई सो तो कोईक कुली में, सो रहत भवसागर पार ।।२।।

वाको आग खाग बाघ नाग न डरावें, गुन अंग इंद्री से होत रहित ।
डर सकल सांमी इनसे डरपत, या विध पाइए प्रेम परतीत ।।३।।

लगी वाली और कछू न देखे, पिंड ब्रह्मांड वाको है री नाहीं ।
ओ खेलत प्रेमे पार पियासों, देखन को तन सागर माहीं ।।४।।

जो कोई ऐसे मगन होए खेले प्रेम में, तो या बिध हमको है री सेहेल ।
पर पीवना प्रेम और मगन न होना, ए सुख औरों है मुस्किल ।।५।।

ए जिन कारन किया है कारज, सो ढूंढ़ों सैयां जो पिया ने कही ।
न तो अब हीं मगन होए खेलों प्रेम में, तब तो देखन कहन सुनन तें रही ।।६।।

देखन को हम आए री दुनियाँ, हमहीं कारन कियो ए संच[1] ।
पार हमारे न्यारा नहीं, हम पार में बैठे देखे प्रपंच ।।७।।

जिन बांधे हैं भवन चौदे, सो नार[2] हमसे रहत है न्यारी ।
दुख में बैठी सुख लेवे महामति, पार के पार पिया की प्यारी ।।८।।

।।प्रकरण।।९।।चौपाई।।८९।।

राग श्री केदारो

सुनो भाई संतो कहूं रे महंतो, तुम अखंड मंडल जान पाया ।
वैष्णव बानी पूछों गुर ग्यानी, ऐसा अंधेर धंधा क्यों ल्याया ।।१।।

जिन गोकुल को तुम अखंड कहत हो, सो तुमारी दृष्टें न आया ।
सुकजी के वचन में प्रगट लिख्या है, पर तुमको किने न बताया ।।२।।

१. संचार, लीला का विस्तार । २. माया ।

जाको तुम सतगुर कर सेवो, ताको इतनी पूछो खबर ।
ए संसार छोड़ चलेंगे आपन, तब कहां है अपनों घर ।।३।।
सब्द की वस्त सो तो महाप्रले लीनी, और ठौर बताओ मोही ।
जाको सुध न आप और घर की, क्यों पार पावेगा सोई ।।४।।
कोई आप बड़ाई अपने मुख थें, करो सो लाख हजार ।
परमेश्वर होए के आप पुजाओ, पर पाओ नहीं भव पार ।।५।।
कोई सुध न पावे याकी, ऐसी माया सपरानी[1] ।
आपे प्रभु आपे सेवक, मांझे-मांझ उरझानी ।।६।।
बाहेर भेख देख भुलाने, तुम भीतर खोज न कींनी ।
भागवत वचन वल्लभी टीका, तुम याकी सुध न लींनी ।।७।।
ए तो हाथ में वस्त कहूं दूर न देखाऊं, तुम देखो खोज विचारी ।
सांच झूठ को प्रगट पारखो, कोई निकसो इन अंधारी ।।८।।
भवसागर और भागवत, याकी कुंजी एक समारी ।
ए दोऊ ताले दोऊ दरवाजे, कोई खोल न सके संसारी ।।९।।
ए संसार बड़ा है कोहेड़ा, और कोहेड़ा भागवत ।
ए दोऊ एक कुंजी से खोलूं, जो कोई देखूं आगे संत ॥१०॥
जो कोई खप[2] करे या निध की, सो नाखे आप[3] निघात ।
महामत कहे ताए अखण्ड सुख दीजे, टालिए संसारी ताप ॥११॥

।।प्रकरण।।१०।।चौपाई।।१००।।

राग श्री नट

रे हूँ नाहीं रे हूँ नाहीं सिध साध संत री भगत, नाहूं वैष्णव अपरस आचार ।
जात कुटम कुल नीच ना ऊंच, ना हूँ बरन अठार ।।१।।
रे हूँ नाहीं व्रत दया संझा अगिन कुंड, ना हूँ जीव जगन ।
तंत्र न मंत्र भेख न पंथ, ना हूँ तीरथ तरपन ।।२।।

१. विलक्षण, वल-फेरवाली । २. खोज करना, प्राप्ति की इच्छा । ३. अपने अहम् (अहंकार) का त्याग ।

रे हूँ नाहीं करामात मत अगम निगम, धरम न करम उनमान ।
सुपन सुषुप्त जाग्रत न तुरिया, तप न जप न ध्यान ।।३।।
रे हूँ नाहीं अंग इंद्री ग्यान ब्रह्मचारी, ब्रह्मांड न लगत वचन ।
रूप रंग रस धात में नाहीं, गुन पख दिवस ना रैन ।।४।।
रे हूँ नाहीं सब्द सोहं जो तत्व पांचमें, ना खट चक्र सिर पवन ।
त्रिकुटी त्रिवेनी तीनों ही काल में, ना अनहद अजपा आसन ।।५।।
रे हूँ नाहीं नवधा में मुक्त में भी नाहीं, न हूँ आवा गवन ।
वेद कतेब हिसाब में नाहीं, न मांहें बाहेर न सुंन ।।६।।
रे हूँ नाहीं न्यारा जहां हूँ तहां नजीक में, ना हूँ उनमुनी[1] आकार ।
ना हूँ दृष्टें किन सुनिया री सृष्टें, न हूँ निराकार ।।७।।
तुम सांचे सिध साध भगवत तुमको वैष्णवो, सांच सकल संसार ।
भनत महामत तुम अमर होउ याही में, मैं न कछू यामें निरधार ।।८।।

।।प्रकरण।।११।।चौपाई।।१०८।।

राग श्री गौड़ी

वचन विचारो रे मीठड़ी, वल्लभाचारज बानी ।
अर्थ लिए बिना ए रे अंधेरी, करत सबों को फानी ।।१।।
बानी गाऊँ श्री वल्लभाचारज, ज्यों वैष्णव को सुख होए ।
सत वचन बोहोत तो न कहूं, जानों दुख पावे दुष्ट कोए ।।२।।
ए बानी को टेढ़ा कहावो, ए कौन तुमारा धरम ।
वैष्णव कहाए के उलटे चलिए, ए नहीं तिनके करम ।।३।।
देखीते वैष्णव अति सुंदर, नीके बनावत भेख ।
माला तिलक धोए धोती पेहेरे, एक दूजे के देख ।।४।।
कौन तुम और कहां तें आए, और कहां तुमारा घर ।
ए कौन भोम और कहां श्री कृष्णजी, पाओगे कौन तर ।।५।।

१. ऊपर (आकाश) की ओर दृष्टि लगाकर ध्यान करने वाले ।

उत्तम भेख धरो वैष्णव के, और वैष्णव आप कहावो ।
जो वैष्णव बस करे नव अंग, सो वैष्णव क्यों न जगावो ।।६।।

तुम पांच के बांधे पांच देखत हो, पांच के चौदे भवन ।
ए पांचों प्रले हो जासी, पीछे कब ढूंढ़ोगे अपना वतन ।।७।।

ए बानी तो अपरस करे आतम, तुम अपरस करो बाहेर अंग ।
आकार अपरस किए कहा होए, इने आतम सों कैसो सनमंध ।।८।।

तुम झूठ को साजो समारो, जो झूठा होए जासी ।
सांचे सुख देवे जो सांचा, सो कबे ओलखासी ।।९।।

मांहें अंधेर और वैष्णव कहावो, ए तो बातें सब फोक ।
ज्यों धूरत नाम धरावे धनवंत, पासे नहीं दमड़ी रोक ॥१०॥

बिध न लहो विवाद करो, ना देखो वचन विचारी ।
वल्लभ बानी समझे बिना, खोवत निध तुमारी ॥११॥

अहंकारें कई जुलम करो, ना त्रास सील संतोख[1] ।
गुन अंग इंद्री के बस परे, ना देखो नजरों दोख[2] ॥१२॥

धूरत करके ल्याओ धन, खरचो मुख करो उनमाद ।
मेले मेलो मुख भाखो उछव, पातलिऐं डालो प्रसाद ॥१३॥

एक सीत जूठ को ब्रह्मा जैसा, जल में मीन होए आया ।
ए जूठ को महामत बानी देखावे, ग्वालों को चल्लू न कराया ॥१४॥

ओ हांसी ठठोली करे हरामी, ताए ले बैठो मंडली मुख ।
ए नीच करम डबोवे नरक में, पीछे छूट पाओगे कब सुख ॥१५॥

ए बानी उत्तम चढ़ावे ऊंचे, ए उलटे अधम स्वादे ।
कठिन पंथ चढ़ाए नहीं ऊंचे, पीछे नीचे दौड़े नीच वादे ॥१६॥

कुकरम करो कुटिल गत चालो, आगे पीछे चींटी हार ।
वल्लभ कुंअर कितने[3] को बरजे, कई उलटे सेवक संसार ॥१७॥

१. संतोष । २. दोष । ३. किस किस को ।

दोष नहीं इन बानी केरो, ए तो दुष्ट दासी की कमाई ।
अधम शिष्य गुर को बुरा कहावे, पर सोने न लगत स्याही ॥१८॥

ए बानी तुम नाहीं पेहेचानी, यामें बिध बिध के प्रकास ।
इन प्रकास में खेलें श्रीकृष्णजी, रमें अखंड लीला रास ॥१९॥

तुम पनधारी आतम निवेदी, बानी न देखो विचारी ।
अजूं ना मानो तो इत आओ, मैं देखाऊं लीला तुमारी ॥२०॥

वैष्णव होए सो वचन मानसी, और जो वल्लभ बानी से टलिया ।
महामत कहे सो काहे को जनम्या, गर्भ मांहें क्यों न गलिया ॥२१॥

॥प्रकरण॥१२॥चौपाई॥१२९॥

राग श्री

आज सांच केहेना सो तो काहू ना रूचे, तो भी कछुक प्रकासूं सत ।
सत के साथी को सत के बान चूभसी, दुष्ट दुखासी दुरमत[1] ।
अखंड सुख लागियो ॥१॥

वेद ने पुरान सास्त्र सब उपजे, पीछे भारथ पर्व अठार ।
दाझ न मिटी तिन व्यास की, पीछे उदयो भागवत सार ॥२॥

ए सुख की सागर सत बानी प्रगटी, सो लई साधों विचार ।
अधिक अमृत सुकें सींचिया, तिन देखाए दरवाजे पार ॥३॥

भले या जुग में आचारज प्रगटे, जिन चरची सुकजी की बान ।
धंन धंन टीका श्री वल्लभी, इन प्रेम प्रकास्यो परमान ॥४॥

आए मिलो रे वैष्णव पारखी, तुम देखियो विचारी सब अंग ।
टीका वल्लभी बानी सुकदेव की, ताके एक अखर को न कीजे भंग ॥५॥

इत वृन्दावन रासलीला रातडी अखंड, खेलें पिउ गोपी जन ।
तो ऊधव संदेसे किन पर लाइया, कहो किनने किए रूदन ॥६॥

१. कुबुद्धि, दुर्बुद्धि ।

इत रात अखण्ड सो तो टाली न टले, भी कह्या आगे ऊग्या रे दिन ।
सखियां पिउ उठे सब घर से, ए घर कौन रे उतपन ।।७।।

बृज अखंड ब्रह्मांड में हुआ, विचार देखो रे बुधवंत ।
एक रंचक न राखी चौदे लोक की, महाप्रले कह्यो ऐसो अंत ।।८।।

बृज ने रास अखण्ड कहे प्रगट, सो तो नित नित नवले रंग ।
एक रंचक रहे जो ब्रह्मांड की, तो टीका को होवे रे भंग ।।९।।

रात दिन अखण्ड कहे बृज में, दिन नाहीं वृन्दाबन रास ।
रात अखण्ड लीला खेलहीं, दोऊ कैसे अखण्ड विलास ॥१०॥

बृज रास लीला दोऊ नित कही, खेलें दोऊ लीला बाल किसोर ।
तो मथुरा आए कंस किनने मारया, ए कौन भई तीसरी लीला और ॥११॥

कहो के भूल्या टीका करता, के भूले तुम अर्थ ।
सो जुबां काटिए जो टीका को टेड़ा कहे, तुम भूले करत अनर्थ ॥१२॥

तुम आंकड़ी न पाई इत अखण्ड कह्या, तोए न खुले रे द्वार ।
तुम समझे नहीं बानी सुकदेव की, तो हिरदे रह्यो रे अंधकार ॥१३॥

अर्थ टीका का जो तुम पाया होता, तो अंधेर को होत नास ।
अनेक ब्रह्मांड जाके पलथें उपजे, ताको देखत इत उजास ॥१४॥

तुमको बल[1] जो खुल्या होता इन बानी का, तो भटकत नहीं रे भरम ।
इतथें देखो अखंड लीला प्रगट, तब समझत माया को मरम ॥१५॥

तुम सब मिल दौड़े अखंड सुखको, सुन प्रेम टीका के वचन ।
अर्थ पाए बिना प्रेमें ले पटके, कहूं उलटाए दिए रे अगिन ॥१६॥

इन बृज रैन को ब्रह्मा बोहोत तलफया, पर पाई नहीं रे निरवान ।
सो सुखें तुम कैसे पाओगे, देखो अपनी चाल के निसान ॥१७॥

ए झूठा भवजल अथाह कह्या, ताको पार न पायो किन क्यांहें ।
याको गौपद बच्छ गोपी कर निकसी, सो पार जाए मिलियां अखंड मांहें ॥१८॥

१. भेद ।

अब केता कहूं तुमकों जाहेर, ए अर्थ प्रगट कह्यो न जाए ।
निघात डारे छोड़ लज्या अहंकार, नेहेचल सुख दीजे रे ताए ॥१९॥

ए प्रकास विचार तुम देख्या नाहीं, तुम वैभवें लगे रे विलास ।
अब महामत कहे जोत उद्दोत भई, ताको इत आए देखो रे उजास ॥२०॥

॥प्रकरण॥१३॥चौपाई॥१४९॥

राग सोरठ

धनी न जाए किनको धूत्यो, जो कीजे अनेक धुतार ।
तुम चैन[1] ऊपर के कई करो, पर छूटे न क्यों ए विकार ॥१॥

कोई बढ़ाओ कोई मुड़ाओ, कोई खैंच काढ़ो केस ।
जोलों आतम न ओलखी, कहा होए धरे बहु भेस ॥२॥

चार बेर चौका देओ, लकड़ी जलाओ धोए जल ।
अपरस करो बाहेर अंग को, पर मन ना होए निरमल ॥३॥

सात बेर अस्नान करो, पेहेनो ऊंन उत्तम कामल ।
उपजो उत्तम जात में, पर जीवड़ा न छोड़े बल ॥४॥

सौ माला वाओ गले में, द्वादस करो दस बेर ।
जोलों प्रेम न उपजे पिउ सों, तोलों मन न छोड़े फेर ॥५॥

तान मान कई रंग करो, अलापी करो किरंतन ।
आप रीझो औरों रिझाओ, पर बस न होए क्यों ए मन ॥६॥

उच्छव करो अंनकूट का, विविध करो प्रसाद ।
पर निकट न आवें नाथ जी, पीछे सब मिल करो स्वाद ॥७॥

सीखो सबे संस्कृत, और पढ़ो सो वेद पुरान ।
अर्थ करो द्वादस के, पर आप न होए पेहेचान ॥८॥

साधो सबे जोगारंभ, अनहद अजपा आसन ।
उड़ो गड़ो चढ़ो पांच में, आखिर सुन्य न छोड़ी किन ॥९॥

१. चरित्र, दिखावा ।

आगम भाखो मन की परखो, सूझे चौदे भवन ।
मृतक को जीवत करो, पर घर की न होवे गम ॥१०॥
सतगुर सोई जो आप चिन्हावे, माया धनी और घर ।
सब चीन्ह परे आखिर की, ज्यों भूलिए नहीं अवसर ॥११॥
ए पेहेचाने सुख उपजे, सनमंध धनी अंकूर ।
महामत सो गुर कीजिए, जो यों बरसावे नूर ॥१२॥
॥प्रकरण॥१४॥चौपाई॥१६१॥

राग श्री

पतित सिरोमन यों कहे ।
जो मैं किए हैं बज्रलेप[1], मेरे साहेब सों द्वेष ॥टेक ॥१॥
पतित मेरे आगे कौन कहावे, मैं कोई न देख्या रे पतीत ।
ए सब कोई साध चलत हैं सीधे, जो देखिए अपनी रीत ॥२॥
दुनियां सकल चलत है पैंडे, जो साध बड़ों ने बताया ।
उलटा कोई नहीं रे यामें, पतित किने न केहेलाया ॥३॥
उलटा एक चलत हों यामें, मैं छोड़ी दुनियां की राह ।
तोड़ी मरजाद बिगड़या विश्व थें, मैं तो पतितन को पातसाह ॥४॥
सूर जैसे पतित कहावे, और की सोभा आप देवे ।
ओ अंधा राँक गरीब साध जो, सो क्या रे पतीती लेवे ॥५॥
नामधारी पतित जो हुते, जिन जुध जगपति सों किए ।
जगपति जग में बड़ा जोरावर, तिन मार चरन तले लिए ॥६॥
या जग में ए क्या रे पतीती, कोई न पोहोंच्या पार ।
बोहोत दौड़े सो सुन्य तोड़ी, आड़ी पड़ी निराकार ॥७॥
मैं उलटाए आतम जुगतें जगाई, पार की तरफ फिराई ।
सुन्य निराकार पार परआतम, मैं ता पर दृष्ट चढ़ाई ॥८॥

१. अमिट गुनाह ।

अगम के पार जो अलख कहावे, मैं तिनसों जाए जुध लिया ।
इहाँ लग और सब्द नहीं सीधा, सो प्रगट पकड़ के किया ।।९।।
इन आतम को घर एही अछर है, ए तो पारब्रह्म परखाया ।
ए जुध जीत्या मैं सेहेजे, सतगुर जी की दया ॥१०॥
अब अछर के पार मैं जुध बनाऊँ, सकल आउध अंग साजुं ।
प्रेम की सैन्या प्रगट चलाऊँ, कंठ अछरातीत मिलाऊँ ॥११॥
पतित ऐसी पुकार न कीजे, पर मोको इन चोटें अगिन लगाई ।
बोहोत बरस मैं राखी अंदर, अब तो ढाँपी न जाई ॥१२॥
पार के पार पार जाए पोहोंच्या, जीवत अखण्ड सुख पाया ।
पतितन के सिर महामत मुकुट मनि, जिन ए जुध जग में लखाया ॥१३॥

।।प्रकरण।।१५।।चौपाई।।१७४।।

राग श्री

दुख रे प्यारो मेरे प्रान को ।
सो मैं छोड़यो क्यों कर जाए, जो मैं लियो है बुलाए ।। टेक ।।१।।
इन अवसर दुख पाइए, और कहा चाहियत है तोहे ।
दुख बिना चरन कमल को, सखी कबहूं न मिलिया कोए ।।२।।
जिन सुख पिउजी ना मिले, सो सुख देऊं रे जलाए ।
जिन दुख मेरा पिउ मिले, मैं सो दुख लेऊं बुलाए ।।३।।
दुख तो हमारो आहार है, औरन को दुख खाए ।
दुख के भागे सब फिरें, कोई विरला साध निबाहे[1] ।।४।।
दुख को निबाहू ना मिले, और सुख को तो सब ब्रह्मांड ।
इन झूठे दुख थें भाग के, खोवत सुख अखण्ड ।।५।।
दुख की प्यारी प्यारी पिउ की, तुम पूछो वेद पुरान ।
ए दुख मोही को भला, जो देत हैं अपनी जान ।।६।।

१. निभाने वाला ।

ता कारन दुख देत हैं, दुख बिना नींद न जाए ।
जिन अवसर मेरा पिउ मिले, सो अवसर नींद गमाए ।।७।।

नींद बुरी या भरम की, भरम तो भई आड़ी पाल ।
वह दुख देत जलाए के, जो आड़ी भई अपने लाल ।।८।।

नींद निगोड़ी ना उड़ी, जो गई जीव को खाए ।
रात दिन अगनी जले, तब जाए नींद उड़ाए ।।९।।

इन सुपने के दुख से जिन डरो, दुख बदले सत सुख ।
अपने मासूक सों नेहड़ा, तोको देयगो बनाए के दुख ।।१०।।

ता सुख को कहा कीजिए, जो देखलावे धरम राए ।
मैं वह दुख मांगो पिउपें, पिउ सों पल पल रंग चढ़ाए ।।११।।

दुख सब सुपनों हो गयो, अखण्ड सुख भोर भयो ।
महामत खेले अपने लाल सों, जो अछरातीत कह्यो ।।१२।।

।।प्रकरण।।१६।।चौपाई।।१८६।।

राग श्री

सखी री आतम रोग बुरो लग्यो, याको दारू[1] ना मिले तबीब[2] ।
चौदे भवन में न पाइए, सो हुआ हाथ हबीब[3] ।।१।।

आतम रोग कासों कहिए, जिन पीठ दई परआतम ।
ए रोग क्यों ए ना मिटे, जो लों देखे ना मुख ब्रह्म ।।२।।

सो हबीब क्यों पाइए, कई कर कर थके उपाए ।
सास्त्र देखे सब सब्द, तिन दुख दिया बताए ।।३।।

सखी ताथें दुख प्यारो लग्यो, अंदर देखो विचार ।
सो दुख कैसे छोड़िए, जासों पाइए पिउ मनुहार ।।४।।

दुनी के सुख दिए मैं तिनको, जो कोई चाहे सुख ।
जिनसे मेरा पिउ मिले, मैं चाहूं सोई दुख ।।५।।

१. दवाई । २. वैद्य, हकीम । ३. प्यारा (प्रियतम धाम धनी) ।

दुख प्यारो है मुझ को, जासों होए पिउ मिलन ।
कहा करूं मैं तिन सुख को, आखिर जित जलन ।।६।।

बड़ी मत के जो धनी कहे, होए गए जो आगे ।
तिन भी धनी मिलन को, दुख धनी पें माँगे ।।७।।

जब बिछोहा धनी का, तब दुख में धनी विलास ।
उन दुख के विलास में, पोहोंचाए देत धनी आस ।।८।।

कहा करूं तिन सुख को, जिन से होइए निरास ।
ए झूठा सुख है छल का, सो देत माया की फांस ।।९।।

दुख से पिउजी मिलसी, सुखें न मिलिया कोए ।
अपने धनी का मिलना, सो दुखै से होए ॥१०॥

दुख बड़ो पदारथ, जो कोई जाने ए ।
ताथें सुख को छोड़ के, दुख ले सके सो ले ॥११॥

रात दिन दुख लीजिए, खाते पीते दुख ।
उठते बैठते दुख चाहिए, यों पिउ सों होइए सनमुख ॥१२॥

इन दुख से कोई जिन डरो, इन दुख में पिउ को सुख ।
जो चाहत हैं सुख को, आखिर तिन में दुख ॥१३॥

दुख बिना न होवे जागनी, जो करे कोट उपाए ।
धनी जगाए जागहीं, ना तो दुख बिना क्यों ए न जगाए ॥१४॥

दुख खाना दुख पीवना, दुखै हमारो आहार ।
दुनियां को दुख खात है, तो दुख थें भागत संसार ॥१५॥

दुखतें विरहा उपजे, विरहे प्रेम इस्क ।
इस्क प्रेम जब आइया, तब नेहेचे मिलिए हक ॥१६॥

दुख सोभा दुख सिनगार, दुखै को सब साज ।
दुख ले जाए धनी पे, इन सुख तें होत अकाज ॥१७॥

तो दुख सारों ने मांगया, बड़ी मत वालों ने जाग ।
दुख तें अपने पिउ का, आवत विरह वैराग ॥१८॥

दुख बस्तर दुख भूखन, दुख थें निरमल देह ।
जो दुख प्यारो जीव को लगे, तो उपजे सत सनेह ॥१९॥

दुख दावानल काटत, और काटत सकल विकार ।
दुख काटत मूल माया को, बढ़े नहीं विस्तार ॥२०॥

दुख दसो द्वार भेदया, और दुख भेदयो रोम रोम ।
यों नख सिख दुख प्यारो लगे, तो कहा करे छल भोम ॥२१॥

सुख माया को मूल है, सो चाहे बढ़यो विस्तार ।
तिन साधो सुख तजिया, वास्ते अपने करतार ॥२२॥

बारीक बातें दुख की, जो कदी लगे मिठास ।
तो टूट जात है ए सुख, होत माया को नास ॥२३॥

ए दुख बातें सोई जानहीं, जाको आई वतन खुसबोए ।
ए दुख जानें अर्स अंकूरी, माया जीव न जाने कोए ॥२४॥

जो माया मोह थें उपजे, सो क्या जाने दुख के सुख ।
जो माया को सुख जानहीं, ताथें हुए बेमुख ॥२५॥

कुरान पुरान मैं देखिया, कही दुख की बड़ाई ।
साध बड़ों बड़ाई दुख की, लड़ाए[1] लड़ाए के गाई ॥२६॥

मोल तोल ना दुख को, कोई नाहीं इन बराबर ।
जिन दुखथें धनी पाइए, ताको मोल होवे क्योंकर ॥२७॥

दुख तो मोहोंगे[2] मोल को, मैं देख्या दिल ल्याए ।
दुनियां सब भागी फिरे, कोई न सके उचाए ॥२८॥

मैं तो चाह्या सुख को, पर धनी की मुझ पर मेहेर ।
ताथे दुख फेर फेर लिया, अब सुख लागत है जेहेर ॥२९॥

१. लाड़ से, प्यार से । २. मेहेंगी, कीमती ।

जो साहेब सनकूल होवहीं, तो दुख आवे तिन ।
इन दुनियां में चाह कर, दुख ना लिया किन ॥३०॥

दुख देवे दिवानगी, स्यानप देवे उड़ाए ।
ताथें दुख कोई ना लेवहीं, सब सुख स्यानप चाहें ॥३१॥

चाहन वाले दुख के, दुनियां में ढूंढ़ देख ।
ब्रह्मांड यार है सुख का, दुख दोस्त हुआ कोई एक ॥३२॥

जाको स्वाद लग्यो कछू दुख को, सो सुख कबूं न चाहे ।
वाको सो दुख फेर फेर, हिरदे चढ़ चढ़ आए ॥३३॥

महामत कहे इन दुख को, मोल ना कियो जाए ।
लाख बेर सिर दीजिए, तो भी सर भर न आवे ताए ॥३४॥

॥प्रकरण॥१७॥चौपाई॥२२०॥

राग श्री

मैं तो बिगड़या विश्व थें बिछुरया, बाबा मेरे ढिग आओ मत कोई ।
बेर बेर बरजत हों रे बाबा, न तो हम ज्यों बिगड़ेगा सोई ॥१॥

मैं लाज मत पत दई रे दुनी को, निलज होए भया न्यारा ।
जो राखे कुल वेद मरजादा, सो जिन संग करो हमारा ॥२॥

लोक सकल दौड़त दुनियां को, सो मैं जान के खोई ।
मैं डारया घर जारया हँसते, सो लोक राखत घर रोई ॥३॥

देत दिखाई सो मैं चाहत नाहीं, जा रंग राची लोकाई ।
मैं सब देखत हूं ए भरमना, सो इनों सत कर पाई ॥४॥

मैं कहूं दुनियां भई बावरी, ओ कहे बावरा मोही ।
अब एक मेरे कहे कौन पतीजे, ए बोहोत झूठे क्यों होई ॥५॥

चित में चेतन अंतरगत आपे, सकल में रह्या समाई ।
अलख को घर याको कोई न लखे, जो ए बोहोत करे चतुराई ॥६॥

सतगुर संगे मैं ए घर पाया, दिया पारब्रह्म देखाई ।
महामत कहे मैं या विध बिगड़्या, तुम जिन बिगड़ो भाई ।।७।।

।।प्रकरण।।१८।।चौपाई।।२२७।।

राग श्री

तुम समझ के संगत कीजो रे बाबा, मुझ जैसा दिवाना न कोई ।
जाही सों लोक लज्या पावे, सो तो मोहे बड़ाई ।।१।।

मैं तो बात करूं रे दिवानी, दुनियां तो स्यानी सुजान ।
स्याने दिवाने संग क्योंकर होवे, तुम मिलियो मोहे पेहेचान ।।२।।

मैं त्रिलोकी अगिन कर देखी, दुनियां को सो सुख ।
दुनियां को अमृत होए लागी, मोहे लागत है विख ।।३।।

जब मैं मरम पायो मोहजल को, तब मैं भाग्या रोई ।
डर के उबट[1] चल्या उबाटे[2], बाट बड़ी मैं खोई ।।४।।

अहनिस डर आया मेरे अंग में, फिरया दिलडा भया दिवाना ।
भली बुरी कहे सो मैं कछू न देखूं, भागवे को मैं स्याना ।।५।।

मैं छोड़े कुटम सगे सब छोड़े, छोड़ी मत स्वांत सरम ।
लोक वेद मरजादा छोड़ी, भाग्या छोड़ सब धरम ।।६।।

ए सूरे पांऊं धरें क्यों पीछे, इनको तो लज्या लागे ।
देवें सीस सकल सुख खोवें, पर भाइयों को छोड़ न भागे ।।७।।

ए मिलके मरद चलें ज्यों महीपत[3], जांनो पड़ता अंबर पकड़सी ।
मोंहे अचंभा ए डरें नहीं किनसो, पर ए खेल केते दिन रेहसी ।।८।।

देखत काल पछाड़त पल में, तो भी आंख न खोलें ।
आप जैसा और कोई न देखें, मद छाके मुख बोलें ।।९।।

इनमें से नाठ्या मैं निसंक कायर होए, फेर न देख्या ब्रह्मांड ।
सुन्य निरंजन छोड़ मैं न्यारा, जाए पड़्या पार अखण्ड ॥१०॥

१. उलटे पाँव । २. बिन राह । ३. राजा ।

अब तो कछुए न देखत मद में, पर ए मद है पल मात्र ।
महामत दिवाने को कह्यो न माने, सो पीछे करसी पछताप ॥११॥

॥प्रकरण॥१९॥चौपाई॥२३८॥

राग श्री आसावरी

साधो या जुग की ए बुध ।
दुनियां मोह मद की छाकी, चली जात बेसुध ॥१॥
दुनी दुनी पें चाहे दुनियां, ताथें करामात ढूंढ़े ।
पीछे दोऊ बराबर संगी, तब दे सिच्छा और मूंडे ॥२॥
साधो केहेर कही करामात, ऐ दुनियां तित रांचे ।
झूठी दृष्ट जो बांधी झूठ सों, ताथें दिल ना लगत क्यों ए सांचे ॥३॥
कौन मैं कहां को कहां थें बिछुरयो, कौन भोम ए छल ।
गुर सिष्य ग्यान कथें पंथ पैंडे, पर एती न काहू अकल ॥४॥
या घर में या बन में रहे, पर कहा करे बिना सतगुर ।
तो लों मकसूद[1] क्यों कर होवे, जो लों पाइए ना अखंड घर ॥५॥
सतगुर सोई जो वतन बतावे, मोह माया और आप ।
पार पुरूख जो परखावे, महामत तासों कीजे मिलाप ॥६॥

॥प्रकरण॥२०॥चौपाई॥२४४॥

राग श्री सारंग

चल्यो जुग जाए री सुध बिना ।
सुध बिना सुध बिना सुध बिना, चल्यो जुग जाए री सुध बिना ॥१॥
मूल प्रकृती मोह अहं थें, उपजे तीनों गुन ।
सो पांचों में पसरे, हुई अंधेरी चौदे भवन ॥२॥
प्रले प्रकृती जब भई, तब पांचों चौदे पतन ।
मोह अहं सबे उड़े, रहे सरगुन ना निरगुन ॥३॥

१. उद्देश्य की प्राप्ति ।

तब जीव को घर कहां रह्यो, कहां खसम वतन ।
गुर सिष्य नाम बोहोतों धरे, पर ए सुध परी न किन ।।४।।

ऊपर तले मांहें बाहेर, खोज्या कैयों जन ।
नेहेचल न्यारा सबन से, ए ठौर न पाई किन ।।५।।

निराकार कासों कहिए, कासों कहिए निरंजन ।
क्यों व्यापक क्यों होसी फना, एता न कह्या किन ।।६।।

क्यों सरूप है प्राकृत को, क्यों मोह क्यों सुंन ।
क्यों सरूप जो काल को, ए नेहेचे करी न किन ।।७।।

पंथ पैंडे सब चलहीं, कई दीन दरसन ।
ना सुध आप ना पार की, ए सुध परी न किन ।।८।।

कौन सरूप है आतमा, परआतम कह्या क्यों भिन ।
सुध ठौर ना सरूप की, ए संसे भान्यो न किन ।।९।।

महामत सो गुर पाइया, जो करसी साफ सबन ।
देसी सुख नेहेचल, ऐसी कबहूं ना करी किन ॥१०॥

।।प्रकरण।।२१।।चौपाई।।२५४।।

राग श्री

रे हो दुनियां बावरी, खोवत जनम गमार[1] ।
मदमाती माया की छाकी, सुनत नाहीं पुकार ।।१।।

अपनी छायासों आप बिगूती[2], बल खोए चली हार ।
आग बिना जलत अंग में, जल बल होत अंगार ।।२।।

सत सब्द को कोई न चीन्हे, सूने हिरदे नहीं संभार ।
समझे साध जो आपको देखें, तामें बड़ी अंधार ।।३।।

रे यामें केते आप कहावें स्याने, पर छूटत नहीं विकार ।
स्यानप लेके कंठ बंधाए, या छल रच्यो है नार ।।४।।

१. गंवार, मूर्ख । २. फँस गई ।

रे मूढ़मती या फंद में उरझे, उपजत नहीं विचार ।
आप न चीन्हें घर ना सूझे, न लखें रचनहार ।।५।।
अपनी मत ले ले साधू बोले, सब्द भए अपार ।
बोहोत सबद को अर्थ न उपजे, या बल सुपन धुतार ।।६।।
यामें सतगुर मिले तो संसे भानें, पैंडा देखावे पार ।
तब सकल सबद को अर्थ उपजे, सब गम पड़े संसार ।।७।।
तब बल ना चले इन नारी को, लोप न सके लगार ।
महामत यामें खेलत पिया संग, नेहेचल सुख निरधार ।।८।।

।।प्रकरण।।२२।।चौपाई।।२६२।।

राग गौड़ी

रे हो दुनियां को तूं कहा पुकारे, ए सब कोई है स्याना ।
ए मदमाती अपने रंग राती, करत मन का मान्या ।।१।।
रे हो याही फंद में साध संतरी, पुकार पुकार पछताना ।
कोई कहे दुनियां बुरी करत है, कोई भली कहे भुलाना ।।२।।
रे हो बोहोत दिन बिगूती यामें, कर कर ग्यान गुमाना ।
चुप कर चतुराई लिए जात है, तूं न कर निंदा न बखाना ।।३।।
रे हो तूं कर तेरी होत अबेरी, आप न देखे उरझाना ।
अब तूं छोड़ सकल बिध, जात अवसर तेरा जान्या ।।४।।
एही शब्द एक उठे अवनी[1] में, नहीं कोई नेह समाना ।
पेहेचान पिउ तूं अछरातीत, ताही से रहो लपटाना ।।५।।
अहनिस आवेस हुअड़ा अंग में, फिर्‌या दिलड़ा हुआ दिवाना ।
महामत प्रेमें खेले पिया सों, ए मद है मस्ताना ।।६।।

।।प्रकरण।।२३।।चौपाई।।२६८।।

१. पृथ्वी ।

राग श्री केदारो

रे मन भूल ना महामत, दुनियां देख तूं आप संभार ।
ए नाहीं दुनियां बावरी, ए रच्यो माया ख्याल ।।१।।
रे मन त्रिखा न बूझे तेरी झांझुए[1], प्रतिबिंब पकरयो न जाए ।
ज्यों जलचर जल बिना ना रहे, जो तूं करे अनेक उपाए ।।२।।
रे मन सृष्ट सकल सुपन की, तूं करे तामें पुकार ।
असत सत को ना मिले, तूं छोड़ आप विकार ।।३।।
रे मन सुपन का घर नींद में, सो रहे न नींद बिगर ।
याको कोट बेर परबोधिए[2], तो भी गले नहीं पत्थर ।।४।।
वासना होएगी बेहद की, सो क्यों छोड़े अपनी पर ।
ओ सुपन में एक सब्द सुनते, उड़ जासी नींदर ।।५।।
सत सब्द को सोई चीन्हे, जो होए वासना ब्रह्म ।
ए तो असत उलटिए खेल रच्यो है, देत देखाई सब भ्रम ।।६।।
असत तिन को भरम कहिए, होत है जिनको नास ।
ए तो चौदे चुटकी में चल जासी, यों कहत सुकजी व्यास ।।७।।
तूं उलट याको पीठ दे, प्रेमें खेल पियासों रंग ।
ओ आए मिलेंगे आपहीं, जासों तेरा है सनमंध ।।८।।
तेरे संगी तोहे अबहीं मिलेंगे, तूं करे क्यों न करार ।
महामत मन को दृढ़ कर, समरथ स्याम भरतार ।।९।।

।।प्रकरण।।२४।।चौपाई।।२७७।।

राग श्री गौड़ी

रस मगन भई सो क्या गावे ।
बिचली[3] बुध मन चित मनुआ, ताए सबद सीधा मुख क्यों आवे ।।१।।

१. मृगजल । २. यथार्थ ज्ञान सुनाइये । ३. फिर जाना, डिग जाना ।

बिचले नैन श्रवन मुख रसना, बिचले गुन पख इंद्री अंग ।
बिचली भांत गई गत प्रकृत, बिचल्यो संग भई और रंग ।।२।।
बिचली दिसा अवस्था चारों, बिचली सुध न रही सरीर ।
बिचल्यो मोह अहंकार मूलथें, नैनों नींद न आवे नीर ।।३।।
बिचल गई गम वार पार की, और अंग न कछु ए सान ।
पिया रस में यों भई महामत, प्रेम मगन क्यों करसी गान ।।४।।

।।प्रकरण।।२५।।चौपाई।।२८१।।

राग मारू

खोज बड़ी संसार रे तुम खोजो साधो, खोज बड़ी संसार ।
खोजत खोजत सतगुर पाइए, सतगुर संग करतार ।।१।।
भगत होत भगवान की, किव कर कहावें सिध साध ।
गुन अंग इंद्री के बस परे, ताथें बांधत बंध अगाध ।।२।।
सतगुर क्यों पाइए कुली में, भेखें बिगारयो वैराग ।
डिंभकाइए[1] दुनियां ले डबोई, बाहेर सीतल मांहें आग ।।३।।
गोविंद के गुन गाए के, तापर मांगत दान ।
धिक धिक पड़ो ते मानवी, जो बेचत हैं भगवान ।।४।।
उदर कारन बेचें हरी, मूढ़ों एही पायो रोजगार ।
मारते मुख ऊपर, वाको ले जासी जम द्वार ।।५।।
बैठत सतगुर होए के, आस करें सिष्य केरी ।
सो डूबे आप सिष्यन सहित, जाए पड़े कूप अंधेरी ।।६।।
जो मांहें निरमल बाहेर दे न देखाई, वाको पारब्रह्म सों पेहेचान ।
महामत कहे संगत कर वाकी, कर वाही सों गोष्ट[2] ग्यान ।।७।।

।।प्रकरण।।२६।।चौपाई।।२८८।।

१. पाखंड । २. गुप्त, गुझ ।

राग श्री जेतसी
किरंतन वेदांत के

कहो कहोजी ठौर नेहेचल, वतन कहां ब्रह्म को ।। टेक ।।
तुम तीन सरीर तज भए ब्रह्म, पायो है पूरन ग्यान ।
जो लों संसे ना मिटे, साधो तो लों होत हैरान ।।१।।
वेदांती संतो महंतो, तुम पायो अनुभव सार ।
निज वतन जो आपनों, तुम सोई करो निरधार ।।२।।
पेहेले पेड़ देखो माया को, जाको न पाइए पार ।
जगत जनेता जोगनी, सो कहावत बाल कुमार ।।३।।
मात पिता बिन जनमी, आपे बंझा पिंड ।
पुरूख अंग छूयो नहीं, और जायो सब ब्रह्मांड ।।४।।
आद अंत याको नहीं, नहीं रूप रंग रेख ।
अंग न इंद्री तेज न जोत, ऐसी आप अलेख ।।५।।
जल जिमी न तेज वाए, न सोहं सब्द आकास ।
तब ए आद अनाद की, जब नहीं चेतन प्रकास ।।६।।
पढ़ पढ़ थाके पंडित, करी न निरने किन ।
त्रिगुन त्रिलोकी होए के, खेले तीनों काल मगन ।।७।।
विष्णु ब्रह्मा रूद्र जनमें, हुई तीनों की नार ।
निरलेप काहू न लेपहीं, नारी है पर नाहीं आकार ।।८।।
गगन पाताल मेर सिखरों, अष्टकुली बनाए ।
पचास कोट जोजन जिमी, सागर सात समाए ।।९।।
तेज तिमर यामें फिरें, रवि ससि तारे ना थिर ।
सेस नाग कर ब्रह्मांड, ले धरयो वाके सिर ॥१०॥

देव दानव रिखि मुनि, ब्रह्मग्यानी बड़ी मत ।
सास्त्र बानी सबद मात्र, ए बोली सबे सरस्वत ॥११॥
बरन चारों विद्या चौदे, ए पढ़ाए भली पर ।
कर आवरण मोह नींद को, खेलावे नारी नर ॥१२॥
लाख चौरासी जीव जंत, ए बांधे सबे निरवान ।
थिर चर आद अनाद लों, ए भरी सो चारों खान ॥१३॥
पांच तत्व चौदे लोक, पाउ पल में उपजाए ।
खेल ऐसे अनेक रचे, नार निरंजन राए ॥१४॥
ए काली किन पाई नहीं, सब छाया में रहे उरझाए ।
उपजे मोह अहंकार थें, सो मोहै में भरमाए ॥१५॥
बुध तुरिया[1] दृष्ट श्रवना, जेती गम वचन ।
उतपन सब होसी फना, जो लों पोहोंचे मन ॥१६॥
ऊपर तले मांहें बाहेर, दसो दिसा सब एह ।
सो सब्द काहूं न पाइए, कह्या ठौर अखण्ड घर जेह ॥१७॥
तो कह्यो न जाए मन वचन, ना कछू पोंहोंचे चित ।
बुधें सुनी न निसानी श्रवनों, तो क्यों कर जाइए तित ॥१८॥
वेदांती माया को यों कहें, काल तीनों जरा भी नाहें ।
चेतन व्यापी जो देखिए, सो भी उड़ावें तिन मांहें ॥१९॥
ना कछु ना कुछ ए कहें, ओ सत - चिद - आनंद ।
असत सत को ना मिले, ए क्यों कर होए सनमंध ॥२०॥
ए जो व्यापक आतमा, परआतम के संग ।
क्यों ब्रह्म नेहेचल पाइए, इत बीच नार को फंद ॥२१॥
निबेरा खीर नीर का, महामत करे कौन और ।
माया ब्रह्म चिन्हाए के, सतगुर बतावें ठौर ॥२२॥

॥प्रकरण॥२७॥चौपाई॥३१०॥

१. चित ।

राग श्री आसावरी

मैं पूछों पांड़े तुम को, तुम कहो करके विचार ।
सास्त्र अर्थ सब लेवहीं, पर किने न कियो निरधार ।।१।।

माया मोह अहंकार थें, ए सबे उतपन ।
अहंकार मोह माया उड़ी, तब कहां है ब्रह्म वतन ।।२।।

कोई कहे ब्रह्म आतमा, कोई कहे पर आतम ।
कोई कहे सोहं सब्द ब्रह्म, या बिध सब को अगम ।।३।।

कोई कहे ए सबे ब्रह्म, रहत सबन में व्याप ।
कोई कहे ए सबे छाया, नांही यामें आप ।।४।।

कोई कहे ओ निरगुन न्यारा, रहत सबन से असंग ।
कोई कहे ब्रह्म जीव ना दोए, ए सब एकै अंग ।।५।।

कोई कहे ए तेज पुंज, याकी किरना सबे संसार ।
कोई कहे याको अंग न इंद्री, निरंजन निराकार ।।६।।

कोई कहे ओ पुरूख उत्तम, और ए सबे सुपन ।
कोई कहे ए अलख[१] अलहा[२], कोई कहे सब सुन्न ।।७।।

कोई कहे ओ सदा सिव, और न कोई देव ।
कोई कहे आद नारायन, करत कमला जाकी सेव ।।८।।

कोई कहे आदे आद माता, और न कोई क्यांहें ।
सिव नारायन सबे यार्थें, या बिन कछुए नाहें ।।९।।

कोई कहे याको करम करता, सब बंधे आवें जाए ।
तीनों गुन भी करमें बांधे, सो फेर फेर फेरे खाए ॥१०॥

कोई कहे ए सबे काल, करम सक्त[३] उपाए ।
खेलावे अपने मुख में, आखिर दोऊ को खाए ॥११॥

१. न दिखाई देने वाला । २. प्राप्त न होने वाला (अलभ्य) । ३. शक्ति ।

कोई करे काल को संजम, कोई दिन काया बचाए ।
कोई राते करामतें, यों सब निगम नचाए ॥१२॥

पढ़े गुनें विकार न छूटे, आग न अंगथें जाए ।
आप वतन चीन्हे बिना, तो लों जल बिन गोते खाए ॥१३॥

ए संसे सब समझाए के, कोई अंग करे उजास ।
सो गुर मेरा मैं सेवों ताए, सुध चित होए दास ॥१४॥

मैं तो खोजों सुध पार की, कोई न देवे बताए ।
मोह अहंकार के बीच में, सब इतहीं रहे उरझाए ॥१५॥

समझे बिना सुख पार को नाहीं, जो उदम करो कई लाख ।
तोलों प्रेम न उपजे पूरा, जो लों अंदर न देवे साख ॥१६॥

ए धोखे गुर सर्वग्यन[1] भानें, जिन पाया सब विवेक ।
बाहेर उजाला करके, आखिर देखावें एक ॥१७॥

महामत सो गुर कीजिए, जो बतावे मूल अंकूर ।
आतम अर्थ लगावहीं, तब पिया वतन हजूर ॥१८॥

॥प्रकरण॥२८॥चौपाई॥३२८॥

राग रामकली

संत जी सुनियो रे, जो कोई हंस परम ।
मैं पूछत हों परआतमा, मेरा भानो एही भरम ॥१॥

जिन जानो विवादे पूछे, मैं जग्यासू करों खोज ।
जो लों धोखा न मिटे, साधो तो लों न छूटे बोझ ॥२॥

कोई कहे ए भरम की बाजी, ज्यों खेलत कबूतर ।
तो कबूतर जो खेल के, सो क्यों पावें बाजीगर ॥३॥

कोई कहे ए ब्रह्मकी आभा, आभा तो आपसी भासे ।
तो ए आभा क्यों कहिए ब्रह्मकी, जो होत हैं झूठे तमासे ॥४॥

१. सर्वज्ञ, पूर्णज्ञानी ।

कोई कहे ए कछुए नाहीं, तो ए भी क्यों बनिआवे[1] ।
जो यामें ब्रह्म सत्ता न होती, तो अधखिन रहने न पावे ।।५।।

कोई कहे ए सबे ब्रह्म, तब तो अग्यान कछुए नाहीं ।
तो खट सास्त्र हुए काहे को, मोहे ऐसी आवत मन माहीं ।।६।।

कोई कहे ए पुरूख प्रकृती, मिल रचियो खेल एह ।
तो सूरज दृष्टे क्यों रहे अंधेरी, ए भी बड़ा संदेह ।।७।।

कोई कहे ए सबे सुपना, न्यारा खावंद है और ।
तो ए सुपना जब उड़ गया, तब खावंद है किस ठौर ।।८।।

ऊपर तले मांहें बाहेर, दसों दिसा सब माया ।
खट प्रमानथें ब्रह्म रहित है, सो क्यों कर दृढ़ाया ।।९।।

बुध तुरिया दृष्ट श्रवना, जो लों पोहोंचे मन ।
उतपन सारी आवटे[2], जो कछू कहिए वचन ॥१०॥

कोई कहे अद्वैत के कारन, द्वैत खोजी पर पर ।
अद्वैत सब्द जो बोलिए, तो सिर पड़े उतर ॥११॥

कोई कहे अद्वैत के आड़े, सब द्वैतै को विस्तार ।
छोड़ द्वैत आगे वचन, किने न कियो निरधार ॥१२॥

भोमका सात कही वसिष्टें, तामें पांचमी केवल विदेही ।
छठी को सब्द ना निकसे, तो सातमी दृढ़ क्यों होई ॥१३॥

पार वचन कहे कौन दूजा, सर्वग्यन को सब सूझे ।
ए संसे भानो आतम के, ज्यों परआतम बूझे ॥१४॥

परमहंस बिन कौन कहे, जिन तजे हैं तीन सरीर ।
कहे महामत महादिसा[3] धनी की, कोई कर द्यो जुदे खीर नीर ॥१५॥

।।प्रकरण।।२९।।चौपाई।।३४३।।

१. हों सके । २. नाशवंत । ३. परम मार्ग (मुख्य दिशा) ।

राग श्री

चीन्हे क्यों कर ब्रह्म को, ए तो गुन ही के अंग को विकार ।
बाजीगरें बाजी रची, मूल माया तें मोह अहंकार ।।१।।

जाको पेड़ प्रतिबिंब प्रकृती, पांच तत्व ही को आकार ।
मांहें खेले निरगुन व्यापक, लिए माया मोह अहंकार ।।२।।

लोक चौदे दसो दिस, सब नाटक स्वांग संसार ।
आवे नैन श्रवन मन वचन, ए सब माया मोह अहंकार ।।३।।

क्या दानव क्या देवता, क्या तिर्थंकर अवतार ।
ब्रह्मा विष्णु महेस लों, सो भी पैदा माया मोह अहंकार ।।४।।

अब औरन की मैं क्या कहूं, जो बड़कों का ए हाल ।
जल जैसे तरंग तैसे, उठे माया मोह अहंकार ।।५।।

जो बंध बांधे बाप ने, बेटे चले जाए तिन लार ।
जीव उरझे जाली छल की, ए सब माया मोह अहंकार ।।६।।

द्योहरे मसीत अपासरे, सब लगे माहें रोजगार ।
बाहेर देखावें बंदगी, मांहें माया मोह अहंकार ।।७।।

जुदे जुदे भेख दरसनी, अनेक इष्ट आचार ।
धरे नाम धनी के जुदे जुदे, पैंडे चलें माया मोह अहंकार ।।८।।

खोज खोज खट सास्त्र हुए, अनेक वचन विस्तार ।
करम उपासना ग्यान की, बानी थकी मांहें माया मोह अहंकार ।।९।।

सब्द सुनें एक दूजे के, फेर फेर करें विचार ।
किव कर नाम धरें अपने, सब मगन माया मोह अहंकार ॥१०॥

ए बानी कथें सब अगम, मांहें गुझ सब्द हैं पार ।
सो ए कैसे कर समझहीं, मोहोरे माया मोह अहंकार ॥११॥

यामें जीव दोए भाँत के, एक खेल दूजे देखनहार ।
पेहेचान न होवे काहू को, आड़ी पड़ी माया मोह अहंकार ॥१२॥

ए खेल किया जिन खातिर, सो तो कोई हैं सिरदार ।
जो लों न होवें जाहेर, तो लो उड़े न माया मोह अहंकार ॥१३॥

ऐसे खेल अनेक एक खिन में, करे अग्याएँ करतार ।
सो करतार ठौर क्यों पाइए, जो लों उड़े न माया मोह अहंकार ॥१४॥

महामत होसी सब जाहेर, मिले अछरातीत भरतार ।
वैराट होसी नेहेचल, उड़्यो माया मोह अहंकार ॥१५॥

॥प्रकरण॥३०॥चौपाई॥३५८॥

राग श्री सोरठ

कलि में देख्या ग्यान अचंभा ।

बातन मोहोल रचें अति सुंदर, चेजा[1] जिमी न थंभा[2] ॥१॥

अंग न इंद्री अंतस्करन वाचा, ब्रह्म न पोहोंचे कोए ।
यों कहें साख पुरावें श्रुती, फेर कहें अनुभव होए ॥२॥

अहंब्रह्म अस्मी होए के बैठें, तत्वमसी और कहावें ।
स्वामी सिष्य न क्रिया करनी, यों महा वाक्य दृढ़ावें ॥३॥

खट प्रमान से ब्रह्म है न्यारा, सो कहें अद्वैत हम आप ।
माया ईश्वर त्रिगुन हमथें, हमहीं रहे सबमें व्याप ॥४॥

ईश्वर फिरे न रहें त्रिगुन, त्रिगुन चलें जीव भेले ।
ए कहावें ब्रह्म सब पैदास याथें, और जात हैं आप अकेले ॥५॥

कूवत[3] कछुए न पाइए मांहें, खेलें मोह में परे परवस मन ।
भोमका एक न चढ़ सकें, कहावें ईश्वर को महाकारन ॥६॥

तीन सरीर उड़ावें मुख थें, आप होत हैं ब्रह्म ।
पूछे तें कहें हम भोगवे, प्रालब्ध[4] जो करम ॥७॥

१. छज्जा २. स्थंभ (आधार) । ३. ताकत, शक्ति । ४. भाग्य ।

माया ईश्वर तें होत हैं न्यारे, न्यारे होत तीन देह ।
अद्वैत को प्रालब्ध लगावें, देख्या ग्यान बड़ा ब्रह्म एह ।।८।।

ऐसे कोट ब्रह्मांड होवें पल में, अद्वैत के हुकम ।
ए कहावें ब्रह्म सुध नहीं ब्रह्म घर की, द्वैत अद्वैत नहीं गम ।।९।।

सुकमुनी बानी बोल्या वेदांत, सो इनों क्यों समझी जाए ।
होसी प्रगट प्रकास निज बुध का, सो महामत देसी बताए ॥१०॥

।।प्रकरण।।३१।।चौपाई।।३६८।।

राग श्री गौड़ी

भाई रे ब्रह्मग्यानी ब्रह्म देखलाओ, तुम सकल में सांई देख्या ।
ए संसार सकल है सुपना, तो तुम पारब्रह्म क्यों पेख्या ।।१।।

सत सुपने में क्योंकर आवे, सत सांई है न्यारा ।
तुम पारब्रह्म सों परच्या[1] नाहीं, तो क्यों उतरोगे पारा ।।२।।

तुम बैकुंठ जमपुरी एक कर देखी, तब तो सास्त्र पुरान सब भान्या ।
सुकदेव व्यास के वचन बिना, कौन कहे मैं जान्या ।।३।।

यामें बड़भागी भए वल्लभाचारज, जाको सुकदेव का गुन भाया ।
उत्तम टीका कीन्ही दसम की, तो इन ए फल पाया ।।४।।

बिना पुरान प्रकास न होई, सास्त्र बिना कौन माने ।
एक अखर को अर्थ न आवे, तो ब्रह्म भरम में आने ।।५।।

काल आवत कबूं ब्रह्म भवन में, तुम क्यों न विचारो सोई ।
अखंड सांई जो यामें होता, तो भंग ब्रह्मांड को न होई ।।६।।

तुम केवल काल तत्व ग्यानी, ब्रह्म ग्यानी भए ।
सब दरवाजे खोजे साधो, पर सुन्य छोड़ कोई ना गए ।।७।।

इन सुपने में सब कोई भूल्या, किनहूं न देख्या पार ।
बिध बिध सों भवसागर थाह्या[2], सुकदेव व्यास पुकार ।।८।।

१. परिचय । २. खोजा ।

यामें प्रेम लछन एक पारब्रह्म सों, एक गोपियों ए रस पाया ।
तब भवसागर भया गौपद बछ, विहंगम पैंडा बताया ।।९।।
कई दरवाजे खोजे कबीरें, बैकुंठ सुन्य सब देख्या ।
आखिर जाए के प्रेम पुकार्‌या, तब जाए पाया अलेखा ॥१०॥
भाई रे ब्रह्मग्यानी ब्रह्म सुपने में, महामत कहे यों पाइए ।
पार निकस के पूरन होइए, तब फेर सब दृष्टें देखाइए ॥११॥

।।प्रकरण।३२।।चौपाई।।३७९।।

राग श्री गौड़ी

रे जीव जी जिन करो यासों नेहड़ा ।
जाको सनमुख नाहीं सरम, तासों नाहीं मिलवे को धरम ।
ए तो भुलवनी कोई भरम, कोहेड़ा सों लाग्यो करम ।।१।।
नामै जाको प्रपंच, तिन सबको मूल सरीर ।
या बन थें बाग विस्तर्‌यो, जानो भरिया मृगजल नीर ।।२।।
रे जीव सरीर मंदिर सोहामनों, चौदे खूने रे अवास ।
इनके भरोसे जे रहे, ते निकस चले निरास ।।३।।
खास छज्जे गोख जालियां, यामें केती मिलाई धात ।
संधो संध समारिया, मिने हिकमत कई हिकात ।।४।।
मेहेनत करी केती या पर, बिध बिध बांधे बंध ।
जानिए सदा नेहेचल, ए रच्यो ऐसी सनंध ।।५।।
गुन पख अंग इंद्रियां, सबके जुदे जुदे स्वाद ।
तरफ अपनी खैंचहीं, खेलत मिने विवाद ।।६।।
या बन थें बाग रंग फूलिया, जानें लेसी सुख अपार ।
अधबीच उछेदिया[1], सो करता गया पुकार ।।७।।

१. उजाड़ देना (बिगाड देना) ।

मोहे बाग रंग मंदिरों, सेजड़िएँ सोए करार ।
सो काढ़े कंठ पकड़ के, गए कल कलते नर नार ।।८।।

ए अनमिलती सों न मिलिए, जाको सांचो नाहीं संग ।
नाहीं भरोसो खिन को, ज्यों रैनी को पतंग ।।९।।

क्यों रे नेहड़ा यासों कीजिए, जो मिलके करे भंग ।
एक रस होइए क्यों तिनसे, नेहेचल नहीं जाको रंग ॥१०॥

ऐसे कई उजाड़े मंदिर, ए सब को देवे छेह ।
मिलापै में रंग बदले, अधबीच तोड़े नेह ॥११॥

रे जीव सरीर रची सेजड़ी, इत आवे नींद अपार ।
ए सूतेही पटकावहीं, पुकार न पीछे बहार[1] ॥१२॥

यासों तो मनड़ो माने नहीं, जो छोड़े ए अंत्रीयाल[2] ।
उरझाए आप न्यारी रहे, जीव को बाँध देवे मुख काल ॥१३॥

रे जीव नीके जानिए ए भुलवनी, इत भूले सब कोए ।
या रंग रसें जे भूलहीं, तिन करड़ी कसौटी होए ॥१४॥

कांटे चुभे दुख पाइए, सेहे न सके लगार ।
पर होत है मोहे अचंभा, ए क्यों सेहेसी जम मार ॥१५॥

इन गफलत के घर में, पड़ेगी बड़ी अगिन ।
पीछे लाख चौरासी देह में, जलसी रात और दिन ॥१६॥

ए देखी अजाड़ी आँखां खोल के, याकी तो उलटी सनंध ।
ए मोहड़ा लगावे मीठड़ा, पीछे पड़िए बड़े फंद ॥१७॥

ए अंधेरी है विकट, जाहेर रची जम जाल ।
ए पेहेले देखावे सुख सीतल, पीछे जाले अगिन की झाल ॥१८॥

ए धुतारी को न धीरिए[3], जो पलटे रंग परवान ।
ए विश्व बधे वैराट को, सो भी निगलसी निरवान ॥१९॥

१. खबर, सम्भाल । २. अधर, अधबीच । ३. विश्वास करना ।

ए सब मोहे इन मोहनी रे, पर इन बांध्यो न कासों मन ।
जीव को यातें बिछड़ते, बड़ी लागी दाझ अगिन ॥२०॥

॥प्रकरण॥३३॥चौपाई॥३९९॥

अब देह की तरफ का जवाब

रे जीव जी तुमें लागी दाझ मुझ बिछड़ते, पर मैं खाक हुई तुम बिन ।
तुम मोही सों न्यारे भए, मोहे राखी नहीं किन खिन ॥१॥

मेरी सेवा जो करते साथीड़े, फूलड़े बिछावते सेज ।
सीतल वाए मोहे ढोलते, तिन जारी रेजा रेज ॥२॥

एक बाल टूटे दुख पावते, तिन जारी ले खोरने[1] हाथ ।
मनुऐं उतारे या बिध, मेरे सोई संगी साथ ॥३॥

मैं पाले प्यार करके, सो वैरीड़े भए तिन ताल ।
मोसों तो राख्यो ए सनमंध, तुमें डारे ले जम जाल ॥४॥

तुम बंध पड़े जिन कारने, किया आप सों ज्यों ।
मुझ जैसे होए मोहे छेतरी, तुमको दई अगिन त्यों ॥५॥

मैं तो आई तुम खातिर, तुम जानी नहीं सुपन ।
मैं तो सुपना हो गई, अब दुखड़े देखो चेतन ॥६॥

पेहेले क्यों न संभारिए, काहे को पड़िए जम फांस ।
लाख चौरासी अगनी, तित जलिए न कीजे बास ॥७॥

मोसों पेहेचान ना कर सके, मेरा मेला तो अधखिन होए ।
मेरी तो पेहेचान जाहेर, मुझे जाती देखे सब कोए ॥८॥

तुम जान बूझ मोहे मोहीसों, छोड़ के नेहेचल सुख ।
मैं तो आई भले अवसर, पर भूले सो पावे दुख ॥९॥

ए अवसर क्यों भूलिए, जित पाइए सुख अखंड ।
या घर बिना सो ना मिले, जो ढूंढ़ फिरो ब्रह्मांड ॥१०॥

१. मरने पर, चिता में जलाते समय हाथ में बांस ले कर खोपड़ी फोड़ते है ।

इन पिंड में ब्रह्म दृढ़ किया, नेहेचल सुख परवान ।
अब खिन में घर देखिए, ऐसा समे न दीजे जान ॥११॥

और उपाय कई करो, पर पाइए न या घर बिन ।
अंदर जागके चेतिए, ए अवसर अधखिन ॥१२॥

कैसे कर याको खोजिए, ए तो कोहेड़ा आकार ।
ए ढूंढ़्या बोहोतों कई बिध, पर किनहूँ न पाया पार ॥१३॥

बाहेर निकसो तो आप नहीं, और मांहें तो नरक के कुंड ।
ब्रह्म तो यामें न पाइए, ए क्यों कहिए ब्रह्म घर पिंड ॥१४॥

पवन जोत सब्दा उठे, नाड़ी चक्र कमल ।
इत कैयों कई बिध खोजिया, यामें ब्रह्म नहीं नेहेचल ॥१५॥

पारब्रह्म क्यों पाइए, ततखिन कीजे उपाए ।
कई ढूंढ़े मांहें बाहेर, बिना सतगुर न लखाए ॥१६॥

अब संग कीजे तिन गुर की, खोज के पुरूख पूरन ।
सेवा कीजे सब अंगसों, मन कर करम वचन ॥१७॥

सो संग कैसे छोड़िए, जो सांचे हैं सतगुर ।
उड़ाए सबे अंतर, बताए दियो निज घर ॥१८॥

पाइए सुध पूरन से, पैंडा बतावें पार ।
सब्द जो सारे सूझहीं, सब गम पड़े संसार ॥१९॥

पांच तत्व पिंड में हुए, सोई तत्व पांच बाहेर ।
पांचो आए प्रले मिने, सब हो गयो निराकार ॥२०॥

ए पांचो देखे विध विध, ए तो नहीं थिर ठाम ।
यामें सो कैसे रहे, नेहेचल जाको नाम ॥२१॥

पारब्रह्म जित रेहेत हैं, तित आवे नाहीं काल ।
उतपन सब होसी फना, ए तो पांचों ही पंपाल ॥२२॥

यामें अंतर वासा ब्रह्म का, सो सतगुर दिया बताए ।
बिन समझे या ब्रह्म को, और न कोई उपाए ॥२३॥

आंकड़ी अंतरजामी की, कबहूँ न खोली किन ।
आद करके अब लों, खोज थके सब जन ॥२४॥

ए पूरन के प्रकास थें, खुल गया अंतर सब ।
सो क्यों रेहेवे ढांपिया, प्रगट होसी अब ॥२५॥

जिनको सब कोई खोजहीं, ए खोली आंकड़ी तिन ।
तो इत हुई जाहेर, जो कारज है कारन ॥२६॥

घर ही में न्यारे रहिए, कीजे अंतरमें बास ।
तब गुन बस आपे होवहीं, गयो तिमर सब नास ॥२७॥

या बिध मेला पिउ का, पीछे न्यारे नहीं रैन दिन ।
जल में न्हाइए कोरे रहिए, जागिए मांहें सुपन ॥२८॥

या सुपन तें सुख उपज्यो, जो जाग के कीजे विचार ।
आतम भेली परआतमा, सुपन भेलो संसार ॥२९॥

इन बिध लाहा लीजिए, अनमिलती का रे यों ।
सुखड़ा दिया धुतारिए, याको बुरी कहिए क्यों ॥३०॥

जो सुख याथें उपज्यो, सो कह्यो न किनहूँ जाए ।
पात्र होए पूरा प्रेम का, तिन का रस ताही में समाए ॥३१॥

ए वतनी सों गुझ कीजिए, जो खैंचे तरफ वतन ।
प्रेमै में भीगे रहिए, पिउ सों आनंद घन ॥३२॥

महामत पिया संग विलसहीं, सुख अखंड इन पर ।
धंन धंन प्रपंच ए हुआ, धंन धंन सो या मंदिर ॥३३॥

वेदे वलतां[2] वाणी जे ओचरी, ते तां चढी वैराट ने मुख ।
कुलिए ते लई मुख विप्रोने[3], करी आपी व्रत भख ॥२०॥

वेद सनमुख चढ़या ज्यारे ऊंचा, त्यारे मूल हता पाताल ।
फरीने वाणी पाछी वली, त्यारे थया मूल ऊंचा ने नीची डाल ॥२१॥

कल्प विरिख तिहां वेद थयो, तेहेनूं फल निपनूं भागवत ।
बन पकव रस ग्रही मुनि थया, एम सुकें परसव्या संत ॥२२॥

१. आगे । २. लौटते समय । ३. ब्राह्मणों के ।

ए रस सनमुख साध लई ने, वैकुण्ठ सुन्य समाय ।
बीजा काष्ट भखी जन जे हेठां उतरया, तेतां जल विना लहेरें पछटाय ॥२३॥

॥प्रकरण॥६८॥चौपाई॥८६४॥

सुन्य मण्डल सुध जो जो मारा संमंधी, आ इंडू जेहेने आधार ।
नेत नेत कही ने निगम वलिया, निगम ने अगम अपार ॥१॥
इहां आद अंत नहीं थावर जंगम, अजवास न कांई अंधार जी ।
निराकार आकार नहीं, नर न केहेवाय कांई नार जी ॥२॥
नाम न ठाम नहीं गुन निरगुन, पख नहीं परवान जी ।
आवन गवन नहीं अंग इंद्री, लख न कांई निरमान जी ॥३॥
इहां रूप न रंग नहीं तेज जोत, दिवस न कांई रात जी ।
भोम न अगिन नहीं जल वाए, न सब्द सोहं आकास जी ॥४॥
इहां रस न धात नहीं कोई तत्व, गिनान नहीं बल गंध जी ।
फूल न फल नहीं मूल बिरिख[1], भंग न कांई अभंग जी ॥५॥
अखंड तणां दरवाजा आडी, सुन्य मंडल विस्तार जी ।
एणें ठेकांणे बेठी अछती[2], बांधी ने हथियार जी ॥६॥
ए बल जोजो बलवंती नूं, एहनो कोई न काढे पार जी ।
अनेक उपाय कीधां घणें, पण कोए न पोहोंता दरबार जी ॥७॥
कोई न पोहोंतो इहां लगे, एहनो बोली[3] मारे प्रताप जी ।
आ पांचो एहनी छाया पड़ी छे, ए सुन्य मंडल विस्तार जी ॥८॥

॥प्रकरण॥६९॥चौपाई॥८७२॥

मूलगी चाल

हवे वासना हसे जे वेहदनी, ते जागीने जोसे निरधार ।
सत असत बंने जुआ करसे, एहनो तेहज उघाडसे बार[4] ॥१॥

१. वृक्ष । २. काल - निरंजन शक्ति । ३. डुबा देती है । ४. दरवाजा ।

एहमां वासना पांचे प्रगट थई, रची रामत देखाडी रूडी पेर ।
कारज करीने अखंडमां भलसे, अछर सरूप एहनूं घेर ।।२।।

रामत जोवा वाला ते जुआ, ते आगल वाणी थासे विस्तार ।
माया देखाडी ने वार उघाडी, जावूं अछर ने पार ।।३।।

सास्त्र साधोनी वाणी सर्वे, आगम भाखी छे अनेक ।
ते सर्वे आंही आवी ने मलसे, तेहना वंचासे ववेक ।।४।।

छर थी तीत अछर थया, अने अछरातीत केहेवाय ।
आपणने जावूं एणें घरें, इहां अटकलें केम पोहोंचाय ।।५।।

पार सुख थयूं एणी पेरे, हजी रमो तमें छाया मांहें ।
तमने फरी फरी आ भोम आडी आवे, तमें कामस न टालो क्यांहें ।।६।।

हूं संमंधी माटे बार उघाडूं, आपवाने सुख सत ।
खीजी वढीने हँसी तमारा, फरी फरी वालूं छूं चित ।।७।।

तमें राखी रदेमां अंधेर, ओलाडवा हींडो छो संसार ।
एणी पेरे उवट[1] चढ़ाय नहीं, जवाय नहीं पेले पार ।।८।।

सतगुर संग करे आप ग्रही, वचने धमावे निसंक ।
रस थई कस पूरे कसोटी, त्यारे आडो न आवे प्रपंच ।।९।।

तमसूं जुध करे घेन घारण, लज्या ने अहंकार ।
कायर ने कंपावे ए बल, बीक[2] ने भ्रांत विचार ॥१०॥

तमें गिनान[3] तणो अजवास लईने, उपलो टालो छो अंधेर ।
पण मांहेंलो सूतो निद्रा मांहें, तो केम जाए मननो फेर ॥११॥

ज्यारे वचने जगवसो वासना, त्यारे आप ओलखसो प्रकास ।
त्यारे पारब्रह्म नों पार थकी, तमें आंहीं देखसो अजवास ॥१२॥

हवे जेणे आपणने ए निध आपी, तेहना चरण ग्रहिए चित मांहें ।
निद्रा उडाडीने सुपन समावे, त्यारे जागी बेठा छैए जांहें ॥१३॥

१. औघट । २. डर । ३. ग्यान ।

हवे एणे चरणें तमें पांमसो, अखंड सुख कहिए जेह ।
सर्वा अंगे चित सुध करी, तमें सेवा ते करजो एह ॥१४॥
महामत कहे संमंधी सांभलो, मारा सब्दातीत सुजाण ।
चरण सों चित पूरो बांधजो, जिहां लगे पिंडमा प्राण ॥१५॥

॥प्रकरण॥७०॥चौपाई॥८८७॥

किरंतन आखिरके - राग श्री आसावरी

लाडलियां लाहूत की, जाकी असल चौथे आसमान ।
बड़ी बड़ाई इन की, जाकी सिफत करें सुभान ॥१॥
सो उतरी अर्स अजीम से, रूहें बारे हजार ।
साथ सेवक मलायक[1], पावे दुनियां सब दीदार ॥२॥
मोती कहे जो इन को, जाको मोल न काहूं होए ।
बारे डाली गिनती, सूरत आदमी सोए ॥३॥
मोमिन बड़े मरातबे, नूर बिलंद से नाजल[2] ।
इनों काम हाल सब नूर के, अंग इस्कै के भीगल ॥४॥
साल नव सै नब्बे मास नव, हुए रसूल को जब ।
रूहअल्ला मिसल गाजियों, मोमिन उतरे तब ॥५॥
औलिया लिल्ला दोस्त, जाके हिरदे हक सूरत ।
बंदगी खुदा और इनकी, बीच नाहीं तफावत[3] ॥६॥
एही गिरो इसलाम की, खड़ियां तले अर्स ।
या दुनियां या दीन में, सब में इनको जस ॥७॥
लोक जिमी आसमान के, साफ जो करसी सब ।
बुजरकी इन गिरोह की, ऐसी देखी न सुनी कब ॥८॥
गिरो उठाई अदल से, वास्ते पैगंमरों ।
देवें ग्वाही आखिर को, ऊपर मुनकरों ॥९॥

१. फिरस्ते, ईश्वरी सृष्ट । २. उतरे । ३. फरक ।

करें इमारत भिस्त की, कोसिस सिफत कामिल[1] ।
देवें खुसखबरी खुदा तिनको, जिनके नेक अमल ॥१०॥
गिरो बनी असराईल, जित महंमद पैगंमर ।
जिन कौल मकसूद सबन के, सो बीच इन आखिर ॥११॥
मुलक हुआ नबियन का, आखिर हिंदुओं के दरम्यान ।
गिरो भेख फकीर में, पातसाह महंमद परवान ॥१२॥
माएने रूजू सब इनसें, तौरेत दई है जित ।
होत पेहेचान खुदाए की, इन गिरो की सोहोबत ॥१३॥
बरसे बयान राह वतनी, कही सूरत मेह[2] इसलाम ।
गिरे भुने मुरग आसमान से, बनी असराईल पर तमाम ॥१४॥
छे हजार बाजू दोए बगल, जबराईल ऊपर रूहन ।
अग्यारैं सदी गिरह[3] खोल के, चले महंमद संग मोमिन ॥१५॥
खुदा देवे साहेदी खुदाए की, और ना किनहूं होए ।
करें बयान फुरमावें हुकम, लायक पूजने के सोए ॥१६॥
अलिफ लाम मीम हरफ ए कहे, ए भेद ना किन समझाए ।
सो छीले गए कुरान से, ए भेद जानें एक खुदाए ॥१७॥
इत हुज्जत न रही काहू की, तुम देखो एह सुकन ।
एह खिताब महंमद मेंहेंदी पें, जिन रोसन किए मोमिन ॥१८॥
कुंन के रोज की साहेदी, देवे एही उमत ।
सो कहे उस बखत की, जो ल्यावे एह हुज्जत ॥१९॥
तौरेत आई नूर बिलंद से, आखिर उमत करी बेसक ।
भई चिन्हार महंमद मुसाफ, जैसे पेहेचानने का हक ॥२०॥
सब सिफतें एक गिरोह की, लिखी जुदी जुदी जंजीर ।
कोई पावे न दूजा माएना, बिना महंमद फकीर ॥२१॥

॥प्रकरण॥७१॥चौपाई॥९०८॥

१. योग्य, पूर्ण कुशल । २. वर्षा । ३. गांठ ।

जंजीरां मुसाफ की, मोतियों में परोइए जब ।
जिनसें जिनस मिलाइए, पाइए मगज माएने तब ।।१।।
देऊं हरफ हरफ की आयतें, जो हादिऐं खोले द्वार ।
सब सिफत खास गिरोह की, लिखी बिध बिध बेसुमार ।।२।।
कलाम अल्ला की इसारतें, खोल दैयां खसम ।
महामत पर मेहेर मेहेबूबें, करी ईसे के इलम ।।३।।
ब्रह्मसृष्ट वेद पुरान में, कही सो ब्रह्म समान ।
कई बिध की बुजरकियां, देखो साहेदी कुरान ।।४।।
कहे छत्ता मगज मुसाफ के, जिनस जंजीरां जोर ।
सब सिफत खास गिरोह की, ए समझें एही मरोर[1] ।।५।।

।।प्रकरण।।७२।।चौपाई।।९१३।।

सास्त्रों की प्रनालिका-राग श्री

जो कोई सास्त्र संसार में, निरने कियो आचार ।
त्रिगुन त्रैलोकी पांच तत्व, ए मोह अहंको विस्तार ।।१।।
निराकार निरंजन सुन्य की, पाई न काल की विध ।
ना प्रकृत पुरूख की, न मोह अहं की सुध ।।२।।
उपज्या याको केहेवही, कहे प्रले होसी ए ।
ब्रह्म बतावें याही में, कहे ए सब माया के ।।३।।
उरझे सब याही में, पार सब्द न काढ़े एक ।
कथ कथ ग्यान जुदे पड़े, द्वैतै में देख देख ।।४।।
किन माया पार न पाइया, किन कह्यो न मूल वतन ।
सरूप न कह्यो काहूं ब्रह्म को, कहे उत चले न मन वचन ।।५।।
जो सास्त्रों की प्रनालिका, कहियत हैं विध इन ।
सो कर देऊं जाहेर, समझो चित चेतन ।।६।।

१. गुझ भेद ।

जो सुख परआतम को, सो आतम न पोहोंचत ।
जो अनुभव होत है आतमा, सो नाहीं जीव को इत ।।७।।

जो कछू सुख जीव को, सो बुध ना अंतस्करन ।
सुख अंतस्करन इंद्रियन को, उतर पोहोंचावे मन ।।८।।

जो सुख मन में आवत, सो आवे ना जुबां मों ।
और जो सुख जुबां से निकसे, सो क्यों पोहोंचे परआतम को ।।९।।

तो कह्या तीत सब्द से, जो कछू इत का पोहोंचे नाहें ।
असत ना मिले सत को, ऐसा लिख्या सास्त्रों मांहें ॥१०॥

जो कछू पिंड ब्रह्मांड की, सब फना कही सास्त्रन ।
अखंड के पार जो अखंड, तहां क्यों पोहोंचे झूठ सुपन ॥११॥

पंडित पढ़े सब इत थके, उत चले ना सब्द बुध मन ।
निरंजन के पार के पार, पोहोंचाऊं याही सास्त्रन ॥१२॥

मेरा अंग पांच तत्व का, इन अंतस्करन विचार ।
केहेनी लीला अछरातीत की, जो परआतम के पार ॥१३॥

ए देह मेरी हद की, इसी देह की अकल ।
धाम धनी सुख बरनन, केहेने चाहे असल ॥१४॥

आतम मेरी हद में, जीव कहे बुधें उतर ।
बुध मन पें कहावे जुबान सों, सो जुबां कहे क्यों कर ॥१५॥

असलें आतम न पाहोंचही, क्यों पोहोंचे जीव ग्यान ।
जो मन देत जुबांन को, सो जुबां करत बयान ॥१६॥

मैं बैठ सुपन की सृष्ट में, बोलूं इन जुबांन ।
जीव सृष्ट क्यों मानहीं, तो भी कर देऊँ नेक पेहेचान ॥१७॥

आतम रोग मिटावने, ए सुख, कहों मांहें सब्द ।
बेहद के पार के पार सुख, सो नेक बताऊं मांहें हद ॥१८॥

मेरे केहेना ब्रह्मसृष्ट को, इन मन जुबां माफक ।
झूठी जिमिएँ याही सास्त्रन सों, जाहेर कर देऊं हक ॥१९॥

साथ मेरा ब्रह्मसृष्ट का, तिन हिरदे साफ करन ।
सो निरमल क्यों होवहीं, धाम अखंड देखाए बिन ॥२०॥

सो हिरदे साफ हुए बिना, क्यों कर पोहोंचे धाम ।
हम भेजे आए धनी के, एही हमारा काम ॥२१॥

सास्त्रों तीनों सृष्ट कही, जीव ईश्वरी ब्रह्म ।
तिनके ठौर जुदे जुदे, ए देखियो अनुकरम ॥२२॥

जीव सृष्ट बैकुंठ लों, सृष्ट ईश्वरी अछर ।
ब्रह्मसृष्ट अछरातीत लों, कहे सास्त्र यों कर ॥२३॥

जो सृष्ट आई जिन ठौर से, घर पोहोंचे आप अपनी ।
पार दरवाजे खोल के, आखिर पोहोंचे कर करनी ॥२४॥

आप अपने वतन पोहोंचते, अटकाव न होवे किन ।
जो जहां से आइया, धनी तहां पोहोंचावे तिन ॥२५॥

जिन जानो सास्त्रों में नहीं, है सास्त्रों में सब कुछ ।
पर जीव सृष्ट क्यों पावहीं, जिनकी अकल है तुच्छ ॥२६॥

लोक जिमी आसमान के, ए सुपन की अकल ।
सो पांच तत्व को छोड़ के, आगे न सकें चल ॥२७॥

जो सुध आचारजों नहीं, सो जीवों नहीं बरतत ।
जाग्रत बुध ब्रह्मसृष्ट में, लिख्या जाहेर होसी आखिरत ॥२८॥

ऐसा सास्त्रों में लिख्या, ब्रह्म ब्रह्मसृष्टी सों ।
इत आए करसी अदल, दे दीदार सब को ॥२९॥

ब्रह्मसृष्टि धाम पोहोंचावसी, और मुक्त देसी सबन ।
कलजुग असुराई मेट के, पार पोहोंचावसी त्रिगुन ॥३०॥

और भी साख नीके देऊँ, कर देखो विचार ।
आखिर अथर्वन वेद पर, सब सृष्टों का मुद्दार ॥३१॥

तीनों वेदों ने यों कह्या, वेद अथर्वन सबको सार ।
ए वेद कुली में आखिर, त्रिगुन को उतारे पार ॥३२॥

ऐसा जाहेर कर लिख्या, पर जिनको नहीं आकीन ।
सो कैसे कर मानहीं, जिनकी मत मलीन ॥३३॥

कहे रसूल खुदा मैं देखिया, और ले आया फुरमान ।
कौल किया आखिर आवने, दीदार होसी सब जहान ॥३४॥

लिख्या है फुरमान में, खुदा काजी होसी आखिर ।
जरे जरे हिसाब लेय के, पोहोंचावे किसमत कर ॥३५॥

मोमिन मुतकी वास्ते, इत आवसी खुदाए ।
भिस्त देसी सबन को, लिख्या है इप्तदाए ॥३६॥

सो समया सरतें सब लिखीं, बीच अथर्वन ।
कहावें पढ़े महंमद के, पर पावें ना आकीन बिन ॥३७॥

रब एक राह चलावसी, देकर अपना इलम ।
करसी कायम सबन को, अपना चलाए हुकम ॥३८॥

सरीयत सो माने नहीं, खुदा बेचून बेचगून ।
कहे खुदाए की सूरत नहीं, बेसबी बेनिमून ॥३९॥

कहे आकीन महंमद पर, ऊपर कयामत और फुरमान ।
और कह्या न माने महंमद का, बड़ा देख्या ए ईमान ॥४०॥

नास्तिक कर बैठे हते, देख वेद कतेब के मांहें ।
पांच तत्व त्रिगुन बिना, कहे और कछुए नाहें ॥४१॥

और कहे नासूत[१] मलकूत[२], और तिन पर ला-मकान[३] ।
पढ़ के वेद कतेब को, करत माएने एह निदान ॥४२॥

१. मृत्युलोक । २. बैकुंठ । ३. निराकार ।

न तो ए सब्द सास्त्रों के, हुती सबों को सुध ।
तो भी पकड़े ला मकान सुन्य को, ऐसी जीवों नास्तिक बुध ॥४३॥

अब जाहेर हुई सृष्ट ब्रह्म की, और जाहेर वतन ब्रह्म ।
अर्स उमत जाहेर हुई, हुई जाहेर सूरत खसम ॥४४॥

खेल देखाया ब्रह्मसृष्ट को, करके हुकम आप ।
ए झूठा खेल कायम किया, करके इत मिलाप ॥४५॥

महामत कहे ब्रह्मसृष्ट को, ऐसा हुआ न होसी कब ।
गुझ सब जाहेर किया, ए जो लीला जाहेर हुई अब ॥४६॥

॥प्रकरण॥७३॥चौपाई॥९५९॥

राग श्री

भवजल चौदे भवन, निराकार पाल चौफेर ।
त्रिगुन लेहेरी निरगुन की, उठें मोह अहं अंधेर ॥१॥

तान तीखे ग्यान इलम के, दुन्द भमरियां अकल ।
बहें पंथ पैंडे आड़े उलटे, झूठ अथाह मोह जल ॥२॥

तामें बड़े जीव मोह जल के, मगर मच्छ विक्राल ।
बड़ा छोटे को निगलत, एक दूजे को काल ॥३॥

घाट ना पाई बाट किने, दिस न काहूं द्वार ।
ऊपर तले मांहें बाहेर, गए कर कर खाली विचार ॥४॥

जीवें आतम अंधी करी, मिल अंतस्करन अंधेर ।
गिरदवाए अंधी इंद्रियां, तिन लई आतम को घेर ॥५॥

पांच तत्व तारा ससि सूर फिरें, फिरें त्रिगुन निरगुन ।
पुरूख प्रकृति यामें फिरें, निराकार निरंजन सुंन ॥६॥

ए चौदे पल में पैदा किए, पांच तत्व गुन निरगुन ।
याही पल में फना हुए, निराकार सुन्य निरंजन ॥७॥

ए चौदे चुटकी में चल जासी, गुन निरगुन सुन्य तत्व ।
निराकार निरंजन सामिल, उड़ जासी ज्यों असत ॥८॥

देत काल परिकरमा इनकी, दोऊ तिमर तेज देखाए ।
गिनती सरत पोहोंचाए के, आखिर सबे उड़ाए ॥९॥

ए इंड जो पैदा किया, ए जो विश्व चौदे भवन ।
इनमें सुध न काहू को, ए उपजाए किन ॥१०॥

हम भी आए इन खेल में, बुध ना कछुए सुध ।
धनी आए अछरातीत, मोहे जगाई कई बिध ॥११॥

कह्या खेल किया तुम कारने, ए जो मांग्या खेल तुम ।
खेल देख के घर चलो, आए बुलावन हम ॥१२॥

निबेरा खीर नीर का, सास्त्र सबों का सार ।
अठोतर सौ पख को, कर दियो निरवार ॥१३॥

कई साखें सास्त्र साधुन[1] की, दे दे कराई पेहेचान ।
मूल सरूप देखाए धाम के, कर सनमंध दियो ईमान ॥१४॥

अंतस्करन में रोसनी, और रोसन करी आतम ।
गुन पख इंद्री रोसन, ऐसा बरस्या नूर खसम ॥१५॥

बोहोत सोर किया मुझ ऊपर, रोए रोए कहे वचन ।
अपनायत अपनी जान के, मोहे खोल दिए द्वार वतन ॥१६॥

क्यों कर कहूं मैं हेत की, जो धनिऐं किए भांत भांत ।
जगाई धाम देखावने, कई विध करी एकांत ॥१७॥

जिन सों सब विध समझिए, ऐसी दई मोहे सुध ।
सास्त्रों आगूं यों कह्या, धनी ले आवसी जाग्रत बुध ॥१८॥

अनेक लिखी निसानियां, करावने हमारी पेहेचान ।
जाने सब कोई सेवें इनको, कई किए साख निसान ॥१९॥

१. साधूओं की, संतों की ।

यों कई बिध समझाई दुनियां, देने हम पर ईमान इस्क ।
धनी नाम खिताब दे अपनों, मुझे बैठाई कर हक ॥२०॥

कई दिन सुनाई मुझ को, श्री मुख की चरचा ।
और सबे विध समझी, पर लग्या न कलेजे घा ॥२१॥

चौदे भवन के जो धनी, विश्व पूजत सब ताए ।
ए सुध नहीं काहू को, कोई और है इप्तदाए ॥२२॥

त्रिगुन इस ब्रह्मांड के, तिनको भी ए सुध नाहें ।
कहां से आए हम कौन हैं, कौन इन जिमी मांहें ॥२३॥

महाविष्णु सुन्य प्रकृती, निराकार निरंजन ।
ए काल द्वैत को कोहै, ए सुध नहीं त्रिगुन ॥२४॥

प्रले पैदा की सुध नहीं, तो ए क्यों जाने अछर ।
लोक जिमी आसमान के, इनकी याही बीच नजर ॥२५॥

अछर सरूप के पल में, ऐसे कई कोट इंड उपजे ।
पल में पैदा करके, फेर वाही पल में खपे ॥२६॥

ए जो न्यारा पारब्रह्म, इनकी भी करी रोसन ।
ए जो अछर अद्वैत, भी कहे तिनके पार वचन ॥२७॥

सो अछर मेरे धनी के, नित आवें दरसन ।
ए लीला इन भांत की, इत होत सदा बरतन[1] ॥२८॥

अछरातीत के मोहोल में, प्रेम इस्क बरतत ।
सो सुध अछर को नहीं, जो किन विध केलि[2] करत ॥२९॥

सो धाम वतन मोहे कर दियो, मेरो अछरातीत धनी ।
ब्रह्म सृष्ट मिनें सिरोमन, मैं भई सोहागिनी ॥३०॥

साख गुन पख इंद्रियां, आतम परआतम साख ।
सास्त्र सब ब्रह्मांड के, देत भाख[3] भाख कई लाख ॥३१॥

१. वर्तना, इस्तेमाल । २. खेल, क्रीड़ा । ३. विभिन्न भाषाओं द्वारा ।

ऐसा सुच्छम सरूप देखाए के, दे धाम करी चेतन ।
इत विलास कई बिध के, मांहें सिरदारी सैयन ॥३२॥

ऐसी साख देवाई कर सनमंध, आतम करी जाग्रत ।
सो आए धनी मेरे धाम से, कही विवेके कयामत ॥३३॥

ऐसे कई सुख परआतम के, अनुभव कराए अंग ।
तो भी इस्क न आइया, नेहेचल धनी सों रंग ॥३४॥

इन धाम की लीला मिने, इन धनी की अरधांग ।
तो भी प्रेम ना उपज्या, कोई आतम भई ऐसी अंध ॥३५॥

तब आप अंतरध्यान होए के, भेज दिया फुरमान ।
हम को इस्क उपजावने, इत कई विध लिखे निसान ॥३६॥

इन बिध देने ईमान, उपजावने इस्क ।
सो इस्क बिना न पाइए, ए जो नूर तजल्ला हक ॥३७॥

॥प्रकरण॥७४॥चौपाई॥९९६॥

राग श्री साखी

मेरे धनी धाम के दुलहा, मैं कर ना सकी पेहेचान ।
सो रोऊं मैं याद कर कर, जो मारे हेत के बान ॥१॥

सोई दरद अब आइया, लग्या कलेजे घाए ।
अब ए अचरज होत है, जो मुरदे रहत अरवाहे ॥२॥

अपनायत केती कहूं, जो करी हमसों तुम ।
नींद उड़ाई बुलावने, पोहोंचाया कौल हुकम ॥३॥

क्या रोई क्या रोऊंगी, उठी आग इस्क ।
थिर चर सारा जलिया, जाए झालां पोहोंची हक ॥४॥

जो साहेब मैं देखिया, सो मिले होए सुख चैन ।
तब लग आतम रोवत, सूके लोहू पानी नैन ॥५॥

जो पट आड़े धाम के, मैं ताए देऊं जार बार ।
कोई बिध करके उड़ाइए, ए जो लाग्यो देह विकार ।।६।।

बन बेली सब रोइया, और जंगल जानवर ।
कई पसु पंखी केते कहूं, जले जो दरदा कर ।।७।।

जंगल रोया जलिया, जल बल हुआ खाक ।
इनमें पंखी क्यों रहे, जो पर जल हुए पाक ।।८।।

पहाड़ रोए टूटे टुकड़े, हुए हैं भूक भूक ।
भवजल रोया सागर, सो गया सारा सूक ।।९।।

भोम रोई भली भांत सों, टूट गई रसातल ।
नाग लोक सब रोइया, सो पड़या जाए पाताल ॥१०॥

रोए पांच तत्व तीन गुन, निरंजन निराकार ।
रोई द्वैत पुरूख प्रकृती, पट उड़यो अंतर आकार ॥११॥

आकास रोया सब अंगों, मोह अहं गल्यो चहुंओर ।
निराकार निरंजन गलया, जाए रहया अंतर ठौर ॥१२॥

इस्कें आग फूंक दई, लाग्यो सब ब्रह्मांड ।
जब पोहोंची झालां अंतर लों, तब क्यों रहे ए पिंड ॥१३॥

आग इस्क ऐसी उठी, लोहू रोया वैराट ।
खाक हुआ जल बल के, उड़ गया सब ठाट ॥१४॥

महामत कहे मेहेबूब जी, खेल देख्या चाहया दिल ।
हांसी करी भली भांत सों, अब उठो सुख लीजे मिल ॥१५॥

।।प्रकरण।।७५।।चौपाई।।१०११।।

राग श्री

निज नाम सोई जाहेर हुआ, जाकी सब दुनी राह देखत ।
मुक्त देसी ब्रह्मांड को, आए ब्रह्म आतम सत ।।१।।

हो मेरी सत आतमा, तुम आओ घर सत खसम ।
नजर छोड़ो री झूठ सुपन, आए देखो सत वतन ।।२।।

तुम निरखो सत सरूप, सत स्यामाजी रूप अनूप[1] ।
साजो री सत सिनगार, विलसो संग सत भरतार ।।३।।

सत धनी सों करो हांस, पीछे करो प्रेम विलास ।
सत बरनन कीजो एह, उपजे सत प्रेम सनेह ।।४।।

सत साथ देत देखाई, सत आनन्द अंग न माई ।
सत साथ सों करो प्रीत, देखो सत घर की ए रीत ।।५।।

सत रेहेस सत रंग, सत साथ को सुख अभंग ।
तुम संग करो सत बातें, सत दिन और सत रातें ।।६।।

सत चांद और सत सूर, हिसाब बिना सत नूर ।
सत सोभा सत मंदिर, सत सुख सेज्या अंदर ।।७।।

सत जिमी सत बन, खुसबोए सत पवन ।
लेहेरी लेवे सत जल, सत आकास निरमल ।।८।।

सत पसु पंखी अलेखें, सत खेल राज साथ देखें ।
सत खेलें बोलें बन माहीं, सत सुख हिसाब काहूं नाहीं ।।९।।

रूत रंग रस नए नए, अलेखे सदा सुख कहे ।
सत जमुना त्रट किनारें, दोऊ तरफ बराबर हारें ॥१०॥

सत डारी झलूबे ऊपर जल, खुसबोए हिंडोले सीतल ।
सत सुख तलाब के त्रट, खोल देखो नैना पट ॥११॥

पसु गाए लगावें रट, गिरदवाए द्योहरी निकट ।
बड़ा अचरज मोहे एह, ए सुन क्यों रहे झूठी देह ॥१२॥

ए खेल झूठा तो छोड़या जाए, जो सत सुख अंग में भराए ।
जब सत सुख देखो केलि, तब झूठा दुख देओगे ठेलि ॥१३॥

१. सुन्दर, अनुपम ।

सत सांई सों करो विलास, तब टूट जाए झूठी आस ।
ज्यों ज्यों लेओगे सत सुख, त्यों त्यों छूटे असत दुख ॥१४॥
ज्यों ज्यों उठें सत सुख के तरंग, त्यों त्यों उड़े सुपन को संग ।
जब याद आवे सुख अपनों, तब छूटेगो झूठो सुपनो ॥१५॥
देखो मन्दिर मोहोल झरोखे, ज्यों छूट जाए दुख धोखे ।
देखो झूठी फेर फेर मारे, सत सुख बिना कोई न उबारे ॥१६॥
छोड़ घर को सुख अलेखे, आतम काहे को दुखड़ा देखे ।
आतम परआतम पेखे, सुख उपजे सत अलेखे ॥१७॥
जब आतम ने दई साख, साथें भी कही बेर लाख ।
सत धनिएं साख आए दई, सो तो सत वतन वालों ने लई ॥१८॥
आतम ने सत परचे पाए, तो भी झूठा दुख छोड़या न जाए ।
जब सत सुख पाया रस, जीवरा तबहीं चल्या निकस ॥१९॥
जब सत सुख लाग्यो रंग, तब क्यों रहे झूठे को संग ।
जब धनीसों उपज्यो सत सनेह, तब क्यों रहे झूठी देह ॥२०॥
जब सत सुख हिरदे में आवे, अरवा तबहीं निकस के जावे ।
जब सत सुख धनी पाया, तब जीवरा क्योंकर पकरे काया ॥२१॥
जब अंतर आंखां खुलाई, तब तो बाहेर की मुंदाई ।
जब अंतर में लीला समानी, तब अंग लोहू रह्या न पानी ॥२२॥
जब देख्या हांस विलास, गल गया हाड मांस स्वांस ।
जब अंतर आया सुमरन, रह्यो अंग ना अंतस्करन ॥२३॥
जब याद आयो सुख अखंड, तब रहे ना पिंड ब्रह्मांड ।
जब चढ़े विकट घाटी प्रेम, तब चैन ना रहे कछू नेम ॥२४॥
महामत कहे सुनो साथ, देखो खोल बानी प्राणनाथ ।
धनी ल्याए धाम से वचन, जिनसे न्यारे न होए चरन ॥२५॥

॥प्रकरण॥७६॥चौपाई॥१०३६॥

राग श्री

वतन बिसारिया रे, छलें किए हैरान ।
धनी आप बुध भूलियां, सुध न रही वृद्धि हान ।।१।।

ब्रह्मसृष्ट सखियां धाम की, आइयां छल देखन ।
जुदे जुदे घर कर बैठियां, खेलें भुलाए दिया वतन ।।२।।

धाम से रब्द करके, हम कब आवें दूजी बेर ।
सब भूले सुध हार जीत की, तो मैं कह्या फेर फेर ।।३।।

माहों मांहें कई प्रीत रीतसों, खेलें हँसें रस रंग ।
पेहेचान जिनों को पेड़ की, धनी को रिझावें सेवा संग ।।४।।

कई मिनो मिने काल क्रोध सों, लड़ाई करते दिन जाए ।
सेवा धनी न प्रीत सैयन सों, सो डारी आसमान से पटकाए ।।५।।

कई सेवें धनीय को, करके प्रेम सनेह ।
हम सैयों को पेहेचान पेड़ की, होसी धाम में धंन धंन एह ।।६।।

कई अवगुन लेवें धनीय का, करें आप भी अवगुन ।
नाहीं सनेह सुख साथ सों, यों वृथा खोवें रात दिन ।।७।।

तुम सूती धनिएं जगाइया, कह्या आगे मौत का दिन ।
कई साख पुराई आपे अपनी, तो भी छूटे न दुख अगिन ।।८।।

सुख देखाए वतन के, सो भी कायम सुख अलेखे ।
तो भी छल छूटे नहीं, जो आपे आंखें अपनी देखे ।।९।।

देख के अवसर भूलहीं, बहोरि[1] न आवे ए अवसर ।
जानत हैं आग लगसी, तो भी छूटे ना छल क्योंए कर ॥१०॥

पीछे पछतावा क्या करे, जब गया समया चल ।
ऐसे क्यों भूलें अंकूरी, जाके सांचे घर नेहेचल ॥११॥

१. दुबारा ।

जो जाग बातें करें उमंगसों, सो हंस हंस ताली दे ।
जिन नींद दई सुख इंद्रियों, सो उठी उंघाती दुख ले ॥१२॥

क्या बल केहेसी कायर माया को, जो गए सागर में रल ।
सामें पूर जो चढ़या होसी, सो केहेसी तिखाई मोह जल ॥१३॥

दे साख धनिऐं जगाइया, दई बिध बिध की सुध ।
भांत भांत दई निसानियां, तो भी ठौर न आवे निज बुध ॥१४॥

महामत कहे जो होवे धाम की, सो पेहेचान के लीजो लाहा ।
ले सको सो लीजियो, फेर ऐसा न आवे समया ॥१५॥

॥प्रकरण॥७७॥चौपाई॥१०५१॥

राग श्री

सखी री जान बूझ क्यों खोइए, ऐसा अलेखे सुख अखण्ड ।
सो जाग देख क्यों भूलिए, बदले सुख ब्रह्मांड ॥१॥

कई कोट राज बैकुंठ के, न आवे इतके खिन समान ।
सो जनम वृथा जात है, कोई चेतो सुबुध सुजान ॥२॥

एक खिन न पाइए सिर साटें[1], कई मोहोरों पदमों लाख करोड़ ।
पल एक जाए इन समें की, कछू न आवे इन की जोड़ ॥३॥

इन समें खिन को मोल नहीं, तो क्यों कहूं दिन मास बरस ।
सो जनम खोया झूठ बदले, पिउसों भई ना रंग रस ॥४॥

काहूं बदले न पाइए, कई दौड़त मुझ देखत ।
पर रास न आया किनको, जो लों धनी नहीं बकसत ॥५॥

सुख अखण्ड अछरातीत को, इन समें पाइयत हैं इत ।
कहा कहूं कुकरम तिनके, जो मांहें रेहे के खोवत ॥६॥

कैयों खोया जनम अपना, रहे धनी के जमाने मांहें ।
हाए हाए कहा कहूं मैं तिनको, जो इनमें से निरफल जाए ॥७॥

१. बदले ।

कैयों जनम सुफल किए, ऐसा पिउ का समया पाए ।
सेवा सनमुख जनम लों, लिया हुकम सिर चढ़ाए ।।८।।

एक साइत वृथा न गई, धनी किए सनकूल ।
चले चित्त पर होए आधीन, परी ना कबहूं भूल ।।९।।

सो इत भी होए चले धंन धंन, धाम धनी कहें धंन धंन ।
साथ में भी धंन धंन हुइयां, याके धंन धंन हुए रात दिन ॥१०॥

कई छिपे रहे मांहें दुस्मन, और मारें राह औरन ।
चाल उलटी चल देखावहीं, तो भी धनी ना तजें तिन ॥११॥

दृष्ट उपली सजन हो रहे, बोल देखावें मीठे बैन ।
जनम सारा धनी संग रहे, कबूं दिल न दिया सुख चैन ॥१२॥

इन बिध कई रंग साथ में, यों बीते कई बीतक ।
सब पर मेहेर मेहेबूब की, पर पावे करनी माफक ॥१३॥

दुख माया धनीपें मांग के, हम आए जिमी इन ।
सो छल सरूप अपनो देखावहीं, तो भी भूलें नहीं सोहागिन ॥१४॥

और भी देखो विचार के, तो हुकमें सब कछू होए ।
बिना हुकम जरा नहीं, हार जीत देखावे दोए ॥१५॥

महामत कहें लिया मांग के, ए धनिएं देखाया छल ।
जो सनमुख रहेसी धनी धामसों, सो केहेसी छल को बल ॥१६॥

।।प्रकरण।।७८।।चौपाई।।१०६७।।

राग श्री मारू

साथजी पेहेचानियो, ए बानी समया फजर ।
हुई तुमारे कारने, खोल देखो निज नजर ।।१।।

त्रिविध दुनी तीन ठौर की, चले तीन विध मांहें ।
कोई छोड़े न अंकूर अपना, होवे करनी तैसी तांहें ।।२।।

सुरता तीनों ठौर की, इत आई देह धर ।
ए तीनों रोसन नासूत में, किया बेवरा इमामें आखिर ।।३।।

इन विध जाहेर कर लिख्या, सास्त्रों के दरम्यान ।
तीन सृष्ट आई जुदी जुदी, पोहोंचे अपने ठौर निदान ।।४।।

त्रिगुन से पैदा हुई, ए जो सकल जहान ।
सो खेले तीनों गुन लिए, नाहीं एक दूजे समान ।।५।।

आतम एक्यासी पख ले, सब दुनियां में खेलत ।
मोह अहं मूल इनको, सब याही बीच फिरत ।।६।।

मोह अहं गुन की इंद्रियां, करे फैल पसु परवान ।
फिरे अवस्था तीन में, ए जीव सृष्ट पेहेचान ।।७।।

सुबुध निकट न आवहीं, चले बेहेर दृष्ट ।
आतम दृष्ट न लेवहीं, तो कही सुपन की सृष्ट ।।८।।

जाग्रत तरफ दुनीय की, सोवत सुपना ले ।
देखत सुपना नींद सें, ए तीनों अवस्था जीव के ।।९।।

और सृष्ट जो ईश्वरी, कही जाग्रत सृष्ट आतम ।
सुबुध अंग करनी सुध, चले फुरमान हुकम ॥१०॥

एही सृष्ट ईश्वरी जाग्रत, आई अछर नूर से जे ।
मेहेर ले मेहेबूब की, रहे तुरी अवस्था ए ॥११॥

ब्रह्मसृष्टी आई अर्स से, जीत इंद्री सुध अंग ।
छोड़ मांहें बाहेर दृष्ट अंतर, परआतम धनी संग ॥१२॥

एक सुख नेहेचल धाम को, और सुख अखंड अछर ।
तीसरो बैकुंठ सुपनों, ए त्रिधा सृष्ट यों कर ॥१३॥

कृपा है कई विध की, ए जो तीनों सृष्ट ऊपर ।
एक एक पर कई विध, इनका बेवरा सुनो दिल धर ॥१४॥

कृपा करनी माफक, कृपा माफक करनी ।
ए दोऊ माफक अंकूर के, कई कृपा जात ना गिनी ॥१५॥

धाम अंकूर एक बिध को, कई विध कृपा केलि ।
ए माफक कृपा करनी भई, करने खुसाली खेलि ॥१६॥

सृष्ट ईश्वरी कही अंकूरी, औरों अंकूर दिए कई ।
तिन जुदा जुदा ठौर नेहेचल, कृपा अंकूर से भई ॥१७॥

भिस्त होसी आठ विध की, और आठ विध का अंकूर ।
हर अंकूर कृपा कई विध, ले उठसी नेहेचल नूर ॥१८॥

करनी देखाई अंकूर की, हुई तीनों की तफावत[1] ।
सो तीनों रोसन भए, चढ़ते तराजू बखत ॥१९॥

करनी छिपी ना रहे, न कछू छिपे अंकूर ।
मेहेर भी माफक अंकूर के, उदे होत सत सूर ॥२०॥

क्या गरीब क्या पातसाह, क्या नजीक क्या दूर ।
निकस आया सबन का, तीन बिध का अंकूर ॥२१॥

हर एक के तीन तीन, तिन तीनों के सत्ताईस ।
यों चढ़ते तराजू चढ़े, नफा नसल न नाते रीस[2] ॥२२॥

दया भी तिन पर होएसी, जिनके असल अंकूर ।
अव्वल मध और आखिर, सनमुख सदा हजूर ॥२३॥

ए छल जिमी करम करावहीं, आपको बुरा न चाहे कोए ।
तो भी मेहेर न छोड़े मेहेबूब, पर करनी छल बस होए ॥२४॥

जाहेर हुई सबन की, आखिर गिरो आकल[3] ।
अंदर की उदे हुई, समें पावने फल ॥२५॥

छिपी किसी की ना रहे, करना धनी अदल[4] ।
सांच झूठ जैसा जिनों, चढ़ आया तराजू दिल ॥२६॥

१. अंतर । २. होड़ । ३. बुद्धिमान । ४. न्याय ।

वतन के अंकूर बिना, इत दुनी करे कई बल ।
मुक्त सुख इत होएसी, पर पावे न धाम नेहेचल ॥२७॥

कई आए अनुभव लेयके, सो पीछे दिए पटकाए ।
धनी दया अंकूर बिना, किन सत सुख लियो न जाए ॥२८॥

कदी सौ बरस रहो साथ में, धनी अनुभव सौ बेर ।
मूल अंकूर दया बिना, ले करमें डाले अंधेर ॥२९॥

दया और अंकूर की, छिपे न करनी नूर ।
मन वाचा करम बांध के, दूजा ऐसा कर ना सके जहूर[1] ॥३०॥

महामत कहे तिन वास्ते, ए तीनों हैं सामिल ।
करनी कृपा अंकूर, वाके छिपे ना अमल[2] ॥३१॥

॥प्रकरण॥७९॥चौपाई॥१०९८॥

राग श्री

मेरे मीठे बोले साथ जी, हुआ तुमारा काम ।
प्रेमै में मगन होइयो, खुल्या दरवाजा धाम ॥
सखी री धाम जईए ॥टेक ॥१॥

दौड़ सको सो दौड़ियो, आए पोहोंच्या अवसर ।
फुरमान में फुरमाइया, आया सो आखिर ॥२॥

बरनन करते जिनको, धनी केहेते सोई धाम ।
सेवा सुरत संभारियो, करना एही काम ॥३॥

बन विसेखे देखिए, मांहें खेलन के कई ठाम ।
पसु पंखी खेलें बोलें सुन्दर, सो मैं केते लेऊं नाम ॥४॥

स्याम स्यामा जी सुन्दर, देखो करके उलास ।
मनके मनोरथ पूरने, तुम रंग भर कीजो विलास ॥५॥

१. प्रकास । २. चाल (आचरण) ।

इस्क आयो पिउ को, प्रेम सनेही सुध ।
विविध विलास जो देखिए, आई जागनी बुध ।।६।।
आनंद वतनी आइयो, लीजो उमंग कर ।
हँसते खेलते चलिए, देखिए अपनों घर ।।७।।
सुख अखंड जो धाम को, सो तो अपनों अलेखें ।
निपट आयो निकट, जो आंखां खोल के देखे ।।८।।
अंग अनुभवी असल के, सुखकारी सनेह ।
अरस परस सबमें भया, कछु प्रेमें पलटी देह ।।९।।
मंगल गाइए दुलहे के, आयो समें स्यामा वर स्याम ।
नैनों भर भर निरखिए, विलसिए रंग रस काम ॥१०॥
धाम के मोहोलों सामग्री, माहें सुखकारी कई बिध ।
अंदर आखें खोलिए, आई है निज निध ॥११॥
विलास विसेखें उपज्या, अंदर कियो विचार ।
अनुभव अंगे आइया, याद आए आधार ॥१२॥
दरदी विरहा के भीगल[1], जानों दूरथें आए विदेसी ।
घर उठ बैठे पल में, रामत देखाई ऐसी ॥१३॥
उठके नहाइए जमुना जी, कीजे सकल सिनगार ।
साथ सनमंधी मिल के, खेलिए संग भरतार ॥१४॥
महामत कहे मलपतियां[2], आओ निज वतन ।
विलास करो विध विध के, जागो अपने तन ॥१५॥

।।प्रकरण।।८०।।चौपाई।।१११३।।

राग मारू

सुन्दर साथजी ए गुन देखो रे, जो मेरे धनिएँ किए अलेखे ।।टेक।।
क्यों ए न छोड़े माया हम को, हम भी छोड़ी न जाए ।
अरस-परस यों भई बज्र[3] में, सो मेरे धनिएँ दई छुटकाए ।।१।।

१. मग्न । २. मुस्कुराती । ३. अमिट ।

कोई ना निकस्या इन माया से, अव्वल सेती आज दिन ।
सो धनिएँ बल ऐसो दियो, हम तारे चौदे भवन ।।२।।

आगे हुई ना होसी कबहूं, हमें धनिएँ ऐसी सोभा दई ।
सब पूजें प्रतिबिंब हमारे, सो भी अखंड में ऐसी भई ।।३।।

धनिएँ भिस्त कराई हमपे, किल्ली हाथ हमारे ।
लोक चौदे हम किए नेहेचल, सेवें नकल हमारी सारे ।।४।।

ऐसी बड़ाई दई हम गिरो को, और किए औरों के अधीन ।
फेर कहे इन पिउ पेहेचाने, याही में आकीन ।।५।।

चौदे भवन को दिया आकीन, सो भी कहे गिरो बल दिया ।
सोभा अलेखें कहूं मैं केती, ऐसा धनिएँ हमसों किया ।।६।।

बिन जाने बिन पेहेचाने कई सुख, ऐसे धनिएँ हमको देखाए ।
अबलों गिरो न जाने धनी गुन, सो जागनी हिरदे चढ़ आए ।।७।।

ऐसे ब्रह्मांड अलेखें अछरथें, पलथें पैदा फना होत ।
ऐसे इंड में चींटी बराबर, हम गिरो हुई उद्दोत[1] ।।८।।

सो चींटी सहूर दे समझाई, धनिएँ आप जैसे कर लिए ।
कर सनमंध अछरातीत सों, ले धनी धाम के किए ।।९।।

अवगुन अलेखें हम किए पिउसों, तापर ऐसे धनी के गुन ।
कई विध सुख ऐसे धनीय के, क्यों कर कहूं जुबां इन ॥१०॥

इन विध सुख दिए अलेखें, ऐसे गुन मेरे पिउ ।
तामें एक गुन जो याद आवे, तो तबहीं निकस जाए जिउ ॥११॥

महामत कहे गुन इन धनी के, सो इन मुख कहे न जाए ।
एक गुन जो याद आवे, तो तबहीं उड़े अरवाए ॥१२॥

।।प्रकरण।।८१।।चौपाई।।११२५।।

१. प्रकट ।

राग श्री

सखीरी मेहेर बड़ी मेहेबूब की, अखंड अलेखे ।
अंतर आंखां खोलसी, ए सुख सोई देखे ।।१।।
न था भरोसा हम को, जो भवजल उतरें पार ।
इन जुबां केती कहूं, इन मेहेर को नाहीं सुमार ।।२।।
मेरे दिल की देखियो, दरद न कछू इस्क ।
ना सेवा ना बंदगी, एह मेरी बीतक ।।३।।
मेहेरें हमको ऐसा किया, करी वतन रोसन ।
मुक्त दे सचराचर[1], हम तारे चौदे भवन ।।४।।
क्यों मेहेर मुझ पर भई, ए थी दिल में सक ।
मैं जानी मौज मेहेबूब की, वह देत आप माफक ।।५।।
बढ़त बढ़त मेहेर बढ़ी, वार न पाइए पार ।
एक ए निरने में ना हुई, वाको वाही जाने सुमार ।।६।।
और मेहेर ए देखियो, कर दियो धाम वतन ।
साख पुराई सब अंगों, यों कई विध कृपा रोसन ।।७।।
अंदर सब मेरे यों कहें, धाम से आए मांहें सुपन ।
है सनमंध धनी धामसों, ए साख मेहेर से उतपन ।।८।।
मेरे सतगुर धनिएँ यों कह्या, और कह्या वेद पुरान ।
सो खोल दिए मोहे माएने, कर दई आतम पेहेचान ।।९।।
सब मिल साख ऐसी दई, जो मेरी आतम को घर धाम ।
सनमंध मेरा सब साथ सों, मेरो धनी सुंदर वर स्याम ॥१०॥
इत अछर आवे नित्याने, मेरे धनी के दीदार ।
ए निसबत भई हम गिरोह की, क्यों कहूं इन सुख को पार ॥११॥

१. चल अचल ।

ए आतम को नेहेचे भयो, संसे दियो सब छोड़ ।
परआतम मेरी धाम में, तो कही सनमंध संग जोड़ ॥१२॥

परआतम के अंतस्करन, जेती बीतत बात ।
तेती इन आतम के, करत अंग साख्यात ॥१३॥

ए भी धनिएँ श्रीमुख कह्या, और दई साख फुरमान ।
ए दोऊ मिल नेहेचे कियो, यों भई दृढ़ परवान ॥१४॥

और मेहेर ए देखियो, ऐसा कर दिया सुगम ।
बिन कसनी बिन भजन, दियो धाम धनी खसम ॥१५॥

ना जप तप ना ध्यान कछू, ना जोगारंभ[1] कष्ट ।
सो देखाई बृज रास में, एही वतन चाल ब्रह्मसृष्ट ॥१६॥

चलत चाल घर अपने, होए न कसाला किन ।
आयस[2] कछू न आवहीं, सब अपनी में मगन ॥१७॥

सोई गुन पख इंद्रियां, धाम वतन की देह ।
सोई मिलना परआतम का, सब सुखै के सनेह ॥१८॥

सोई सेहेज सोई सुभाव, सोई अपना वतन ।
सोई आसा लज्या सोई, सोई करना न कछू अन[3] ॥१९॥

सोई लोभ सोई लालच, सोई अपनों अहंकार ।
सोई काम प्रेम करतब, सोई अपना वेहेवार ॥२०॥

सोई मन बुध चितवन, सोई मिलाप सैयन ।
सोई हाँस विलास सोई, करते रात दिन ॥२१॥

धाम लीला जाहेर करी, विध विध की रोसन ।
दिया सुख अखण्ड दुनी को, और कायम किए त्रिगुन ॥२२॥

जो जागो सो देखियो, ए लीला सब्दातीत ।
मेहेरें इत प्रगट करी, मूल धाम की रीत ॥२३॥

१. योगाभ्यास । २. पश्चाताप । ३. अन्य (और) ।

हुकम सरत इत आए मिली, जो फुरमाई थी फुरमान ।
महामत साथ को ले चले, कर लीला निदान ॥२४॥

॥प्रकरण॥८२॥चौपाई॥११४९॥

राग श्री

धंन धंन ए दिन साथ आनंद आयो॥ टेक॥

अखण्ड में याद देने, ए जो बैन बजायो ।
चित दे साथ को ले, आप में समायो ॥१॥

अखण्ड में याद देने, ए जो खेल बनायो ।
बृज रास जागनी में, ए जो खेल खेलायो ॥२॥

पिउ ने प्रकास्यो पेहेले, आयो सो अवसर ।
बृज ले रास में खेले, खेले निज घर ॥३॥

विध विध विलास हाँस, अंग थें उतपन ।
नए नए सुख सनेह, हुए हैं रोसन ॥४॥

चेहेन चरित्र चातुरी, बृज रास की लई ।
अनुभव असलू अंग में, आए चढ़ी धाम की सही ॥५॥

बढ़त बढ़त प्रीत, जाए लई धाम की रीत ।
इन विध हुई है इत, साथ की जीत ॥६॥

झूठी जिमी में बैठाए के, देखाए सुख अपार ।
कौन देवे सुख दूजा ऐसे, बिना इन भरतार ॥७॥

मैं सुन्यो पिउ जी पे, श्री धाम को बरनन ।
सो भेदयो रोम रोम मांहें, अंग अन्तस्करन ॥८॥

छक्यो साथ प्रेम रस मातो, छूटे अंग विकार ।
परआतम अन्तस्करन उपज्यों, खेले संग आधार ॥९॥

दुलहे ने दिल हाल दे, खैंच लिए दिल सारे ।
कहा कहूं सुख इन विध, जो किए हाल हमारे ॥१०॥

मद[1] चढ़्यो महामत भई, देखो ए मस्ताई ।
धाम स्याम स्यामाजी साथ, नख सिख रहे भराई ॥११॥

अन्तस्करन निसान आए, ले आतम को पोहोंचाए ।
इन चोटें ऐसे चुभाए, नींद दई उड़ाए ॥१२॥

चढ़ते चढ़ते रंग सनेह, बढ़्यो प्रेम रस पूर ।
बन जमुना हिरदे चढ़ आए, इन विध हुए हजूर ॥१३॥

पिए हैं सराब प्रेम, छूटे सब बंधन नेम ।
उठ बैठे मांहें धाम, हँस पूछे कुसल[2] खेम ॥१४॥

महामत महामद चढ़ी, आयो धाम को अहमद[3] ।
साथ छक्यो सब प्रेम में, पोहोंचे पार बेहद ॥१५॥

॥प्रकरण॥८३॥चौपाई॥११६४॥

राग श्री धना श्री

धंन धंन सखी मेरे सोईरे दिन, जिन दिन पियाजी सो हुओ रे मिलन ।
धंन धंन सखी मेरे हुई पेहेचान, धंन धंन पिउ पर मैं भई कुरबान ॥१॥

धंन धंन सखी मेरे नेत्र अनियाले[4], धंन धंन धनी नेत्र मिलाए रसाले ।
धंन धंन मुख धनी को सुन्दर, धंन धंन धनी चित चुभायो अन्दर ॥२॥

धंन धंन धनी के वस्तर भूखन, धंन धंन आतम से न छोडूं एक खिन ।
धंन धंन सखी मैं सजे सिनगार, धंन धंन धनिऐं मोकों करी अंगीकार[5] ॥३॥

धंन धंन सखी मैं सेज बिछाई, धंन धंन धनी मोको कंठ लगाई ।
धंन धंन सखी मेरे सोई सायत, धंन धंन विलसी मैं पिउसों आयत[6] ॥४॥

धंन धंन सखी मेरी सेज रस भरी, धंन धंन विलास मैं कई विध करी ।
धंन धंन सखी मेरे सोई रस रंग, धंन धंन सखी मैं किए स्याम संग ॥५॥

१. मस्ती । २. हाल चाल । ३. गर्व पूर्ण मस्ती । ४. बांके । ५. स्वीकार । ६. अनायास, अचानक ।

धंन धंन सखी मोको कहे दिल के सुकन, धंन धंन पायो मैं तासों आनंद घन ।
धंन धंन मनोरथ किए पूरन, धंन धंन स्यामें सुख दिए वतन ।।६।।

धंन धंन सखी मेरे पिउ कियो विलास, धंन धंन सखी मेरी पूरी आस ।
धंन धंन सखी मैं भई सोहागिन, धंन धंन धनी मुझ पर सनकूल मन ।।७।।

धंन धंन सखी मेरे मन्दिर सोभित, धंन धंन सरूप सुन्दर प्रेम प्रीत ।
धंन धंन चौक चबूतरे सुन्दर, धंन धंन मोहोल झरोखे अन्दर ।।८।।

धंन धंन जवेर नकस चित्रामन, धंन धंन देखत कई रंग उतपन ।
धंन धंन थंभ गलियां दिवाल, धंन धंन सखियां करे लटकती चाल ।।९।।

धंन धंन सखी मेरे भयो उछरंग, धंन धंन सखियों को बाढ़यो रस रंग ।
धंन धंन सखी मैं जोवन मदमाती, धंन धंन धाम धनी सों रंगराती ॥१०॥

धंन धंन साथ मुख नूर रोसन, धंन धंन सुख सदा धाम वतन ।
धंन धंन सखी मेरे भूखन झलकार, कौन विध कहूं न पाइए पार ॥११॥

धंन धंन नूर सबमें रह्यो भराई, देखे आतम सो मुख कह्यो न जाई ।
धंन धंन साथ छक्यो अलमस्त, धंन धंन प्रेम माती महामत ॥१२॥

।।प्रकरण।।८४।।चौपाई।।११७६।।

राग श्री
तीन विध का चलना

ए जो कही जागन, सखी री जाग चलो ।। टेक।।

वचन नीके विचारियो, जो कोई सोहागिन ।
जाग चलो पिउसों मिलो, सुख अखण्ड आनन्द अति घन ।।१।।

जाग्रत सब्द धनीय के, ततखिन करें मकसूद[1] ।
सोई सब्द लिए बिना, होए जात नाबूद[2] ।।२।।

कई किताबें या बानियां, कही मैं साथ कारन ।
इनमें से मैं मेरे सिर, लिया ना एक वचन ।।३।।

१. इच्छा पूर्ती । २. नष्ट ।

ए जो जाग्रत वचन, सुपन रहे ना आगूं जाग ।
पर लिया ना सिर अपने, तो रही सुपन देह लाग ।।४।।

अबहीं जो सिर लीजिए, एक वचन जाग्रत ।
तो तबहीं जाग के बैठिए, उड़ जाए सुपन सुरत ।।५।।

ए वचन ऐसे जाग्रत, जगावत ततखिन ।
जो न लीजे सिर अपने, तो कहा करे वचन ।।६।।

मैं न लिया सिर अपने, तो कहा देऊं दोष औरन ।
जागे सुपना क्यों रहे, पर हुआ हाथ इजन[1] ।।७।।

जाग्रत वचन अनुभवें, अखंड घर वतन ।
अचरज बड़ो होत है, देह उड़त ना झूठ सुपन ।।८।।

साख देवाई सब अंगों, दया और अंकूर ।
अनुभव वतनी होत है, देह होत न झूठी दूर ।।९।।

मैं बिध बिध करके वचनों, मारे ३तरवारों घाए ।
टूक टूक जुदे करहीं, तो भी उड़त नहीं अरवाहे ॥१०॥

सब्द बान सतगुर के, रोम रोम निकसे फूट ।
बड़ा अचंभा होत है, देह जात न झूठी टूट ॥११॥

मैं जान्या अपने तन को, मारों भर भर बान ।
तिनसे झूठी देह को, फना करों निदान ॥१२॥

ए सब्द धनी फुरमान के, भी ले अनुभव आतम ।
तिनसे उड़ाऊं सुपना, पर कोई साइत[2] हाथ हुकम ॥१३॥

अब तो आतम ने ए दृढ़ किया, देह उड़े ना बिना इस्क ।
जोस इस्क दोऊ मिलें, तब उड़े देह बेसक ॥१४॥

दुख ना दीजे देह को, सुखे छोड़िए सरीर ।
ए सिध इन विध होवहीं, जो जोस इस्क करे भीर[3] ॥१५॥

१. हुकम । २. शुभ घड़ी । ३. जोर लगाना ।

अब दौड़े जोस इस्क को, याद कर साथ धनी धाम ।
ए धनी बिना ना आवहीं, जोस इस्क प्रेम काम ॥१६॥
तामस राजस स्वांतस, चलें मांहें गुन तीन ।
वचन अनुभव इस्क, हुआ जाहेर आकीन ॥१७॥
हँसें खेलें बिध तीनमें, छोड़े देह सुपन ।
महामत कहें सुख चैन में, धनी साथ मिलन ॥१८॥

॥प्रकरण॥८५॥चौपाई॥११९४॥

राग श्री

साथ जी जागिए, सुनके सब्द आखिर ।
सकल आउध अंग साज के, दौड़ मिलिए धनी निज घर ॥१॥
धनी के केहेलाए मैं कहे, तुमको चार सब्द ।
किन ज्यादा किन कम लिए, किन कर डारे रद ॥२॥
किन कम किन ज्यादा जीतिया, कोई हाथ पटक चल्या हार ।
साथ जी यों बाजी मिने, कोई जीत्या बेसुमार ॥३॥
अब सो समया आए पोहोंचिया, मेरे तो लेना सिर ।
धनिएँ बानी करता मुझे किया, सो मैं मुख फेरों क्यों कर ॥४॥
कोई सिर ल्यो तो लीजियो, धनिएँ केहेलाए साथ कारन ।
न तो मेरे सिर जरूर है, एही सब्द बल वतन ॥५॥
ए नीके मैं जानत हों, करी है तुम पेहेचान ।
तुममें विरला कोई पीछे पड़े, आखिर ल्योगे सिर निदान[1] ॥६॥
मेरे तो आगूं होवना, धनिएँ दिया सिर भार ।
समझ सको सो समझियो, कर आतम अंतर विचार ॥७॥
अब मैं दिल विचारिया, लिया न सिर सब्द ।
तो झूठी देह लग रही, जो बांधी मांहें हद ॥८॥

१. मानना, शिरोधार्य करना ।

एक सब्द जो जाग्रत, अंतर आतम चुभाए ।
तो ए देह झूठी सुपन की, तबहीं देवे उड़ाए ।।९।।
आगूं जाग्रत वचन के, क्यों रहे देह सुपन ।
मोहे अचरज आगूं सांच के, देह झूठी राखी किन ॥१०॥
ए भी फेर विचारिया, सांच आगे न रहे अनित[1] ।
एह बल हुकम के, देह सुपन रही इत ॥११॥
सोई हुकम आए पोहोंचिया, जो करी थी सरत ।
सब्द भी सिर पर लिए, आया वतन बल जाग्रत ॥१२॥
अब हुकम धनीय के, सब बिध दई पोहोंचाए ।
चेत सको सो चेतियो, लीजो आतम जगाए ॥१३॥
अब भली बुरी इन दुनीय की, ए जिन लेओ चित ल्याए ।
सुरत पकी करो धाम की, परआतम धनी मिलाए ॥१४॥
दुख सुख डारो आग में, ए जो झूठी माया के ।
पिंड ना देखो ब्रह्मांड, राखो धाम धनी सुरत जे ॥१५॥
कोई देत कसाला[2] तुमको, तुम भला चाहियो तिन ।
सरत[3] धाम की न छोड़ियो, सुरत पीछे फिराओ जिन ॥१६॥
जो कोई होवे ब्रह्मसृष्ट का, सो लीजो वचन ए मान ।
अपने पोहोरे[4] जागियो, समया पोहोंच्या आन ॥१७॥
सूता होए सो जागियो, जाग्या सो बैठा होए ।
बैठा ठाढ़ा होइयो, ठाढ़ा[5] पांउ भरे आगे सोए ॥१८॥
यों तैयारी कीजियो, आगूं करनी है दौड़ ।
सब अंग इस्क लेय के, निकसो ब्रह्मांड फोड़ ॥१९॥
महामत कहें मेरे साथ जी, लीजो आखिर के वचन ।
हुकम सरत पोहोंची दया, कछू अंग अपने करो रोसन ॥२०॥

।।प्रकरण।।८६।।चौपाई।।१२१४।।

१. नाशवान । २. कष्ट । ३. संकल्प, निश्चय । ४. अवसर । ५. खड़ा ।

राग श्री

आग परो तिन कायरों, जो धाम की राह न लेत ।
सरफा[1] करे जो सिर का, और सकुचे जीव देत ।।१।।

पाइयत झूठ के बदले, सत सुख अखंड ।
सो देख पीछे क्यों होवहीं, करते कुरबानी पिंड ।।२।।

इन विध कहे संसार में, धनी रंचक[2] दिलासा दे ।
टूक टूक होए जाए फना, सब अंग आसिक के ।।३।।

धनिएँ दई दिलासा मुझको, कई पदमों लाख करोड़ ।
तब आतम ने यों कह्या, परआतम धनी संग जोड़ ।।४।।

देख दिलासा धनीय की, भी साख दई सबन ।
मांहें बाहेर अंतर मिने, सब अंग किए रोसन ।।५।।

तूं पूछ मन चित बुध को, और गुन अंग इंद्री पख ।
देख तत्व सब सास्त्रों का, फेर कर नीके लख ।।६।।

तूं बल कर कछू अपना, चल राह तामसी सूर ।
ब्रह्मसृष्ट निकसी बृज से, देख क्यों कर पोहोंची हजूर[3] ।।७।।

कर कबीला पार का, अंकूर बल सूर धीर ।
एक धनी नजर में लेय के, उड़ाए दे सरीर ।।८।।

पूछ नीके अपने धनी को, भी नीके देख तारतम ।
नीके देख फुरमान को, भी पूछ नीके आतम ।।९।।

भी पूछ संगी तूं अपने, जो हुए पिंडथें दूर ।
कई साखें अजूं ले खड़ी, देख रोसन अपना नूर ॥१०॥

एती साखें लेय के, कहा लगत झूठे अंग ।
अजूं न लगे तोकों धाम को, सांचो सनमंध संग ॥११॥

१. कंजूसी । २. जरासी । ३. निकट (श्री राजजी के निकट) ।

सास्त्र संगी सब यों कहें, विचार देख महामत ।
जैसी होए हिरदे मिने, तैसी पाइए गत ॥१२॥
महामत कहें पीछे न देखिए, नहीं किसी की परवाहे ।
एक धाम हिरदे में लेय के, उड़ाए दे अरवाहे ॥१३॥

॥प्रकरण॥८७॥चौपाई॥१२२७॥

राग श्री

सैयां हम धाम चले ॥टेक॥

जो आओ सो आइयो, पीछे रहे ना एक खिन ।
हम पीठ दई संसार को, जाए सुरत लगी वतन ॥१॥
सुध[1] महूरत[2] ले कूच किया, साइत[2] देखी अति सारी ।
अब दौड़ सको सो दौड़ियो, न रहे दौड़ पकड़ी हमारी ॥२॥
कोई दिन राह देखी साथ की, पीछे नजर फिराए ।
पोहोंचे दिन आए आखिर, अब हम रह्यो न जाए ॥३॥
हम संग चलो सो ढील जिन करो, छोड़ो आस संसार ।
सुरत हमारी कछू ना रही, हम छोड़ी आस आकार ॥४॥
नेक बसे हम बृज में, नेक बसे रास मांहें ।
आगे तो धाम आइया, तब तो आँखें खुल जाए ॥५॥
साथ चले जो ना चलिया, ताए लगसी आग दोजक ।
तलफ तलफ जीव जाएसी, जिन जानो यामें सक ॥६॥
पीछे अटकाव न राखो रंचक, जो आओ संग हम ।
तुम जानोगे वह नेक है, पर जरा होसी जुलम ॥७॥
जो न आवे सो जुदा होइयो, ना तो होसी बड़ी जलन ।
हम तो चले धाम को, तुम रहियो मांहें करन ॥८॥

१. मंगल, शुभ । २. घडी, समय ।

हम छोड़े सुख सुपन के, आए नजरों सुख अखंड ।
विरहा उपज्या धाम का, पीछे हो गई आग ब्रह्मांड ।।९।।

मैं आग देऊं तिन सुख को, जो आड़ी करे जाते धाम ।
मैं पिंड न देखूं ब्रह्मांड, मेरे हिरदे बसे स्यामा स्याम ॥१०॥

कई किताबें करी साथ कारने, सो भी गाई जगावन ।
ए सुन के जो न दौड़िया, जिमी ताबा[1] होसी तिन ॥११॥

कई लोभें लिए लज्या लिए, कई लिए अहंकार ।
यों छलें पीछे कई पटके, जो केहेते हम सिरदार ॥१२॥

विखे स्वाद जिन लग्यो, सो लिए इंद्रियों घेर ।
जो एक साइत साथ आगे चल्या, पीछे पड़े मांहें करन अंधेर ॥१३॥

गुन अवगुन सबके माफ किए, जो रहो या चलो हम संग ।
हम पीछे फेर न देखहीं, पिउसों करें रस रंग ॥१४॥

साथ होवे जो धाम को, सो भूले नहीं अवसर ।
सनमंधी जब उठ चले, तब पीछे रहे क्यों कर ॥१५॥

महामत कहें मेहेबूब का, सांचा स्वाद आया जिन ।
परीछा तिनकी प्रगट, छेद निकसें बान वचन ॥१६॥

।।प्रकरण।।८८।।चौपाई।।१२४३।।

राग वसंत

चलो चलो रे साथ, आपन जईए धाम ।
मूल वतन धनिए बताया, जित ब्रह्मसृष्ट स्यामाजी स्याम ।।१।।

मोहोल मंदिर अपने देखिए, देखिए खेलन के सब ठौर ।
जित है लीला स्याम स्यामा जी, साथ जी बिना नहीं कोई और ।।२।।

रेत सेत जमुना जी तलाव, कई ठौर बन करें विलास ।
इस्क के सारे अंग भीगल, रेहेस रंग विनोद कई हाँस ।।३।।

१. गर्म पिगले तांबे की तरह ।

पसु पंखी मांहें सुंदर सोभित, करत कलोल मुख मीठी बान ।
अनेक बिध के खेल जो खेलत, सो केते कहूं मुख इन जुबान ।।४।।
ऐही सुरत अब लीजो साथ जी, भुलाए देओ सब पिंड ब्रह्मांड ।
जागे पीछे दुख काहे को देखें, लीजे अपना सुख अखंड ।।५।।
साथ मिल तुम आए धाम से, भूल गए सो मूल मिलाप ।
भूलियां धाम धनी के वचन, न कछू सुध रही जो आप ।।६।।
धनी भेज्या फुरमान बुलावने, कह्या आइयो सरत इन दिन ।
खेल में लाहा लेय के आपन, चलिए इत होए धंन धंन ।।७।।
चौदे लोक में झूठ विस्तरयो, तामें एक सांचे किए तुम ।
हँसते खेलते नाचते चलिए, आनंद में बुलाइयां खसम ।।८।।
अब छल में कैसे कर रहिए, छोड़ देओ सब झूठ हराम ।
सुरत धनी सों बांध के चलिए, ले विरहा रस प्रेम काम ।।९।।
जो जो खिन इत होत है, लीजो लाभ साथ धनी पेहेचान ।
ए समया तुमें बहुरि[1] न आवे, केहेती हों नेहेचे बात निदान ।।१०।।
अब जो घड़ी रहो साथ चरने, होए रहियो तुम रेनु[2] समान ।
इत जागे को फल एही है, चेत लीजो कोई चतुर सुजान ।।११।।
ज्यों ज्यों गरीबी लीजे साथ में, त्यों त्यों धनी को पाइए मान ।
इत दोए दिन का लाभ जो लेना, एही वचन जानो परवान ।।१२।।
अब जो साइत इत होत है, सो पिउ बिना लगत अगिन ।
ए हम सह्यो न जावहीं, जो साथ में कहे कोई कटुक वचन ।।१३।।
ज्यों ज्यों साथ में होत है प्रीत, त्यों त्यों मोही को होत है सुख ।
ज्यों ज्यों ब्रोध करत हैं साथ में, अंत वाही को है जो दुख ।।१४।।
इत खिन का है जो लटका, जीत चलो भांवें हार ।
महामत हेत कर कहें साथ को, बिध बिध की करत पुकार ।।१५।।

।।प्रकरण।।८९।।चौपाई।।१२५८।।

१. फिर से, दुबारा । २. रजकण, धूल ।

राग मारू

साथ जी सोभा देखिए, करे कुरबानी आतम ।
वार डारों नख सिख लों, ऊपर धाम धनी खसम ।।१।।

लिख्या है फुरमान में, करसी कुरबानी मोमिन ।
अग्यारे सै साल का, सो आए पोहोंच्या दिन ।।२।।

देख्या मैं विचार के, हम सिर किया फरज ।
बड़ी बुजरकी मोमिनों, देखो कौन क्यों देत करज ।।३।।

करी कुरबानी तिन कारने, परीछा सबकी होए ।
करे कुरबानी जुदे जुदे, सांच झूठ ए दोए ।।४।।

कस[1] न पाइए कसौटी बिना, रंग देखावे कसौटी ।
कच्ची पक्की सब पाइए, मत छोटी या मोटी ।।५।।

कसौटी कस देखावहीं, कसनी के बखत ।
अबहीं प्रगट होएसी, जुदे झूठ से निकस के सत ।।६।।

करत कुरबानी सकुचें, मोमिन करे न कोए ।
तीन गिरो की परीछा[2], अब सो जाहेर होए ।।७।।

कहा कहुं वतन सैयां, जो मगज लगे अर्थ ।
कुरबानी समे देख्या चाहिए, सांचे सूर समर्थ ।।८।।

कुरबानी को नाम सुन, मोमिन उलसत अंग ।
पीछे हुते जो मोमिन, दौड़ लिया तिन संग ।।९।।

मोमिन एही परीछा, जोस न अंग समाए ।
बाहेर सीतलता होए गई, मांहें मिलाप धनी को चाहे ॥१०॥

सुनत कुरबानी मोमिन, होए गए आगे से निरमल ।
इत एक एक आगे दूसरा, जाने कब जासी हम चल ॥११॥

१. जाँच । २. परीक्षा ।

मोमिन बड़ा मरातबा[१], सो अब होसी जाहेर ।
छिपे हुते दुनियां मिने, सो निकस आए बाहेर ॥१२॥

सांचे छिपे ना रहें, अपने समें पर ।
दोस्त कहे धनी के, सो छिपे रहें क्यों कर ॥१३॥

जो होए आतम धाम की, सो अपने समें पर ।
अपना सांच देखावहीं, भूले नहीं अवसर ॥१४॥

जो भूले अब को अवसर, सो फेर न आवे ठौर ।
नेहेचे सांचे न भूलहीं, इत भूलेंगे कोई और ॥१५॥

आया दरवाजा धाम का, सांचों बाढ़या बल ।
आए गए छाया मिने, धनी छाया निरमल ॥१६॥

साफ सेहेजे हो गए, करने पड़या न जोर ।
रात मिटी कुफर अंधेरी, भयो रोसन वतनी भोर ॥१७॥

कुरबानी सुन सखियां, उलसत सारे अंग ।
सुरत पोहोंची जाए धाम में, मिलाप धनी के संग ॥१८॥

मोमिन बल धनीय का, दुनी तरफ से नाहें ।
तो कहे धनी बराबर, जो मूल सरूप धाम मांहें ॥१९॥

लड़कपनें सुध न हुती, तो भी मोमिन मूल अंकूर ।
कोई कोई बात की रोसनी, लिए खड़े थे जहूर ॥२०॥

अब तो किए धनिएँ जाग्रत, दई भांत भांत पेहेचान ।
तोड़ दई आसा छल की, क्यों सकुचें करत कुरबान ॥२१॥

अब तो धनी बल जाहेर, आयो अलेखे अंग ।
ए जिन दिया सो जानहीं, या जिन लिया रस रंग ॥२२॥

ए दुनी न जाने सुपन की, न जाने मलकूती फरिस्तन ।
ए अछर को भी सुध नहीं, जाने स्याम स्यामा मोमिन ॥२३॥

१. पद ।

मैं मेरे धनीय की, चरन की रेनु[1] पर ।
कोट बेर वारों अपना, टूक टूक जुदा कर ॥२४॥

अंग अंग सब उलसत, कुरबानी कारन ।
जरे जरे पर वार हूं, ए जो बीच जरे राह इन ॥२५॥

जिन दिस मेरा पिउ बसे, तिन दिस पर होऊं कुरबान ।
रोम रोम नख सिख लों, वार डारों जीव सों प्रान ॥२६॥

सूरातन[2] सखियन का, मुख थें कह्यो न जाए ।
महामत कहें सो समया, निपट निकट पोहोंच्या आए ॥२७॥

॥प्रकरण॥९०॥चौपाई॥१२८५॥

राग श्री

आगूं आसिक ऐसे कहे, जो माया थें उतपन ।
कोट बेर मासूक पर, उड़ाए देवें अपना तन ॥१॥

जीव माया के ऐसी करें, कैयों देखे दृष्ट ।
ओ भी उन पर यों करें, तो हम तो हैं ब्रह्मसृष्ट ॥२॥

धिक धिक पड़ो तिन समझ को, जो पीछे देवें पाए ।
कुरबानी को नाम सुन, क्यों न उड़े अरवाहें ॥३॥

जो नकल हमारे की नकल, तिनका होत ए हाल ।
तो पीछे पांउं हम क्यों देवें, हम सिर नूरजमाल ॥४॥

जो आसिक असल अर्स की, सो क्यों सकुचे देते जिउ ।
करे कुरबानी कोट बेर, ऊपर अपने पिउ ॥५॥

सो भी पिउ अछरातीत, इत कायर न होवे कोए ।
सुनत कुरबानी के आगे हीं, तन रोम रोम जुदे होए ॥६॥

इन खसम के नाम पर, कई कोट बेर वारों तन ।
टूक टूक कर डार हूँ, कर मन वाचा करमन ॥७॥

१. रजकण । २. शूरवीरता, शौर्य ।

जो आसिक अर्स अजीम के, तिन सिर नूरजमाल ।
परीछा तिनकी जाहेर, सब्द लगें ज्यों भाल ।।८।।
जो सोहागिन वतनी, ताकी प्रगट पेहेचान ।
रोम रोम सब अंगों, जुदी जुदी दे कुरबान ।।९।।
कुरबानी को सब अंग, हँस हँस दिल हरखत ।
पिउ पर फना होवने, सब अंगों नाचत ॥१०॥
आसिक कबूं ना अटके, करत अंग कुरबान ।
ना जीव अंग आसिक के, जीव पिउ अंग में जान ॥११॥
अंग आसिक आगूंहीं फना, जीवत मासूक के मांहें ।
डोरी हाथ मेहेबूब के, या राखे या फनाए[1] ॥१२॥
तो अंग आधा अरधांग, मासूक का आसिक ।
तो दोऊ तन एक भए, जो इस्क लाग्या हक ॥१३॥
सोई कहावत आसिक, जिन अंग जोस फुरत[2] ।
अहनिस पिउ के अंग में, रेहेत आसिक की सुरत ॥१४॥
मासूक की नजर तले, आठों जाम आसिक ।
पिए अमीरस[3] सनकूल, हुकम तले बेसक ॥१५॥
न्यारा निमख न होवहीं, करने पड़े न याद ।
आसिक को मासूक का, कोई इन बिध लाग्या स्वाद ॥१६॥
रोम रोम बीच रमि रह्या, पिउ आसिक के अंग ।
इस्कें ले ऐसा किया, कोई हो गया एकै रंग ॥१७॥
इन जुबां इन आसिक का, क्यों कर कहूं सो बल ।
धाम धनी आसिक सों, जुदा होए न सकें एक पल ॥१८॥
महामत कहें मेहेबूब के, रोम रोम लगे घाए ।
इन अंग को अचरज होत है, अजूं ले खड़ा अरवाए ॥१९॥

॥प्रकरण॥९१॥चौपाई॥१३०४॥

१. नष्ट । २. तरंगित । ३. अमृत ।

राग श्री

अब हम धाम चलत हैं, तुम हूजो सबे हुसियार ।
एक खिन की बिलम न कीजिए, जाए घरों करें करार ।।१।।

साथ देखो ए अवसर, वासना करो पेहेचान ।
आए पोहोंचे बृज में, याद करो निसान ।।२।।

धनिएँ देखाया नजरों, सुरतां दैयां फिराए ।
अब पैठे हम रास में, उछरंग हिरदे चढ़ आए ।।३।।

जाग्रत बुध हिरदे आई, अब रहे ना सकें एक खिन ।
सुरत टूटी नासूत से, पोहोंची सुरत वतन ।।४।।

चिन्हार भई सब साथ में, आई धाम की खुसबोए ।
प्रेम उपज्या मूल का, सुपन रेहेना क्यों होए ।।५।।

अब नींद हमारी क्यों रहे, इन बखत दिए जगाए ।
जागे पीछे झूठी भोम में, क्यों कर रह्यो जाए ।।६।।

देख तैयारी साथ की, ओ समया रह्या न हाथ ।
अवसर नया उदे हुआ, उमंगियो सब साथ ।।७।।

क्यों रहे सुरतें पकड़ी, एक दूजे के आगे होए ।
दौड़ा दौड़ ऐसी हुई, पीछे रहे न कोए ।।८।।

कई हुती देस परदेस में, ए बातें सुनियां तिन ।
तिनकी सुरतें इत बांधियां, तित रहे न सकें एक खिन ।।९।।

परदेसें साथ पसर्‌यो हुतो, तित सबे पड़्यो सोर ।
यों ठौर ठौर रंग फैलिया, हुआ महंमदी दौर ॥१०॥

पीछला साथ आए मिलसी, पर अगले करें उतावल ।
केताक साथ विचार नीका, सो जानें चलें सब मिल ॥११॥

इन बिध सोर हुआ साथ में, ठौर ठौर पड़ी पुकार ।
एक आए एक आवत हैं, एक होत हैं तैयार ॥१२॥

ऐसा समया इत हुआ, आए पोहोंचे इन मजल ।
कोई कोई लाभ जो लेवहीं, जिन जाग देखाया चल ॥१३॥

सुध बुध आई साथ में, सुरता फिरी सबन ।
कोई आगे पीछे अव्वल, सबे हुए चेतन ॥१४॥

कोई कोई पीछे रेहे गई, तिनकी सुरत रही हम मांहें ।
ढील करी ज्यों स्वांतसियों, आए अंग पोहोंचे नाहें ॥१५॥

कहे महामत परीछा तिनकी, जो पेहेलें हुए निरमल ।
छूटे विकार सब अंग के, आए पोहोंचे इस्क अव्वल ॥१६॥

॥प्रकरण॥९२॥चौपाई॥१३२०॥

राग श्री

अब हम चले धाम को, साथ अपना ले ।
लिख्या कौल फुरमान में, आए पोहोंच्या ए ॥१॥

सखी हम तो हमारे घर चले, तुम हूजो हुसियार ।
सुरता आगे चल गई, हम पीठ दई संसार ॥२॥

हममें पीछे कोई ना रहे, और रहो सो रहो ।
गुन अवगुन सबके माफ किए, जिन जो भावे सो कहो ॥३॥

अब हम रह्यो न जावहीं, मूल मिलावे बिन ।
हिरदे चढ़ चढ़ आवहीं, संसार लगत अगिन ॥४॥

सोई बस्तर सोई भूखन, सोई सेज्या सिनगार ।
सोई मेवा मिठाइयां, अलेखें अपार ॥५॥

सोई धनी सोई वतन, सोई मेरो सुंदरसाथ ।
सोई विलास अब देखिए, दोरी खैंची उनके हाथ ॥६॥

सोई चौक गलियां मंदिर, सोई थंभ दिवालें द्वार ।
सोई कमाड़[1] सोई सीढ़ियां, झलकारों झलकार ।।७।।

सोई मोहोल सोई मालिए[2], सोई छज्जे रोसन ।
सोई मिलावे साथ के, सोई बोलें मीठे वचन ।।८।।

सोई झरोखे धाम के, जित झांकत[3] हम तुम ।
सो क्यों ना देखो नजरों, बुलाइयां खसम ।।९।।

सोई खेलना सोई हँसना, सोई रस रंग के मिलाप ।
जो होवे इन साथ का, सो याद करो अपना आप ॥१०॥

सोई चाल गत अपनी, जो करते मांहें धाम ।
हँसना खेलना बोलना, संग स्यामाजी स्याम ॥११॥

सोई बातें प्रेम की, सोई सुख सनेह ।
सुख अखंड को भूल के, क्यों रहे झूठी देह ॥१२॥

सोई सेज्या सोई मंदिर, सोई पिउजी को विलास ।
सोई मुख के मरकलड़े[4], छूटी अंग की आस ॥१३॥

सोई रसीले रंग भरे, निरखें नेत्र चढ़ाए ।
सुन्दर मुख सनकूल की, भर भर अमृत पिलाए ॥१४॥

सोई कटाछे[5] स्याम की, सींचत सुरत चलाए ।
बंके नैन मरोर के, दृष्टें दृष्ट मिलाए ॥१५॥

कहा कहूं सुख साथ को, देखें भृकुटी भौंह चढ़ाए ।
सुखकारी सीतल सदा, सुख कहा केहेसी जुबांए ॥१६॥

सुच्छम सरूप ने सुंदरता, उनमद[6] सारे अंग ।
बराबर एकै भांत के, और कई विध के रस रंग ॥१७॥

एक दूजे के चित्त पर, चाल चले मांहों मांहें ।
पात्र प्रेम प्रीत के, हाँस विनोद बिना कछू नाहें ॥१८॥

१. द्वार । २. मंजिल । ३. छिपकर देखना । ४. मुस्कुराना । ५. तिरछी चितवन । ६. मस्ती भरे ।

बोए नेक आवे इन घर की, तो अंग निकसे आहे ।
सो तबहीं ततखिन में, पिउजी पे पोहोंचाए ॥१९॥
याद करो जो मांगिया, धनिएँ खेल देखाया कर हेत ।
महामत कहें मेहेबूब के, सुख में हो सावचेत ॥२०॥

॥प्रकरण॥९३॥चौपाई॥१३४०॥

राग श्री गौड़ी

सुनों साथजी सिरदारो, ए कीजो वचन विचार ।
देखो बाहेर मांहें अन्तर, लीजो सार को सार जों सार ॥१॥
सुन्दरबाई कहे धाम से, मैं साथ बुलावन आई ।
धाम से ल्याई तारतम, करी ब्रह्मांड में रोसनाई ॥२॥
सो सुन्दरबाई धाम चलते, जाहेर कहे वचन ।
आडी खड़ी इंद्रावती, कहे मैं रेहे ना सकों तुम बिन ॥३॥
दई दिलासा बुलाए के, मैं लई सिखापन ।
रूहअल्ला के फुरमान में, लिखे जामें दोए तन ॥४॥
मूल सरूप बीच धाम के, खेल में जामें दोए ।
हरा हुल्ला सुपेत गुदरी, कहे रूहअल्ला के सोए ॥५॥
हदीसों भी यों कह्या, आखिर ईसा बुजरक ।
इमाम ज्यादा तिनसे, जिन सबों पोहोंचाए हक ॥६॥
खासी गिरो के बीच में, आखिर इमाम खावंद होए ।
ए जो लिख्या फुरमान में, रूहअल्ला के जामें दोए ॥७॥
भी कह्या बानीय में, पांच सरूप एक ठौर ।
फुरमान में भी यों कह्या, कोई नाहीं या बिन और ॥८॥
कहें सुन्दरबाई अछरातीत से, खेल में आया साथ ।
दोए सुपन ए तीसरा, देखाया प्राणनाथ ॥९॥

कहे फुरमान नूर बिलंद से, खेल में उतरे मोमिन ।
खेल तीन देखे तीन रात में, चले फजर इनका इजन[1] ॥१०॥

यों विध विध दृढ़ कर दिया, दे साख धनी फुरमान ।
अपनी अकल माफक, केहे केहे मुख की बान ॥११॥

धनी फुरमान साख लेय के, देखाए दई असल ।
सो फुरमाया छोड़ के, करें चाह्या अपने दिल ॥१२॥

तोड़त सरूप सिंघासन, अपनी दौड़ाए अकल ।
इन बातों मारे जात हैं, देखो उनकी असल ॥१३॥

बिना दरद दौड़ावे दानाई[2], सो पड़े खाली मकान ।
इस्क नाहीं सरूप बिना, तो ए क्यों कहिए ईमान ॥१४॥

दरदी जाने दिल की, जाहेरी जाने भेख ।
अन्तर मुस्किल पोहोंचना, रंग लाग्या उपला देख ॥१५॥

इन विध सेवें स्याम को, कहे जो मुनाफक[3] ।
कहावें बराबर बुजरक, पर गई न आखिर लों सक ॥१६॥

मूल ना लेवें माएना, लेत उपली देखा देख ।
असल सरूप को दूर कर, पूजत उनका भेख ॥१७॥

इत बात बड़ी है समझ की, और ईमान का काम ।
साथजी समझ ऐसी चाहिए, जैसा कह्या अल्ला कलाम ॥१८॥

जेती बातें कहूं साथजी, तिनके देऊं निसान ।
और मुख थें न बोलहूं, बिना धनी फुरमान ॥१९॥

इन फुरमान में ऐसा लिख्या, करे पातसाही दीन ।
बड़ी बड़ाई होएसी, पर उमराओं के आधीन ॥२०॥

कहे कुरान बंद करसी, इनके जो उमराह[4] ।
एक तो करसी बन्दगी, और जो कहे गुमराह[5] ॥२१॥

१. हुकम । २. स्यानापन । ३. बेईमान । ४. अमीर लोग । ५. गलत रास्ते पर चलने वाले ।

मैं करूं खुसामद उनकी, मैं डरता हों उनसे ।
जो कहावें मेरे उमराह, और मेरे हुकम में ॥२२॥

ऐसा ना कोई उमराह, जो भाने दिल का दुख ।
जब करसी तब होएसी, दिया साहेब का सुख ॥२३॥

एही बड़ा अचरज, कहावत हैं बंदे ।
जानों पेहेचान कबूं ना हुती, ऐसे हो गए दिल के अंधे ॥२४॥

मैं बुरा न चाहूं तिनका, पर वे समझत नाहीं सोए ।
यार सजा दे सकत हैं, पर सो मुझसे न होए ॥२५॥

मेरे दिल के दरद की, एक साहेब जाने बात ।
ऐसा कोई ना मिल्या, जासों करों विख्यात ॥२६॥

जो कोई साथ में सिरदार, लई धाम धनी रोसन ।
खैंच छोड़ सको सो छोड़ियो, ना तो आपे छूटे हुए दिन ॥२७॥

मेरे तो गुजरान[1] होएसी, जो पड़या हों बंध ।
जो कदी न छूट्या रात में, तो फजर छूटसी फंद ॥२८॥

धाम धनी दई रोसनी, जो बड़े जमात दार ।
सोभा दई अति बड़ी, जिनके सिर मुद्दार ॥२९॥

मैं इन सुख दुख थें ना डरूं, मेरे धनी चाहिए सनमुख ।
मोहे एही कसाला होत है, जब कोई देत साथ को दुख ॥३०॥

मेरी एक दृष्ट धनीय में, दूजी साथ के मांहें ।
तो दुख आवे मोहे साथ को, ना तो दुख मोहे कहूं नाहें ॥३१॥

कोई कोई अपनी चातुरी, ले खैंच करें मूढ़ मत ।
अकल ना दौड़ी अंतर लों, खैंचें ले डारे गफलत ॥३२॥

ए तो गत संसार की, जो खैंचा खैंच करत ।
आपन तो साथी धाम के, है हम में तो नूर मत ॥३३॥

१. निर्वाह ।

मोमिन बड़े आकल[1], कहे आखिर जमाने के ।
इनकी समझ लेसी सबे, आसमान जिमी के जे ॥३४॥

जो कोई निज धाम की, सो निकसो रोग पेहेचान ।
जो सुरत पीछी खैंचहीं, सो जानो दुस्मन छल सैतान ॥३५॥

अब बोहोत कहूं मैं केता, करी है इसारत ।
दिल आवे तो लीजो सलूक[2], सुख पाए कहे महामत ॥३६॥

॥प्रकरण॥९४॥चौपाई॥१३७६॥

राग श्री

सोई सोहागिन धाम में, जो करसी इत रोसन ।
तौल मोल दिल माफक, देसी सुख सबन ॥१॥

साथ मांहें सैयां धाम की, ईमान वाली सिरदार ।
सो धन धाम को तौलसी, करसी दृढ़ निरधार ॥२॥

पेहेले तौलें बुध जागृत, पीछे तौलें धनी आवेस ।
और तौलें इस्क तारतम, तब पलटे उपलो भेस ॥३॥

तब तौलासी वासना, और तौलासी हुकम ।
सब बल तौलें बलवंतियां, और तौलें सरूप खसम ॥४॥

रोसन करसी आपे अपना, जो सैयां जमातदार ।
ए कौल[3] अव्वल जोस का, जो किया है करार ॥५॥

जो सैयां हम धाम की, सो जानें सब को तौल ।
स्याम स्यामाजी साथ को, सब सैयों पे मोल ॥६॥

नूर रोसन बल धाम को, सो कोई न जाने हम बिन ।
अंदर रोसनी सो जानहीं, जिन सिर धाम वतन ॥७॥

इस्क ईमान धनी धाम को, और जोस जाग्रत पेहेचान ।
तौलें धनी धन धाम का, यों कहे कुरान निसान ॥८॥

१. बुद्धिमान । २. नेक चलन । ३. वचन ।

साथ अंग सिरदार को, सिरदार धनी को अंग ।
बीच सिरदार दोऊ अंग के, करे न रंग को भंग ॥९॥

साथ धाम के सिरदार को, मोमिन मन नरम ।
मिलावे और धनीय की, दोऊ इनके बीच सरम ॥१०॥

इत परीछा प्रगट, उठावें अपना भार ।
बोझ निबाहें साथ को, और बोझ मसनंद[1] भरतार ॥११॥

ए तो पातसाही दीन की, सो गरीबी से होए ।
और स्वांत सबूरी बिना, कबहूं न पावे कोए ॥१२॥

ए लसकर सारा दिल का, सो दिलबरी सब चाहे ।
दिल अपना दे उनका लीजिए, इन विध चरनों पोहोंचाए ॥१३॥

जो कोई उलटी करे, साथी साहेब की तरफ ।
तो क्यों कहिए तिन को, सिरदार जो असरफ[2] ॥१४॥

कह्या कुराने बंद करसी, इन के जो उमराह ।
आधीन होसी तिनके, जो होवेगा पातसाह ॥१५॥

लटी[3] तिन से न होवहीं, जो कहे सिरदार ।
सबों सिरदार एक होवहीं, मिने बारे हजार ॥१६॥

लिख्या है कुरान में, छिपी गिरो बातन ।
सो छिपी बातून जानहीं, ए धाम सैयां लछन ॥१७॥

भी लिख्या कुरान में गिरो की, सोहोबत करसी जोए ।
निज बुध जाग्रत लेय के, साहेब पेहेचाने सोए ॥१८॥

फुरमान कहे गिरो साहेदी, देसी कारन पैगंमर ।
सब केहेसी महंमद का देखिया, तब कुफर तोड़सी मुनकर ॥१९॥

करे पाक जिमी आसमान को, ऐसी बुजरक गिरो सोए ।
होसी रूजू[4] माएने सब[5] इनसे, इन जैसी दूजी न कोए ॥२०॥

१. गादी । २. कुलीन, प्रतिष्ठित, बहुत ही शरीफ । ३. झूठी बात । ४. प्रसारित होना । ५. समस्त धर्म ग्रन्थों के ।

गिरो माफक सिरदार चाहिए, जैसा कह्या रसूल ।
खैंच लेवें दिल साथ को, सब पर होए सनकूल ॥२१॥

ए मैं कही तुम समझने, ए है बड़ो विस्तार ।
बोहोत कह्या मेरे धनी ने, तुम करोगे केता विचार ॥२२॥

ले साख धनी फुरमान की, महामत कहें पुकार ।
समझ सको सो समझियो, या यार या सिरदार ॥२३॥

॥प्रकरण॥९५॥चौपाई॥१३९९॥

राग श्री

तो भी घाव न लग्या रे कलेजे ।

ना लग्या रे कलेजे, जो एते देखे धनी गुन ।
कोट ब्रह्मांड जाकी पलथें पैदा, सो चाहे हमारा दरसन ॥१॥

अचरज एक साथ जी, सुनो कहूं अपनी बीतक ।
धनिएँ मोको मेहेर कर, ले पोहोंचाई हक ॥२॥

ईमान ल्याओ सो ल्याइयो, कहूं अनुभव की बात ।
मोको मिले इन बिधसों, श्री धाम धनी साख्यात ॥३॥

पीछे ईमान सब ल्यावसी, ए जो चौदे तबक ।
अव्वल आकीन ब्रह्मसृष्ट का, जिनमें ईमान इस्क ॥४॥

ए बात नीके विचारियों, ज्यों तुमें साख देवे आतम ।
पीछे साख दुनी सब देयसी, ऐसा किया खसम ॥५॥

मैं तो कछू न जानती, श्री स्यामाजी दई खबर ।
अपन[1] आए खेल देखने, धाम अपना घर ॥६॥

मोहे भेजी धनीने, तुम को बुलावन ।
साथ जी मिलके चलिए, जाइए अपने वतन ॥७॥

१. आपन ।

हम ब्रह्मसृष्टि आई धाम से, अछर खेल देखन ।
खेल देख के जागिए, घर असलू अपने तन ।।८।।

साहेब तो पूरा मिल्या, तब थी मैं लड़कपन ।
पेहेचान करावने अपनी, बोहोतक कहे वचन ।।९।।

सो मैं कछू ना दिल धरे, भूल गई अवसर ।
कई विध करी जगावने, पर मैं जागी नहीं क्योंए कर ॥१०॥

मोहे चलते बखत बुलाए के, जाहेर करी रोसन ।
धाम दरवाजे इंद्रावती, ठाड़ी करे रूदन ॥११॥

कहे मोहे अकेली छोड़ के, तुम धाम चलो क्यों कर ।
पीछे मैं दुनियाँ मिने, क्यों रहूंगी तुम बिगर ॥१२॥

एह वचन स्यामाजीएँ, सब साथ को कहे सुनाए ।
इंद्रावती आए बिना, हम धाम चल्यो न जाए ॥१३॥

एक रस आतम करके, आप हुए अन्तराए[1] ।
अनुभव कराए जुदे हुए, पर लग्या न कलेजे घाए ॥१४॥

अन्तरगत में रेहे गए, धनी के दो एक सुकन ।
ए दरद न काहूं बाँटिया, सो मैं कह्या न आगे किन ॥१५॥

मोहे बोहोत कही समझाए के, पर पेहेचान न हुई पूरन ।
तब आप अन्दर आए के, बहु बिध करी रोसन ॥१६॥

अन्दर मेरे बैठ के, कई विध कियो विस्तार ।
सो रोसनी जुबां क्यों कहे, वाको वाही जाने सुमार ॥१७॥

तब कछुक मोको सुध भई, कछुक भई पेहेचान ।
ए दरद कहूं मैं किन को, धनी हो गए अन्तरध्यान ॥१८॥

मोहे दिल में ऐसा आइया, ए जो खेल देख्या ब्रह्मांड ।
तो क्या देखी हम दुनियां, जो इनको न करें अखंड ॥१९॥

१. अन्तर्ध्यान ।

बड़ी बड़ाई अपनी, सुनी हमारी हम ।
हम दें मुक्त सबन को, जाए मिलें खसम ॥२०॥

वचन हमारे धाम के, फैले हैं भरथ खंड ।
अब पसरसी त्रैलोक में, जित होसी मुक्त ब्रह्मांड ॥२१॥

धनी भेजी किताब हाथ रसूल, जाए कहियो होए अमीन[1] ।
आखिर धनी आवसी, तब ल्याइयो सब आकीन ॥२२॥

ए बंध धनिएँ पेहेले बांधे, सो लिखे मांहें फुरमान ।
इन जिमी साहेब आवसी, दीदार होसी सब जहान ॥२३॥

ले हिसाब सबन पे, करसी कजा अदल ।
भिस्त देसी सचराचर, कर साफ सबन के दिल ॥२४॥

जो साहेब किन देख्या नहीं, न कछू सुनिया कान ।
सो साहेब इत आवसी, करसी कायम सब जहान ॥२५॥

फुरमान महंमद ल्याइया, किया अति घना सोर ।
कह्या रब आलम का आवसी, रात मेट करसी भोर ॥२६॥

रूह अल्ला की आवहीं, जो ईश्वरों का ईस ।
सो इन जिमी में पातसाही, करसी साल चालीस ॥२७॥

मारेगा कलजुग को, ए जो चौदे तबक अंधेर ।
तिनको काट काढ़सी, टालसी उलटो फेर ॥२८॥

दज्जाल सरूप अंधेर को, आखिर ईसा मारसी ताए ।
पेहेले निरमल करके, लेसी कदमों सुरत लगाए ॥२९॥

पीछे प्रले करके, लेसी तुरत उठाए ।
चौदे तबक सचराचर, देसी भिस्त बनाए ॥३०॥

खासी उमत जो अहमदी[2], आई अर्स से उतर ।
ताए अपना इलम देयके, ले चलसी अपने घर ॥३१॥

१. अमानतदार । २. जिसे महम्मदने "खास उम्मत" और ईसा ने "चुने हुए लोग" (Chosen People of God) कहा है ।

यों लिख्या फुरमान में, आखिर बीच हिंदुअन ।
मुलक होसी नबियन का, धनी दई बड़ाई इन ॥३२॥
फुरमान जाहेर पुकारहीं, बीच हिंदुओं भेख फकर[1] ।
पातसाही करसी महंमद, आखिरी पैगंमर ॥३३॥
सो महंमद आगूं भेजिया, केहेने वचन आगम ।
सो खास उमत आई इत, ए जो लेने आए हम ॥३४॥
ए सब्द सारे महंमदें, आए पेहेले किया पुकार ।
महंमद मेंहेदी रूहअल्ला, आखिर वाही सिर मुद्दार ॥३५॥
खोल हकीकत मारफत, बताए कयामत के दिन ।
कई विध बंध धनिएँ बांधे, अपनी उमत के कारन ॥३६॥
विजिया अभिनंद बुधजी, और नेहेकलंक इत आए ।
मुक्त देसी सबन को, मेट सबे असुराए ॥३७॥
दिन भी लिखे जाहेर, बीच किताब हिंदुआन ।
जो साख लिखी इनमें, सोई साख फुरमान ॥३८॥
कई बिध धनिएँ ऐसा लिख्या, देने चौदे तबकों ईमान ।
सो धाम धनी इत आए के, कराई सबों पेहेचान ॥३९॥
यों साख आतम देवहीं, वचन आगम के देख ।
देने ईमान सबन को, यों बिध बिध लिखे विसेख ॥४०॥
महामत कहें धनी धाम के, मुझसों कियो मिलाप ।
आखिर सुख इन साथ में, मोहे कर थापी आप ॥४१॥

॥प्रकरण॥९६॥चौपाई॥१४४०॥

राग श्री

इन धनी के बान मोको ना लगे ।
मोको ना लगे, कहा कियो करम अधम ।
तो भी इस्क न आया मोको, ए कैसा हुआ जुलम ॥१॥

१. साधु ।

रंचक इसारत धनी की, जो पावे आसिक जिउ ।
सो जीव खिन एक लों, रहे ना सके बिना पिउ ।।२।।

सो भी पिउ जीउ इन जिमी के, ए जो फना ब्रह्मांड ।
मेरो तो जीउ पिउ धाम को, ए जो अछरातीत अखण्ड ।।३।।

ऐसी प्रीत जीव सृष्ट की, जाके पिउ विष्णु सेखसांई ।
वाको रटत जात अहनिस, ब्रह्म अछर सुध न पाई ।।४।।

कोट ब्रह्मांड नूर के पल थें, यों कहे सास्त्र त्रिगुन ।
सो अछर किने न दृढ़ किया, न दृढ़ किया इनों वतन ।।५।।

सो अछर अछरातीत के, आवे दरसन नित ।
तले झरोखे आए के, कर मुजरा[1] घरों फिरत ।।६।।

सो ए धनी अछरातीत, इत आए मुझ कारन ।
अंग दियो मोहे जान अंगना, दिल सनमंध आन वतन ।।७।।

मोहे दई सिखापन, धोखे दिए सब भान ।
अन्तर पट उड़ाए के, कर दई सब पेहेचान ।।८।।

अछर पार द्वार जो हुते, सो ए दिए सब खोल ।
ऐसी कुन्जी दई कृपा की, जो किनहूं न पाया मोल ।।९।।

सब ब्रह्मसृष्टी आई धाम से, अछरातीत इन धनी ।
मोको सबे बिध समझाई, आप जान अपनी ॥१०॥

धनिएँ हेत करके मुझको, कई विध दई समझाए ।
साख सास्त्र सब सब्द, मोहे बिध बिध दई जगाए ॥११॥

बोहोत धनिएँ मोको चाह्या, जाने प्रेम उपजे इन ।
सो प्रेम क्योंए न आइया, ऐसा हिरदे निपट कठिन ॥१२॥

तो भी प्रेम न उपज्या, धनी कर कर थके सनेह ।
ढीठ निपट निठुर भई, धनी क्योंए न सके ले ॥१३॥

१. दर्शन, अभिवादन ।

फुरमान भेज्या जुदे होए, देने को साख दोए ।
सो मेहेर धनी की मैं ही जानों, और न समझे कोए ॥१४॥

सो ए सुकन दिए लदुन्नी[1], फुरमान याही से खुले ।
और न कोई खोल सके, जो चौदे तबक मिले ॥१५॥

सो मैं समझाऊं साथ को, ले फुरमान वचन ।
फैले हैं भरथ खण्ड में, अब पोहोंचे चौदे भवन ॥१६॥

ऐसी जगाए खड़ी करी मुझे, और सब पर मेरी बुध ।
खबर न अछर ब्रह्म को, सो ए भई मुझे सुध ॥१७॥

आप जैसी कर बैठाई, तो भी प्रेम न उपज्या इत ।
सो रोवत हों अन्दर, फेर फेर जीव बिलखत ॥१८॥

मेहेबूब ऐसी मैं क्यों भई, ले प्रेम न खड़ी हुई ।
महामत दुष्टाई क्यों करी, ले विरहा मांहें ना मुई ॥१९॥

॥प्रकरण॥९७॥चौपाई॥१४५९॥

राग श्री

तो भी चोट न लगी रे आतम को, जो एती साख धनिएँ दई ।
कठिन कठोर निपट ऐसी आतमा, एती साखें ले गल न गई ॥१॥

कई साखें धनिएँ दई मुझे, श्री स्यामा जी आए इत ।
सो तारतम कह्या मैं तुमें, देखो साख देत है चित ॥२॥

कह्या साहेब इत आवसी, सो झूठ न होए फुरमान ।
सब का हिसाब लेय के, कायम करसी जहान ॥३॥

पूछो अपनी आतम को, कोई दूजा है इप्तदाए ।
रूह-अल्ला इलम ल्याए के, केहेलावें इत खुदाए ॥४॥

सो बिना हिसाबें हदीसें, भी अनुभव इत बोलत ।
साथजी दिल दे देखियो, जो हम तुममें बीतत ॥५॥

१. तारतम वाणी ।

वसीयत नामे आए दरगाह[1] से, तिन साख दई बनाए ।
अग्यारै सदी जाहेर लिखी, सो कौल पोहोंच्या आए ।।६।।
कई किताबें हिंदुअन की, साखें लिखी मांहें इन ।
आए धनी झूठ उड़ावने, करसी सत रोसन ।।७।।
देखो कई साखें धनीय की, भी देखो अनुभव आतम ।
कई साखें देखो फुरमान में, जो मेहेर कर भेज्या खसम ।।८।।
और हदीसों में कई साखें, कई वसीयत नामे साख ।
कई किताबें हिंदुअन की, देत भाख भाख कई लाख ।।९।।
कई साखें साधो संतो, बोले बानी आगम ।
कहे ना सकूं तुमको साथ जी, दोष देख अपना हम ॥१०॥
एक साखें आवे ईमान, कई साखें देनें बांधे बंध ।
तो भी ईमान न आया हमको, कोई हिरदे भया ऐसा अंध ॥११॥
देखो विचार के साथ जी, साख दई आतम महामत ।
सो आतम साख सबों की देयसी, पोहोंच्या इलम हमारा जित ॥१२॥

।।प्रकरण।।९८।।चौपाई।।१४७१।।

राग श्री

धिक धिक पड़ो मेरी बुध को ।
मेरी सुध को, मेरे तन को, मेरे मन को, याद न किया धनी धाम ।
जेहेर जिमी को लग रही, भूली आठों जाम ।।१।।
मूल वतन धनिएँ बताइया, जित साथ स्यामा जी स्याम ।
पीठ दई इन घर को, खोया अखंड आराम ।।२।।
सनमंध मेरा तासों किया, जाको निज नेहेचल नाम ।
अखंड सुख ऐसा दिया, सो मैं छोड़या विसराम ।।३।।
खिताब दिया ऐसा खसमें, इत आए इमाम ।
कुंजी दई हाथ भिस्त की, साखी अल्ला कलाम[2] ।।४।।

१. मक्का से । २. ब्रह्मज्ञान ।

अखंड सुख छोड़या अपना, जो मेरा मूल मुकाम ।
इस्क न आया धनीय का, जाए लगी हराम ।।५।।

खोल खजाना धनिएँ सब दिया, अंग मेरे पूरा न ईमान ।
सो ए खोया मैं नींद में, करके संग सैतान ।।६।।

उमर खोई अमोलक, मोह मद क्रोध ने काम ।
विखया[1] विखे रस भेदिया, गल गया लोहू मांस चाम ।।७।।

अब अंग मेरे अपंग[2] भए, बल बुध फिरी तमाम ।
गए अवसर कहा रोइए, छूट गई वह ताम[3] ।।८।।

पार द्वार सब खोल के, कर दई मूल पेहेचान ।
संसे मेरे कोई न रह्या, ऐसे धनी मेहेरबान ।।९।।

बोहोत कह्या घर चलते, वचन न लागे अंग ।
इंद्रावती हिरदे कठिन भई, चली ना पिउजी के संग ॥१०॥

तब हार के धनिएँ विचारिया, क्यों छोडूं अपनी अरधंग ।
फेर बैठे मांहें आसन कर, महामति हिरदे अपंग ॥११॥

।।प्रकरण।।९९।।चौपाई।।१४८२।।

धनी एते गुन तेरे देखके, क्यों भई हिरदे की अंध ।
कई साखें साहेदियां ले ले, याही में रही फंद ।।१।।

कई साखें लई धनी की, कई साखें लई फुरमान ।
कई साखें लई सास्त्रन की, अंतस्करन में आन ।।२।।

कई साखें साधुन की, कई साखें सब्द ब्रह्मांड ।
आतम मेरी अनुभव से, लगाए देखी अखंड ।।३।।

जो कोई कबीला पार का, सो सारों ने दई साख ।
धनी गुन आए आतम नजरों, सो कहे न जाए मुख भाख ।।४।।

१. विषय रस । २. अंग हीन । ३. खुराक, वाणी वचन ।

कई साखें गुन विचार विचार, बिध बिध करी पुकार ।
तो भी घाव कलेजे न लग्या, यों गया जनम अकार[1] ।।५।।

कई साखें गुन मुख केहे केहे, उमर खोई मैं सब ।
अजूं आतम खड़ी ना हुई, क्यों पुकारूं मैं अब ।।६।।

अब दिन बाकी कछू ना रहे, सो भी देखाए दई तुम सरत ।
क्यों मुख उठाऊं आगूं तुम, चरनों लागूं जिन बखत ।।७।।

ज्यों ज्यों तुम कृपा करी, मैं त्यों त्यों किए अवगुन ।
तिन पर फेर तुम गुन किए, मैं फेर फेर किए विघन ।।८।।

गुन धनी के गाते गाते, गई सारी आरबल[2] ।
अवगुन अपने भाखते, उमर खोई ना सकी चल ।।९।।

अब हुकम होए धनी सो करूं, मेरा बल ना चले कछू इत ।
सुरखरू[3] तुम करोगे, पुकार कहे महामत ।।१०।।

।।प्रकरण।।१००।।चौपाई।।१४९२।।

राग श्री

साथ जी सुनो सिरदारो, मुझ जैसी ना कोई दुष्ट ।
धाम छोड़ झूठी जिमी लगी, चोर चंडाल चरमिष्ट[4] ।।१।।

प्रेम खोया मैं बानी कर कर, हो गया जीव कोई भिष्ट[5] ।
साथ के चरन धोए पीजिए, ताको दिए मैं कष्ट ।।२।।

मुख बानी केहेलाई बड़ी कर, मांहें ब्रह्म सृष्ट ।
पंथ पैंडे संसार के ज्यों, होए चलाया इष्ट ।।३।।

ले पंडिताई पड़ी प्रवाह में, कर कर ग्यान गोष्ट[6] ।
न्यारा हुआ न नेहेकाम होए के, मैं लिया न निरगुन पुष्ट ।।४।।

अनेक अवगुन किए मैं साथ सों, सो ए प्रकासूं सब ।
छोड़ अहंकार रहूं चरनों तले, तोबा खैंचत हों अब ।।५।।

१. व्यर्थ । २. आयुर्बल । ३. सम्मानित । ४. बाहर दृष्टि । ५. पतित । ६. चर्चा ।

एते दिन धनी धाम छोड़ के, दई साथ को सिखापन ।
अब साथें मोको समझाई, तिन थें हुई चेतन ।।६।।

कृपा करी साथ सिरदारों, मुझ पर हुए मेहेरबान ।
निरगुन होए न्यारी रहूं, छोड़ बड़ाई गुमान ।।७।।

दिन कयामत के आए पोहोंचे, अब कैसी ठकुराई[1] ।
धिक धिक पड़ो तिन बुध को, जो अब चाहे बड़ाई ।।८।।

अब हुकम चढ़ाऊं सिर साथ को, बकसो मेरी भूल ।
भी दीजो सिखापन मुझको, ज्यों होऊं सनकूल ।।९।।

इन जिमी में साथ में, जिनों करी सिरदारी ।
पुकार पुकार पछताए चले, जीत के बाजी हारी ॥१०॥

सो देख के ना हुई चेतन, मूढ़मती अभागी ।
अब लई सिखापन साथ की, महामत कहे पांउं लागी ॥११॥

।।प्रकरण।।१०१।।चौपाई।।१५०३।।

राग श्री

बुजरकी[2] मारे रे साथजी, बुजरकी मारे ।
जिन बुजरकी लई दिल पर, तिनको कोई ना उबारे[3] ।।१।।

आगूं कई मारे बुजरकिएँ, जिन दृढ़ कर लई विश्वास ।
सो देखे मैं अपनी नजरों, निकस चले निरास ।।२।।

कई मारे कई मारत है, ऐसी बुजरकी एह ।
न देत देखाई इन माया में, बिना बुजरकी जेह ।।३।।

जेती बुजरकी बीच दुनी के, सो सब कुफर हथियार ।
कुफरों में कुफर बुजरकी, काम क्रोध अहंकार ।।४।।

इन माया में कोई बुजरकी, छूट खुदा जो लेवे ।
सो तेहेकीक आपे अपना, पाया फल सो भी खोवे ।।५।।

१. सरदारी । २. नाम, बड़ाई । ३. बचावे, निकाले ।

खोवे जोस बंदगी खोवे, और साहेब की दोस्ती ।
बिना इस्क जो बुजरकी, सो सब आग जानो तेती ।।६।।

दुनियां में दोऊ लड़त हैं, एक कुफर दूजा ईमान ।
जीती कुफरें त्रैलोकी, ईमान दिया सबों भान ।।७।।

कुफर की हुई पातसाही, चौदे तबक चौफेर ।
सब दुनियां को बेमुख करके, बैठा बुजरकी ले अंधेर ।।८।।

मोको मार छुड़ाई बंदगी, सो भी बुजरकी इन ।
ऐसी दुस्मन ए बुजरकी, मैं देखी न एते दिन ।।९।।

पूरन मेहेर भई धनी की, दोऊ हादिऐं करी चेतन ।
सो भी बुजरकी देखी दुस्मन, जो भिस्त दई सबन ।।१०।।

जो कोई मारे इन दुस्मन को, करे सब दुनियां को आसान[१] ।
पोहोंचावे सबों चरन धनी के, तो भी लेना ना तिन गुमान ।।११।।

महामत कहे ईमान इस्क की, सुक्र[२] गरीबी[३] सबर[४] ।
इन बिध रूहें दोस्ती धनी की, प्यार कर सके त्यों कर ।।१२।।

।।प्रकरण।।१०२।।चौपाई।।१५१५।।

राग श्री गौड़ी

जो तूं चाहे प्रतिष्ठा[५], धराए वैरागी नाम ।
साध जाने तोको दुनियां, वह तो साधों करी हराम ।।१।।

मार प्रतिष्ठा पैजारों[६], जो आए दगा देत बीच ध्यान ।
एही सरूप दज्जाल को, उड़ाए दे इनें पेहेचान ।।२।।

इस दुनियां के बीच में, कोई भला बुरा केहेवत ।
तूं जिन देखे तिन को, ले अपनी अर्स खिलवत ।।३।।

दिल दलगीरी छोड़ दे, होत तेरा नुकसान ।
जानत है गोविंद भेड़ा[७], याको पीठ दिए आसान ।।४।।

१. एहसान । २. धन्यवाद । ३. नम्रता । ४. संतोष । ५. मान मर्यादा । ६. जूतों । ७. भूतलमंडल, मायावी संसार ।

ए भोम देखे जिन फेर के, एही जान महामत ।
ढील होत तरफ धाम की, जहां तेरी है निसबत ।।५।।

।।प्रकरण।।१०३।।१५२०।।

राग श्री

कयामत आई रे साथजी, कयामत आई ।
वेद कतेब पुकारत आगम, सो क्यों न देखो मेरे भाई ।।१।।

आए स्यामाजीएँ मोहे यों कह्या, ए खेल किया तुम कारन ।
तुम आए खेल देखने, मैं आई तुमें बुलावन ।।२।।

कागद आया वतन का, कासद[1] होए ल्याए फुरमान ।
आया खातिर अपने, देने को ईमान ।।३।।

अग्यारे सै साल का, आए साखें लिखी आगम ।
मांहें अनुभव लिख्या अपना, सो पोहोंचाया खसम ।।४।।

जो साहेब किने न देखिया, ना कछू सुनिया कान ।
सो साहेब काजी होए के, जाहेर करसी कुरान ।।५।।

जेते वचन कुरान में, सो सब स्यामाजी दई साख ।
सो सारे इन लीला के, कहूं केते हजारों लाख ।।६।।

सो कुंजी स्यामाजी दई, हकीकत वतन ।
माएने खुले सब तिन से, जो छिपे हुते बातन ।।७।।

और भी फुरमान में लिख्या, कोई खोल ना सके किताब ।
सोई साहेब खोलसी, जिन पर धनी खिताब ।।८।।

वसीयत नामे आए दरगाह सें, जाहेर करी कयामत ।
ए हकीकत तुम पर लिखी, देखाए दिन सरत ।।९।।

या वेद या कतेब, सब आए तुम खातिर ।
सब साख तुमारी देवहीं, जो देखो नीके कर ।।१०।।

१. संदेशवाहक ।

साख देवे सब दुनियां, वैराट चौदे भवन ।
समझे सारे देखहीं, जिनका दिल हुआ रोसन ॥११॥

ए साखें सब पुकारहीं, निपट निकट कयामत ।
आए गई सिर ऊपर, तुम क्यों न अजूं चेतत ॥१२॥

साथजी साफ हुए बिना, अखंड में क्यों पोहोंचत ।
चेत सको सो चेतियो, पुकार कहें महामत ॥१३॥

॥प्रकरण॥१०४॥चौपाई॥१५३३॥

राग श्री

मैं पूछत हों ब्रह्मसृष्ट को, दिल की दीजो बताए ॥टेक॥

जो कोई ब्रह्म सृष्ट का, सो देखियो दिल विचार ।
कहियो तेहेकीक करके, जिनों जो किया करार ॥१॥

सब कोई बात विचारियो, देख अपनी अपनी अकल ।
सृष्ट तीनों करम करत हैं, एक दूजे सों मिल ॥२॥

सो तीनों अब जुदे होएसी, है हाल तुमारा क्यों कर ।
दिन एते जान्या त्यों किया, अब आए पोहोंची आखिर ॥३॥

पूजे परमेश्वर करके, दिल में राखें दोए ।
तिन कारन पूछत हों, कौन विध याकी होए ॥४॥

कहे परमेश्वर मुख थें, दिल चोरावें जे ।
दगा[1] देवें मांहें दुस्मन, क्या नहीं देखत हो ए ॥५॥

कहावत हैं ब्रह्म सृष्ट में, धनीसों छिपावें बात ।
दिल की करें औरन सों, ए कौन सृष्ट की जात ॥६॥

ए जो दोए दिल राखत हैं, ए तो दुनियां की रीत ।
मांहें मैले बाहेर उजले, ए जीव सृष्ट की प्रीत ॥७॥

१. धोखा देना ।

एकै बात ब्रह्म सृष्ट की, दोए दिल में नाहें ।
सोई करें धनीसों जाहेर, जैसी होए दिल मांहें ।।८।।

मिनों मिनें गुझ करें, निस दिन एही चितवन ।
बुरा चाहें तिनका, जिन देखाया मूल वतन ।।९।।

पीठ चोरावें धनी सों, करें मिनो मिने खोल ।
ए देखो अंदर की जाहेर, देखावें अपना मोल ॥१०॥

करें धनी सों चोरियां, चोरों सों तेहेदिल[1] ।
यों जनम खोवें फितुए[2] मिने, रात दिन हिल मिल ॥११॥

करें लड़ाइयां आपमें, कहें हम हैं धाम के ।
क्यों ना विचारों चितमें, कैसा जुलम है ए ॥१२॥

चरचा सुनें वतन की, जित साथ स्यामाजी स्याम ।
सो फल चरचा को छोड़ के, जाए लेवत हैं हराम ॥१३॥

बाहेर देखावें बंदगी, मांहें करें कुकरम काम ।
महामत पूछे ब्रह्मसृष्ट को, ए बैकुंठ जासी के धाम ॥१४॥

।।प्रकरण।।१०५।।चौपाई।।१५४७।।

राग श्री

ए सुच[3] कैसे होवहीं, तुम देखो याकी विध ।
अनेक आचार कर कर थके, पर हुआ न कोई सुध ।।१।।

निस दिन ग्रहिए प्रेम सो, जुगल सरूप के चरन ।
निरमल होना याही सों, और धाम बरनन ।।२।।

इन विध नरक जो छोड़िए, और उपाय कोई नाहें ।
भजन बिना सब नरक है, पच पच मरिए मांहें ।।३।।

धनी बिना अंग निरमल चाहे, सो देखो चित ल्याए ।
क्यों निरमल अंग होवहीं, जो इन विध रच्यो बनाए ।।४।।

१. दिल मिलाना, मिल जुलकर । २. फिसाद । ३. पवित्र ।

दोऊ मैले जब मिले, बांध गोली मांस रचाए ।
नरक उदर दस मास लों, पूरो कियो पचाए ।।५।।
जठरा अगिन तले करी, ऊपर ऊंधे मुख लटकाए ।
बोल न सके ठौर सकड़ी, काढयो मुरदे ज्यों छुटकाए ।।६।।
हाड़ मांस लोहू रगां, ऊपर चाम मढ़ाए ।
नव द्वार रचे नरक के, निस दिन बहे बलाए ।।७।।
ऊपर बंध बालन के, जलस गुदा अंतर छाल ।
चले नदी मल मूत्र की, कहूं केतो नरक को हाल ।।८।।
पंचामृत पाक बनाए, भोजन भयो रूचाए ।
अंग संग ले निकस्यो, कौन हाल भयो ताए ।।९।।
अंत आहार सूकर[1] कूकर[2] को, या कौआ कीरा खाए ।
या तो अगिन जलाए के, करके खाक उड़ाए ॥१०॥
ए नरक निरमल क्यों होवहीं, जो ऊपर से अंग धोए ।
अंग धोए मन निरमल, कबहूं न हुआ कोए ॥११॥
धिक धिक नीची चातुरी, विचार न अंतस्करन ।
त्रैलोकी इन अंग संग, गई खोए अखंड वतन ॥१२॥
ए सुच[3] क्योंए न होवहीं, जो सौ बेर अन्हाए ।
ए तो पिंड नरकै भर्यो, देखो अन्तर नजर फिराए ॥१३॥
विवेक विचार न पाइए, ऊपर टेढ़ी पाग लटकाए ।
आप देखे मांहें आरसी, सिर आसमान लों ले जाए ॥१४॥
नहीं भरोसो खिन को, बरस मास और दिन ।
ए तो दम पर बांधिया, तो भी भूल जात भजन ॥१५॥
आतम धनी पेहेचानिए, निरमल एही उपाए ।
महामत कहे समझ धनी के, ग्रहिए सो प्रेमें पाए ॥१६॥

।।प्रकरण।।१०६।।चौपाई।।१५६३।।

१. सूअर । २. कुत्ता । ३. पवित्र ।

राग श्री

झूठ सब्द ब्रह्मांड में, कहावत याही में सांच।
ए दोऊ झूठे होत हैं, वास्ते पिंड जो कांच ।।१।।

ए लगे दोऊ सुन्य को, निराकार सामिल।
निरंजन या निरगुन, सो भी रहे इन भिल ।।२।।

एकै साइत पैदा हुए, और फना होसी एक बेर।
ए क्यों पावें अद्वैत को, जो ढूंढे मांहें अन्धेर ।।३।।

ए न्यारे को क्यों पावहीं, पैदास सारी इन।
सत सब्द ब्रह्मांड में आया, पर ए ना छोड़े कोई सुंन ।।४।।

जीव विष्णु महाविष्णु लों, याके कई विध नाम धरत।
अग्यान ग्यान ले विग्यान, यों कई विध खेल खेलत ।।५।।

एक अनेक सब इनमें, इत सांच झूठ विस्तार।
अछर ब्रह्म क्यों पावहीं, भई आड़ी निराकार ।।६।।

अछर अछरातीत कहावहीं, सो भी कहियत इत सब्द।
सब्दातीत क्यों पावहीं, ए जो दुनियां हद ।।७।।

पांच तत्व गुन तीनों ही, ए गोलक चौदे भवन।
निरगुन सुन्य या निरंजन, ज्यों पैदा त्योंही पतन ।।८।।

ए सुपना नींद सुरत का, खेले अछर आतम।
हम भी आए देखने, खसम के हुकम ।।९।।

ब्रह्मसृष्ट के कारने, खेल जो रचिया ए।
खेल देखाए सत वतन, महामत आए ले ॥१०॥

।।प्रकरण।।१०७।।चौपाई।।१५७३।।

राग श्री

फुरमान मेरे मेहेबूब का, ले आया अर्स से रसूल ।
भेज्या अपनी अरवाहों पर, साहेब होए सनकूल[1] ।।१।।

सोई खोले अपनी इसारते, जो अर्स की अरवाहें ।
एही परीछा जाहेर, और काहूं न खोल्या जाए ।।२।।

बरकत इन रूहन की, भिस्त देसी सबन ।
ले दे हिसाब फजर को, ले चलसी रूहें वतन ।।३।।

मुझे भेज्या कासिद[2] कर, मैं ल्याया फुरमान ।
एही जानो तुम तेहेकीक, दिलसों आकीन आन ।।४।।

मैं देत हों खुसखबरी, जो रबानी[3] अरवाहें ।
वे उतरे अर्स अजीम से, जो हैं हमेसगी इफ्तदाए[4] ।।५।।

रसूल कहे मैं आखिरी, मेरे पीछे न आवे कोए ।
कह्या रूह अल्ला की आवसी, और मेंहेंदी इमाम सोए ।।६।।

रूह अल्ला दो जामे पेहेरसी, दूसरे ऊपर मुद्दार ।
सोई इमाम मेंहेंदी, याकी बुजरकी बेसुमार ।।७।।

मैं आया हों अव्वल, आखिर आवेगा खुदाए ।
काजी होए के बैठसी, करसी सबों कजाए[5] ।।८।।

साल नव सै नब्बे मास नव, हुए रसूल को जब ।
रूह अल्ला मिसल गाजियों[6], मोमिन उतरे तब ।।९।।

गिरो बनी असराईल, सो मिसल गाजियों जान ।
होए कबूल बंदगी उनसे, इन विध कहे फुरमान ॥१०॥

एक निमाज की हजार, एही करसी कबूल ।
कई कही महंमद आखिर सिफत, सो भी इन बीच होसी रसूल ॥११॥

१. प्रसन्न । २. संदेशा लानेवाला । ३. ब्रह्म की । ४. मूल से । ५. न्याय । ६. धर्म योद्धा (ब्रह्म सृष्ट)

एही गिरो रबानी, रूहें बीच दरगाह ।
कई हजारों सिफतें इन की, मांहें बुजरक रूहअल्लाह ॥१२॥

जाहेर महंमद पुकारहीं, फुरमान ल्याया मैं ।
कई हजारों बातें करी, साहेब की सूरत सें ॥१३॥

कई रद बदलें करी साहेब सों, अपनी उमत के वास्ते ।
या विध कलाम कई लिखें, सो पढ़े न मानें ए ॥१४॥

यों लिख्या है कई विध, पर समझे ना बेसहूर ।
दुनी पढ़ पढ़ अपनी अकलें, कई करें मजकूर ॥१५॥

बिना आकीने पढ़हीं, अपनी अकलें करें बयान ।
सो सुनाए सुनाए दुनी को, कई किए बेईमान ॥१६॥

एक अचरज ए देख्या बड़ा, कहे बेचून बेचगून ।
कुरान देखें पढ़ें यों कहें, बेसबी बेनिमून ॥१७॥

फुरमान जाहेर सूरत देखावहीं, सो माएने न ले दिल अंध ।
पढ़ें अपनी अकलें, पाड़ी दुनियां दोजख फंद ॥१८॥

सिपारे सयकूल में, यों लिख्या जाहेर कर ।
देखाऊं माएने मुसाफ, चीन्हो दिल की खोल नजर ॥१९॥

ए जानें हरम[1] के मेहेरम[2], जिनों तेहेकीक करी सूरत ।
मुख ना फेरें सूरत सों, सोई बंदगी हकीकत ॥२०॥

एक खूबी चाहें साहेब की, और न कछुए चाहें ।
उनकी एही बंदगी, जो सांचे आरिफ[3] अरवाहें ॥२१॥

जिनों अर्थ लिया अंदर का, माएने पेहेचाने तिन ।
खासों की एही बंदगी, जाने दिल रूह वतन ॥२२॥

आसिक अर्स अजीम की, चाहे मिलना हमेसगी ।
चाहे साहेब और उमत, उनकी एही बंदगी ॥२३॥

१. अन्तः पुर (मूल मिलावा) । २. रहस्य का जानकार । ३. ज्ञानी ।

एही रूहों की बंदगी, जो कही खास उमत ।
एही अहेल[1] किताब हैं, लिख्या दूसरे सिपारे जित ॥२४॥

और देखो दुनी की बंदगी, ए भी सयकूल में लिखे ।
सो भी देखाऊं बेवरा, जो कर बैठे किबले[2] ॥२५॥

पातसाहों एही जानिया, मोती जवेर सिर ताज ।
इनका एही किबला, चाहें ज्यादा अपना राज ॥२६॥

सोना रूपा दुनी का, अरथ[3] चाहें भरे भंडार ।
इनका एही किबला, कई विध करें विस्तार ॥२७॥

जिनकी बद-खसलतें[4], अपना भला मन ल्याए ।
इनका एही किबला, औरों का भला न चाहें ॥२८॥

जो जाहेर परस्त[5] हैं, चाहें मिट्टी पानी पत्थर ।
इनका एही किबला, जिनकी बाहेर पड़ी नजर ॥२९॥

मिट्टी पत्थर बनाए के, कहें खुदाए का घर ।
मेहेराव को किबला किया, करें निमाज तिन पर ॥३०॥

जो यार हैं अपने तन के, भला खावें सोवें पलंग ।
तिनका एही किबला, और न चाहें रंग ॥३१॥

आगूं अपनी दानाई[6] के, और न काहूं देखत ।
इनका एही किबला, अपनी तरफ खैंचत ॥३२॥

जिन जैसा किबला सेविया[7], आगूं आया तैसा तिन ।
दुनी कारन खोवे दीन को, तो आखिर कही जलन ॥३३॥

इन विध फुरमान फुरमावहीं, जाहेर देत बताए ।
अन्दर बैठा जो दुस्मन, सो देत माएने उलटाए ॥३४॥

आरिफ कहावें आपको, होए बुजरक मांहें दीन ।
कह्या हादी का रद करें, यों खोवत हैं आकीन ॥३५॥

१. वारिस । २. पूज्य स्थान । ३. धन सम्पत्ति । ४. बुरी आदत । ५. पूजने वाला । ६. चतुराई । ७. स्वीकार करना (सेवन करना) ।

जब जाहेर माएने लीजिए, तब खड़े होत हैं घर ।
अन्दर माएने सब उड़त हैं, सो पढ़े लेवें क्योंकर ॥३६॥

पढ़े सो भी पेट कारने, और पालने कबीले ।
दुनियां को देखावहीं, आगूं चल के ए ॥३७॥

जब लीजे अन्दर के माएने, तब ना कछू साहेब बिन ।
साहेब बिना सब दोजख, चौदे तबक अगिन ॥३८॥

दीन इसलाम से जात हैं, कारन सुख सुपन ।
बुजरक आगे होए के, राह मारें औरन ॥३९॥

कही गरीबी बुजरक, पढ़ कर सो ना ले ।
कई बंध फंद कर मारहीं, लई मुल्लां गरीबी ए ॥४०॥

कोई सीधा सब्द जो केहेवहीं, तो तोरा[1] देखावें ताए ।
जो गरीब सामें बोलहीं, तो तिनको सूली चढ़ाए ॥४१॥

कहे मुखथें हम मोमिन, और हमहीं पढ़े सरे-दीन[2] ।
हमहीं अहेल किताब हैं, हमहीं में आकीन ॥४२॥

यों हम हम करते कई गए, अजूं योंहीं जाए रात दिन ।
यों करते आखिर आए गई, बांधी तोबा लगी अगिन ॥४३॥

किया टोना लड़की महंमद पर, दई गांठ अग्यारे तिन ।
सो हर सदी गांठें खुलीं, तब महंमद ले चले मोमिन ॥४४॥

ए आयत देख्या चाहे, ताए देखाऊं बेसक ।
इनमें जो सक ल्यावहीं, सो जलसी आग दोजक ॥४५॥

जब तमाम सदी अग्यारहीं, ए महंमद उमत आकीन ।
जबराईल मुसाफ ले आए, और बरकत दुनियां दीन ॥४६॥

ए तीनों उठाए दुनी से, जबराईल ले आया अपने मकान ।
खड़ा किया झंडा दीन का, ल्याए लाखों खलक ईमान ॥४७॥

१. हकूमत, डर । २. शरीयत धर्म के नियम ।

वसीयत नामे साहेदी, आए लिखे बड़ी दरगाह ।
सो मिलाए दिए कुरान से, महामत हुकम खुदाए ॥४८॥

॥प्रकरण॥१०८॥चौपाई॥१६२१॥

राग श्री

मासूक मेरे रूह चाहे सिफत करूं, सो मैं जाए ना कही ।
जब देख्या बेवरा कर, तब तामें उरझ रही ॥१॥

सब थें बड़ी मुझे करी, ऐसी और न दूजी कोए ।
जो मेहेर करी मुझ ऊपर, सो सिफत जुबां क्यों होए ॥२॥

किन विध मैं तुमको कहूं, क्यों कर दिल धरूं ।
ले एहेसान तुमारे दिल में, मैं गुजरान[1] क्यों करूं ॥३॥

मैं चलते देखे मजहब, और सबके परमेश्वर ।
सो सारे बीच फना मिने, नूर बका न काहू नजर ॥४॥

फना छोड़ इन परमेश्वरों, नूर बका न पाया किन ।
तिन पर नूर बिलंद, सो किया तुम मेरा वतन ॥५॥

खेल किया मेरे कारने, दुनियां चौदे तबक ।
मेरे हाथ तिनकी हैयाती[2], भिस्त पाई मुतलक[3] ॥६॥

खेल कर मोहे बैठाई मांहें, मुझ पर भेज्या फुरमान ।
मांहें लिखी हकीकत मारफत, मुझ बिना न काहूं पेहेचान ॥७॥

कुंजी दई मुझ को, और मेरै सिर खिताब ।
सास्त्र चौदे तबक के, सब मैं ही खोलों किताब ॥८॥

राह देखाऊं सबन को, ऐसो बल दियो खसम ।
सब को फना से बचाए के, लगाए तुमारे कदम ॥९॥

खेल बनाया मेरे वास्ते, मोहे भेज के आए आप ।
पट खोल इलम समझाइया, मोसों नीके कियो मिलाप ॥१०॥

१. निर्वाह । २. कायमी । ३. बेसक ।

बका न चौदे तबक में, न पाया त्रैलोकी त्रैगुन ।
सेहेरग से नजीक देखाइया, ऐसा इत इलमें किया रोसन ॥११॥

ऐसा बेसक चौदे तबक में, कोई न हुआ कबूं कित ।
इन नुकते सब बेसक हुए, ऐसी बेसकी आई इत ॥१२॥

ए भी बड़ाई मुझ को दई, जो सबों देख्या नूर पार ।
सबों सेहेरग से नजीक, कुंजिएँ देखाया निरधार ॥१३॥

ए दिल की बातें कासों कहूं, रूह की जानो सब ।
बोलन की कछू ना रही, जो कहो सो करूं मैं अब ॥१४॥

मोहे करी सबों ऊपर, ऐसी ना करी दूजी कोए ।
अजूं रूह मांग्या चाहे, ए तुम कैसी बनाई सोए ॥१५॥

बैठाई आप जैसी कर, सो खोल देखाई नजर ।
अजूं मांगत मेरे धनी, और ऐसे तुम कादर[१] ॥१६॥

जो तुम बड़े करे खेल में, ताकी दुनी करे सिफत ।
सो बड़े गिरो के पांउं की, खाक भी न पावत ॥१७॥

तिन गिरो में सिरदारी, तें मुझे दई मेरे खसम ।
ऐसी बड़ी करी मोहे खेल में, अब इत उरझ रह्या मेरा दम ॥१८॥

दुनी सिफत पोहोंचे मलकूत लो, सो फरिस्ते खाक भी पावत नाहें ।
तिन गिरो में बुजरक, मोहे ऐसी करी खेल माहें ॥१९॥

मैं भटकी बीच दुनी के, घर घर मांगी भीख ।
लौकिक[२] दई मोहे साहेबी, अंतर में अपनी सरीख ॥२०॥

नर नारी बूढ़ा बालक, जिन इलम लिया मेरा बूझ ।
तिन साहेब कर पूजिया, अर्स का एही गुझ ॥२१॥

जब हकें मोहे इलम दिया, तब मोसों कही निसबत ।
सो निसबत बका हक की, ताकी होए ना इत सिफत ॥२२॥

१. समर्थ । २. लोकदृष्टि ।

जिन बंदगी मेरी करी, लिया निसबत हिस्सा तिन ।
पांउं खाक मांगी बुजरकों, ए सोई फकीर मोमिन ॥२३॥

ए बुध ना चौदे तबक में, सो अपनी दई अकल ।
समझी सब मैं अर्स की, जो सिफत तेरी असल ॥२४॥

मैं बातून[1] तुमारी समझी, तुम अपना दिया इलम ।
अब इत केहेना कछू ना रह्या, होसी अर्स में आगूं खसम ॥२५॥

ऐसी बड़ाई केती कहूं, जो करी अलेखे अपार ।
सो नेक कही मैं गिरो समझने, समझेगी रूह सिरदार ॥२६॥

महामत कहे मेहेबूब जी, मोहे खेल देखाया बुजरक ।
करो मीठी बातें मुझसों, मेरे मीठे खसम हक ॥२७॥

॥प्रकरण॥१०९॥चौपाई॥१६४८॥

राग श्री

कारी कामरी रे, मोको प्यारी लागी तूं ।
सब सिनगार को सोभा देवै, मेरा दिल बांध्या तुझसों ॥१॥

तूं नाम निरगुन[2] कहावहीं, सब सरगुन के सिरे[3] ।
सब नंग मोती तेरे तले, कोई नाहीं तुझ परे ॥२॥

कामरी पेहेरी बृजवधू, और सुन्दरवर स्याम ।
भी पेहेरी महंमद ने, और पेहेरी इमाम ॥३॥

मोल नहीं इन कामरी को, याको ले न सके कोए ।
मोमिन कहे सो लेवहीं, जो रूह अर्स की होए ॥४॥

गोवरधन को ढांपिया, एक बूंद न हुआ दखल ।
आग लोहा पानी प्रले के, सोस लिया सब जल ॥५॥

अहीर किए धंन धंन, और आरब कुर्रेस ।
मारू[4] भी धंन धंन हुए, है सोई हमारा भेस ॥६॥

१. गुझ भेद । २. गुण रहित । ३. गुणा तीत । ४. मारवाड़ ।

रूह अल्ला पेहेरी अंदर, हुई नहीं जाहेर ।
दुनियां हिरदे अंधली, सो देखे नजर बाहेर ।।७।।

पट[१] पेहेर खाए चीकना[२], हेंम जवेर सिनगार ।
हक लज्जत आई मोमिनों, तिन दुनी करी मुरदार ।।८।।

सोहाग दिया साहेब ने, कामरी सोहागिन ।
आगूं बोले बुजरक, सराही[३] साधू जन ।।९।।

हमारे ताले[४] मिने, लिखे अल्ला कलाम ।
महामत कहे सब दुनी को, प्यारी होसी तमाम ।।१०।।

।।प्रकरण।११०।।चौपाई।।१६५८।।

राग श्री

फरेबी[५] लिए जाए, मेरी रूह तूं आँखें खोल ।
बीच बका के बैठके, तें किनसों किया कौल ।।१।।

अर्स की खिलवतमें, हककी वाहेदत[६] ।
बैठ के बातें जो करी, सो कहां गई मारफत ।।२।।

हकें कह्या रूहन को, जिन तुम जाओ भूल ।
इस्क ईमान ल्याइयो, मैं भेजोंगा रसूल ।।३।।

उतरते अरवाहों सों, कह्या अलस्तो-बे-रब-कुंम ।
मैं लिखूंगा रमूजें, सो जिन भूलो तुम ।।४।।

साहेद किए हैं सब को, जेती अर्स अरवाहें ।
आप भी हुए साहेद, अपनी आप जुबांए ।।५।।

मैं भेजी रूह अपनी, सब दिल की बातें ले ।
तुमें अजूं याद न आवही, हाए हाए कैसी फरेबी ए ।।६।।

सब बातें मेरे दिल की, और सब रूहों के दिल ।
सो सब भेजी तुम को, जो करियां आपन मिल ।।७।।

१. सुन्दर वस्त्र । २. स्वादिष्ट भोजन । ३. प्रशंसा । ४. भाग्य । ५. कपट । ६. एकता ।

फुरमान ल्याए महंमद, किन खोली न इसारत ।
तब रूहें आई न थी, तो पीछे फेर करी सरत ।।८।।

कहे महंमद मसी आवसी, ले कुंजी लाहूत से ।
एक दीन सब करसी, सब कायम होसी कुंजिएँ ।।९।।

बका ऊपर बंदगी, करावसी इमाम ।
हक गिरो हम आए के, करें कजा तमाम ॥१०॥

आगूं आए जाहेर किया, आवने को ईमान ।
खासी गिरो के वास्ते, कई कहे निसान ॥११॥

ए बातें सब अर्स की, जब याद आवे तुम ।
तब इस्क तुमें आवसी, उड़जासी तिलसम[1] ॥१२॥

कौन है तेरा मासूक, किनसों है निसबत ।
देख अपना वतन, अब तूं आई कित ॥१३॥

हकें रूहों को दई, अपनी जो न्यामत[2] ।
इन नासूतें भुलाए दई, हक की हकीकत ॥१४॥

मूल मिलावा खिलवत का, अजूं न आवे याद ।
ए झूठी जिमी जो दोजख, इत कहा लग्यो तोहे स्वाद ॥१५॥

मासूकें इत आए के, कैसा दिया इलम ।
सक तोहे कोई ना रही, अजूं याद न आवे खसम ॥१६॥

महामत कहें ए मोमिनों, ऐसी क्यों चाहिए रूहन ।
ए मेहेर देखो मेहेबूब की, अर्स जिनों वतन ॥१७॥

।।प्रकरण।।१११।।चौपाई।।१६७५।।

राग सिंधुड़ा

सरूप सुन्दर सनकूल सकोमल, रूह देख नैना खोल नूर जमाल ।
फेर फेर मेहेबूब आवत हिरदे, किया किनने तेरा कौल फैल ए हाल ।।१।।

१. माया जाल । २. बखशिश (अनमोल प्रेम उपहार) ।

जामा जड़ाव जुड़या अंग जुगतें, चार हारों करी अंबर झलकार ।
जगमगे पाग ए जोत जवेर ज्यों, मीठे मुख नैनों पर जाऊं बलिहार ।।२।।
लाल अधुर हँसत मुख हरवटी, नासिका तिलक निलवट भौंहें केस ।
श्रवन भूखन मुख दंत मीठी रसना, ए देख दरसन आवे जोस आवेस ।।३।।
बांहें चूड़ी बाजू बंध सोहे फुमक, पोहोंची कांड़ों कड़ी हस्त कमल मुंदरी ।
नख का नूर चीर चढ़या आसमान में, ज्यों हक चलवन करें सब अंगुरी ।।४।।
रोसनी पटुके करी अवकास में, चरन भूखन जामें इजार झांई ।
कहें महामती मोमिन रूह दिल को, मासूक खैंचें तोहे अर्स मांहीं ।।५।।

।।प्रकरण।।११२।।चौपाई।।१६८०।।

चतुर चौकस चेतन अति चोपसों, कूवत कर सब अंग कमर कसे ।
सुंदर सेज्या सनकूल तन रूह रची, मासूक दिल मोमिन मोहोल मांहें बसे ।।१।।
मन तन जोबन चढ़ता नौतन, आया अमरद आसिक इस्क गंज ले ।
अधुर अमृत मुख दंत रसना रस, नित नए सुंदर सब देखे चढ़ते ।।२।।
निलवट बंके नैन नासिका श्रवन, कौल फैल हाल नित नवले देखाए ।
रूह भी रंग रस चंचल चपल गत, मोहन मोही मोहनी मह हो जाए ।।३।।
भाखती[1] महामती अर्स रूहें उमती, पूरन कर प्रीत प्रेमें पोहोंचाई ।
अर्स वाहेदत खिलवत खसम की, हुज्जत निसबत लिए इत आई ।।४।।

।।प्रकरण।।११३।।चौपाई।।१६८४।।

नूर को रूप सरूप अनूप है, नूर नैना निलवट नासिका नूर ।
नूर श्रवन गाल लाल नूर झलकत, नूर मुख हरवटी नूर अधूर ।।१।।
नूर मुख चौक मांडनी अति नूर में, नूर वस्तर नूर भूखन जहूर ।
नूर जोवन रोसन नूर नौतन, नूर सब अंगो उद्दोत नूर पूर ।।२।।
नूर चरन कमल नूर हस्तक, नूर सोभा सबे नूर सिनगार ।
नूर सिर पाग नूर कलंगी दुगदुगी, नूर हिये हार नूर गंज अंबार ।।३।।

१. केहेती ।

नूर हक सहूर मजकूर नूर महामत, नूर ऊग्या बका नूर का सूर ।
सब नूर रूहें नूर हादी नूर में, नूर नूर में खैंच लई हकें हजूर ।।४।।
।।प्रकरण।।११४।।चौपाई।।१६८८।।

हुब[1] मेहेबूब की आसिक प्यास ले, चाहे साफ सराब सुराई सका[2] ।
पीवते पीवते पिउ के प्याले सों, हुई हाल में लाल पी मस्त बका ।।१।।
दिल परस सरस भयो अर्स इलाही[3], दोऊ चुभ रहे दिल सों दिल मिल ।
न्यारी ना होए प्यारी आप मारी, चल विचल ना होए वाहेदत असल ।।२।।
लगी सो लगी आतम अंदर लगी, यों अंतर आतम जगी जुदी न होए ।
सरभर भई पर आतम यों कर, यों तेहे दिली मिली छोड़ सके न कोए ।।३।।
महामत दम कदम न छूटे इन खसम के, हुआ मोहोल मासूक का मेरे दिल मांहीं ।
एक अव्वल बीच आई सो एक हुई, आखिर एक का एक मोहोल बीच और नाहीं ।।४।।
।।प्रकरण।।११५।।चौपाई।।१६९२।।

नूर नगन चेतन भूखन रचे, अंग संग देखे सब चढ़ते रोसन ।
यो खैंच खड़ी करी इलम खसम के, लई जोस फरामोस[4] से होस वतन ।।१।।
सब अंग आसिक के इस्क सों रस बसे, बढ़त बढ़त बीच आए बका ।
यों आई उमत इस्क भरी अर्स में, पीवे साफ सुराई सांई हाथ सका ।।२।।
हकें अब लिए फेर अंधेर से इन बेर, रूहें मोमिन पोहोंचियां अर्स मांहें तन ।
बृज रास जागनी तीनों सुख देय के, मोमिन तन किए धंन धंन ।।३।।
भनत महामती हक दिल मारफत की, पोहोंचाई इन न्यामतें उमत खिलवत ।
क्यों कहूं सिफत बरकत वाहेदत की, लज्जत आई इमामत कयामत ।।४।।
।।प्रकरण।।११६।।चौपाई।।१६९६।।

मिली मासूक के मोहोल में माननी, आसिक अंग न मांहें अंग ।
जानूं जामनी बीच जुदी हुती हक जात सें, पेहेचान हुई प्रात हुए पिउ संग ।।१।।
मन सुकन तन भए सब एकै, एकै जात सिफात सब बात ।
एक अंग संग रंग सब एकै, सब एक मता अर्स बका बिसात ।।२।।

१. प्रियप्रियतम (प्रेम-प्यार) । २. पिलानेवाला । ३. प्रियतम परमात्मा । ४. बेसुध ।

नाहीं जुदा कांही जांही अर्स मांहीं, मिले रूह भेले दिल एक हुए ।
तो कलूब[1] किबला[2] भया मकबूल[3] अल्लाह कह्या, अव्वल आखिर मिले एक हुए न जुए ।।३।।
हक अरस परस सरस सब एक रस, वाहेदत खिलवत निसबत न्यामत ।
महामत अलमस्त होए आवें उमत लिए, पीवत आवत हक हाथ सरबत ।।४।।

।।प्रकरण।।११७।।चौपाई।।१७००।।

राग श्री

मोमिन लिखे मोमिन को, कहो तो आवें इत ।
ए अचरज देखो मोमिनों, कैसा समया हुआ सखत ।।१।।
दम दिल तन एकै, बिछुर के भूली वतन ।
जानू के सोहोबत कबूं न हुती, तो यों कहावें सुकन ।।२।।
मोमिन रखे मोमिन सों, जो तन मन अपना माल ।
सो अरवा नहीं अर्स की, ना तिन सिर नूर जमाल ।।३।।
मता मोमिन का काफर, ले न सके क्योंए कर ।
दिल मोमिन का अर्स कह्या, दिल काफर अबलीस घर ।।४।।
जब मेला होसी मोमिनों, तब देखसी सब कोए ।
और न कोई कर सके, जो मोमिनों से होए ।।५।।
जब लग भूली वतन, तब लग नाहीं दोस ।
जब जागी हक इलमें, तब भूली सिर अफसोस ।।६।।
हकें जगाए मोमिन, अपनी जान निसबत ।
अर्स किया दिल मोमिन, बैठाए बीच खिलवत ।।७।।
जाकी तरफ न पाई किनहूं, इन मांहें चौदे तबक ।
ताको ले बैठे दिल में, किया ऐसा अपने हक ।।८।।
और दुनी के दिल पर, किया अबलीस पातसाह ।
सो गुम हुए बीच रात के, क्यों ए न पावें राह ।।९।।

१. दिल, हृदय । २. पूज्य स्थान (मन्दिर) । ३. स्वीकार करना ।

ऐसा हकें जाहेर किया, ऊपर रूहों मेहेर मुतलक ।
कई बिध बताई रसूलें, पर क्या करे हवाई खलक ॥१०॥

मोमिन सुकन सुन जागसी, जाको अर्स वतन ।
जब नूर झण्डा खड़ा हुआ, पीछे रहें न रूहें अर्स तन ॥११॥

एह किताबत पढ़ के, रूहें रेहे न सकें एक खिन ।
झूठी सों लग न रहे, जो रूह होए मोमिन ॥१२॥

सखत बखत ऐसा हुआ, ईमान छोड़्या सबन ।
तब अरवाहें करें कुरबानियां, मह[1] होवें मोमिन ॥१३॥

जीव देते न सकुचें, मोमिन राह हक पर ।
दुनियां जीव ना दे सके, अर्स रूहों बिगर ॥१४॥

अर्स तन रूह मोमिन, लोभ न झूठा ताए ।
मोमिन जुदागी न सहें, ज्यों दूध मिसरी मिल जाए ॥१५॥

लिखी फकीरी ताले मिने, अपने हादी के ।
कदम पर कदम धरें, मोमिन कहिए ए ॥१६॥

एक हक बिना कछू न रखें, दुनी करी मुरदार[2] ।
अर्स किया दिल मोमिन, पोहोंचे नूर के पार ॥१७॥

महामत कहें ए मोमिनों, ए है अपनी गत ।
झूठ वास्ते जुदे ना पडें, मोमिन अर्स वाहेदत ॥१८॥

इन महंमद के दीन में, जो ल्यावेगा ईमान ।
छत्रसाल तिन ऊपर, तन मन धन कुरबान ॥१९॥

॥प्रकरण॥११८॥चौपाई॥१७१९॥

राग श्री परज

वारी रे वारी मेरे प्यारे, वारी रे वारी ।
टूक टूक कर डारों या तन, ऊपर कुंज बिहारी ॥१॥

१. तल्लीन । २. अपवित्र, मृतक समान ।

सुन्दर सरूप स्याम स्यामा जी को, फेर फेर जाऊं बलिहारी ।
इन दोऊ सरूपों दया करी, मुझ पर नजर तुमारी ।।२।।
इन जेहेर जिमी से कोई ना निकस्या, अमल चढ़यो अति भारी ।
मुझ देखते सैयल मेरी, कैयों जीत के बाजी हारी ।।३।।
कारी कुमत कूब[1] कुचल, ऐसी कठिन कठोर हूं नारी ।
आतम मेरी निरमल करके, सेहेजें पार उतारी ।।४।।
सुन्दर सरूप सुभग[2] अति उत्तम, मुझ पर कृपा तुमारी ।
कोट बेर ललिता कुरबानी, मेरे धनी जी कायम सुखकारी ।।५।।

।।प्रकरण।।११९।।चौपाई।।१७२४।।

राग मारू

साथजी ऐसी मैं तुमारी गुन्हेगार।। टेक।।

कर कर बानी सुनाई तुम को, किए खलक खुआर[3] ।
अनेक पख देखाए तुम को, छोड़ाए के प्रवार[4] ।।१।।
कुटम कबीले मांहें अपने, बैठे हते करार ।
साख दे दे भाने सोई, दिए दुख अपार ।।२।।
अनेक अवगुन मैं किए तुमसों, जिनको नाहीं सुमार ।
घर घर के किए मैं तुमको, छुड़ाए फिराए राज द्वार ।।३।।
जुदे पहाड़ों रूलाए रलझलाए[5], दे दे सब्दों का मार ।
कर उपराजन[6] खाते अपनी, होए घर में सिरदार ।।४।।
सुख सीतल सों अपने घर में, कई भांतों करते प्यार ।
सो सारे कर दिए दुस्मन, जासों निस दिन करते विहार ।।५।।
बाल गोपाल मांहें खूबी खुसाली, करते मिल नर नार ।
सो जेहेर समान कर दिए तुमको, छुड़ाए मीठो रोजगार ।।६।।

१. कूबड़ी । २. भाग्यवान । ३. बेइज्जत, खराब । ४. गोत्र । ५. भटकाया । ६. कमाई करके ।

विध विध जीत करत माया में, सो ए देवाई सब डार ।
कई दृष्टांत दे दे काढ़े, कर न सके विचार ।।७।।
मीठी माया वल्लभ जीव की, सो छुड़ायो कुटम परिवार ।
बड़े घराने सब कोई जाने, उठावते तिनका भार ।।८।।
ऐसे सुख कहूं मैं केते, घर बड़े बड़ो विस्तार ।
सो सारे अगिन होए लागे, जब मैं कहे सब्द दोए चार ।।९।।
ले बड़ाई बैठे थे अपनी, सो छुड़ाए दिए हथियार ।
ठीक काहूं न लगने देऊं, जाको कछुक अंकूर सुध सार ।।१०।।
यों कई छल मूल कहूं मैं केते, मेरे टोने[1] ही को आकार ।
ए माया अमल उतारे महामत, ताको रंचक न रहे खुमार ।।११।।

।।प्रकरण।।१२०।।चौपाई।।१७३५।।

सिफत तो सारी सब्द में, चौदे तबक के मांहें ।
कलाम अल्ला न्यारा सबन से, सो क्यों कहूं सिफत जुबांए ।।१।।
तामें सिफत सोफी[2] महंमद की, याकी गरीब गिरो की सिफत ।
सो करसी कायम त्रैलोक को, एही खावंद आखिरत[3] ।।२।।
सो वचन लिखे हैं इसारतों, पाइए खुले हकीकत ।
उपले माएने न पाइए, जो अनेक दौड़ाओ मत ।।३।।
गोस कुतब पैगंमर, ओलिए अंबिए कई नाम ।
ताए कई बिध दई बुजरकियां, साहेब के समान ।।४।।
सो सिफत सब महंमद की, सो महंमद कह्या जो स्याम ।
अव्वल आखिर दोऊ दीन में, एही बुजरक महंमद नाम ।।५।।
याही बिध गिरोह की, नाम लिखे अनेक ।
जुदे जुदे नामों पर सिफत, पर गिरो एक की एक ।।६।।

१. जादू । २. परमात्मा के मित्र । ३. अन्तिम समय ।

तिनकी भी है तफसीर[1], सुनियो गिरो मोमिन ।
मारफत दरवाजा खोलिया, दिल दीजो नजर वतन ।।७।।

गिरो एक बुजरक कही, रूह अल्ला आए तिन पर ।
इत जादे पैगंमर दो भए, एक नसली और नजर ।।८।।

तिनसे राह जुदी हुई, गिरो दोए हुई झगर ।
एक उरझे दीन जहूद[2] के, उतरी किताबें दूजे पर ।।९।।

सो भाई न माने किताब को, रोसनाई ढांपे फेर फेर ।
तब आया दूजे पर महंमद, सब किताबें ले कर ॥१०॥

एही फिरका नाजी कह्या, दे साहेदी फुरमान ।
एक नाजी नारी बहत्तर, एही नाजी की पेहेचान ॥११॥

एही गिरो खासी कही, जिनमें महंमद पैगंमर ।
हकीकत मारफत खोल के, जाहेर करी आखिर ॥१२॥

जब खुली हकीकत मारफत, तब मजहब हुए सब एक ।
तब सबके दिल धोखा मिट्या, हुए रोसन पाए विवेक ॥१३॥

एती बातें कुरान में, बिध बिध करी रोसन ।
कई नाम धर दई बुजरकियां, सो बल महंमद और मोमिन ॥१४॥

